

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




रांची 02 फरवरी, 2025 , रविवार, वर्ष 10, अंक 105, माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


# केंद्रीय बजट: अबकी बार मिडिल क्लास

## ■ 12.75 लाख तक की आय पर अब कोई टैक्स नहीं ■ किसानों, बुजुर्गों और छोटे व्यवसायियों को बड़ी राहत



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार ने शनिवार को संसद में आम बजट पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। साथ ही किसानों, बुजुर्गों और छोटे व्यवसायियों को बड़ी राहत देने की कोशिश की है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत वेतनभोगी वर्ग को 12.75 लाख रुपये और गैर-नौकरीपेशा को 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर टैक्स से छूट दी गयी है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लोन सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ा कर पांच लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को लाभ मिलेगा। हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए उड़ान योजना में 120 नये शहर जोड़े जायेंगे, जिससे पूर्वोत्तर क्षेत्रों के साथ देशभर में संपर्क मजबूत होगा।

**किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा पांच लाख :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के मकसद से छह नयी योजनाओं की घोषणा की। सब्सिडी वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से लोन प्राप्त करने की सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ा कर पांच लाख रुपये कर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड से 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को कम समय में लोन की सुविधा मिलेगी।

## किराये पर टीडीएस की सीमा 6 लाख

बजट 2025 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किराये पर लागू टीडीएस की सीमा को बढ़ा कर 6 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दिया है। पहले यह सीमा 2.4 रुपये लाख थी, जिसके ऊपर किराये पर टीडीएस काटा जाता था। नयी सीमा से अब 6 लाख रुपये तक के वार्षिक किराये पर टीडीएस नहीं काटा जायेगा। यह बदलाव छोटे व्यवसायियों और व्यक्तिगत करदाताओं के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इससे टीडीएस कटौती और फाइलिंग की प्रक्रिया आसान होगी। साथ ही, मकान मालिकों को अब 6 लाख रुपये तक का किराया बिना टीडीएस कटौती के प्राप्त होगा।

## बुजुर्गों को टीडीएस के मोर्चे पर राहत

आम बजट 2025-26 में इनकम के सोर्स पर टैक्स डिडक्शन (टीडीएस) की दरों में कटौती के लिए न्यूनतम आय की सीमा को बढ़ाया है। बुजुर्गों को ब्याज से होने वाली आय पर टीडीएस कटौती की सीमा 50 हजार रुपये सालाना से बढ़ा कर एक लाख रुपये की गयी। विदेश में पैसा भेजने की रिजर्व बैंक की उदार योजना (एलआरएस) के तहत टीसीएस छह लाख रुपये की जगह 10 लाख रुपये के ऊपर की रकम पर लागू होगा।

## मध्यम वर्ग को इनकम टैक्स में छूट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में मध्यम वर्ग खासकर वेतनभोगी वर्ग को बड़ी राहत दी है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत गैर-नौकरीपेशा को 12 लाख रुपये तक और वेतनभोगी वर्ग को 12.75 लाख रुपये तक की सालाना आय पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। हालांकि, जिनका वेतन या सालाना आय इससे अधिक है, उन्हें स्लैब के मुताबिक टैक्स देना होगा। यहां गौर करने वाली बात है कि पूंजीगत लाभ, लॉटरी या ऐसे अन्य उपक्रम इस छूट से बाहर हैं। देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जायेगा।

## उड़ान योजना से 120 नये शहर जुड़ेंगे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में उड़ान योजना के तहत 120 नये मार्गों पर फ्लाइट परिचालन शुरू करने की घोषणा की। बजट के अनुसार, उड़ान योजना के लिए आवंटन हवाई अड्डों को अपग्रेड किया जायेगा। पूर्वोत्तर से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसमें कहा गया है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक नयी योजना भी तैयार की गयी है। नये मार्गों के शुरू होने से करीब 4 करोड़ नये यात्रियों को एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध करायी जा सकेगी।

## सस्ते होंगे स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स और एलइडी-एलसीडी टीवी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि हम दुनिया की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था हैं। इसे आकांक्षाओं का बजट बताते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी वर्गों के विकास पर ध्यान दिया है। देखते हैं कि बजट में कौन सी चीजें सस्ती हुईं और महंगी चीजों की लिस्ट में किसे शामिल किया गया।

### ये चीजें हुई सस्ती

- मोबाइल फोन
- कैंसर की दवाइयां
- चिकित्सा उपकरण
- एलसीडी-एलइडी टीवी
- छह जीवन रोधी दवाइयां
- 82 सामानों से सेस हटा
- भारत में बने कपड़े
- बैटरी चालित वाहन
- चमड़ा और इससे बने उत्पाद
- शीतलीकृत मछली
- मोटर साइकिल
- जिंक स्क्रैप
- कोबाल्ट पाउडर
- लिथियम बैटरी
- लीथियम आयन बैटरी
- कैरियर ग्रेड इंटरनेट स्विच
- सिंथेटिक खुश्बू
- जहाज निर्माण के लिए कच्चा माल

### क्या हुआ महंगा


- इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले
- बुने हुए कपड़े
- सिगरेट
- तंबाकू उत्पाद

## बजट पर बोले



बजट के लिए हर कोई आपकी प्रशंसा कर रहा है। बजट बहुत अच्छा है। यह बजट सामान्य नागरिक, विकसित भारत के मिशन को पूरा करने वाला है। ये बजट इन्वेस्टमेंट, कन्जंप्शन को बढ़ायेगा। मैं वित्त मंत्री और उनकी टीम को जनता का बजट बनाने के लिए बधाई देता हूं। आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है।

\- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



बजट-2025 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य से लेकर स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक, हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है। इस सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट के लिए पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देता हूं।

\- अमित शाह, गृह मंत्री



हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। पिछले 10 सालों के हमारे विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया है। इस दौरान भारत की क्षमता को लेकर विश्वास बढ़ा है।

\- निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री



गोली के घावों के लिए एक बैंड-सहायता! वैश्विक अनिश्चितता के बीच, हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है। लेकिन, यह सरकार विचारों के मामले में पूरी तरह दिवालिया है।

\- राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

## एक नजर में बजट

### मध्यम वर्ग के लिए एलान

- एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नये मकान हैंडओवर किये जायेंगे।
- हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।
- अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं।
- बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गयी।
- टीडीएस की सीमा 10 लाख रुपये की गयी।
- चार साल तक अपडेटेड आइटीआर भर सकेंगे।
- किराया आमदनी पर टीडीएस में छूट 6 लाख रुपये की गयी।
- एक लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा।
- शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आयेगी।

### बुजुर्गों के लिए एलान

- देश में 200 डे-केयर कैंसर सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगीं।
- 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5% घटायी।
- 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री।
- 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर।
- सीनियर सिटिजन के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ा कर एक लाख रुपये।

### किसानों के लिए एलान

- किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सीमा 3 लाख से बढ़ा कर 5 लाख रुपये हुई।
- देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी। 100 जिलों को फायदा होगा।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपये तक का लोन।
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30% से घटा कर 5% की गयी।
- अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा।
- बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा।
- मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा।
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन।
- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ायी जायेगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन-मार्केटिंग पर फोकस।
- असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

### व्यापारियों के लिए एलान

- एमएसएमइ के लिए लोन गारंटी सीमा 5 करोड़ से बढ़ कर 10 करोड़ होगी।
- सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव।
- 7 टैरिफ रेट हटेंगे, अब देश में 8 टैरिफ रेट ही रह जायेंगे।
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टियर-2 शहरों में बनाये जायेंगे।
- देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने के लिए राष्ट्रीय योजना बनेगी।
- नयी लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।
- बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी बनेगा।
- सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी होंगे।
- पहले वर्ष 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किये जायेंगे।
- शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़ कर 30 हजार रुपये होगी।

### महिलाओं के लिए दो एलान

- एससी-एसटी की एमएसएमइ महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना।
- पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा।

### युवाओं के लिए एलान

- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड बनेगा।
- 500 करोड़ रुपये से 3 एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- देश में 23 आइआइटी में 6500 सीटें बढ़ायी जायेंगी।
- पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नयी फेलोशिप दी जायेगी।
- मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेशन होगा।

### आयकर स्लैब

- 0 से 4 लाख रुपये- शून्य
- 4 से 8 लाख रुपये - 5%
- 8 से 12 लाख रुपये - 10%

| क्र.सं. | पुराने स्लैब | पुरानी दर | नये स्लैब | नयी दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ₹3 लाख तक | 0% | ₹0 लाख से ₹4 लाख तक | 0% |
| 2 | ₹3 लाख से ₹7 लाख तक | 5% | ₹4 लाख से ₹8 लाख तक | 5% |
| 3 | ₹7 लाख से ₹10 लाख तक | 10% | ₹8 लाख से ₹12 लाख तक | 10% |
| 4 | ₹10 लाख से ₹12 लाख तक | 15% | ₹12 लाख से ₹16 लाख तक | 15% |
| 5 | ₹12 लाख से ₹15 लाख तक | 20% | ₹16 लाख से ₹20 लाख तक | 20% |
| 6 | ₹15 लाख से ज्यादा | 30% | ₹20 लाख से ₹24 लाख तक | 25% |
| 7 | | | ₹24 लाख से ज्यादा | 30% |

दूसरे और तीसरे स्लैब के टैक्स सरकार 87 (ए) के तहत माफ कर देगी। इसके अलावा 75 हजार का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। इस तरह नौकरीपेशा लोगों की कुल 12.75 लाख तक आयकर से छूट मिलेगी। अन्य किसी भी जरिये से आमदनी होने पर टैक्स में छूट की सीमा 12 लाख रुपये ही रहेगी। साथ ही अब पिछले 4 साल का आयकर रिटर्न एक साथ फाइल कर सकेंगे। इससे पहले तक यह सीमा दो साल तक थी।






# बजट में झारखंड के लिए क्या?

## केंद्रीय योजनाओं से राज्य ले सकेगा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट पेश कर दिया है। बजट में बिहार के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गयी हैं, लेकिन झारखंड केंद्रित किसी योजना की घोषणा नहीं हुई है। हालांकि, कई ऐसी योजनाएं हैं, जिसका लाभ झारखंड को भी मिलेगा। वित्त मंत्री ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और पोषण 2.0 योजना की घोषणा के अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, स्टार्टअप से जुड़ी घोषणाएं की हैं।




गांवों के सरकारी स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने की घोषणा हुई है। सरकारी स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब खोलने की घोषणा हुई है। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में महिला, एससी-एसटी उद्यमियों के लिए भी बड़ी घोषणाएं की हैं। इन सभी योजनाओं का लाभ झारखंड के लोगों को भी मिलेगा।

सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और पोषण 2.0 योजना का लाभ झारखंड को मिलेगा। झारखंड में 38 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं। इसके लाभ इन्हें मिलेगा।

### इन योजनाओं का झारखंड के लोगों को मिलेगा लाभ

- सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और पोषण 2.0 योजना
- किसान क्रेडिट कार्ड
- स्टार्टअप
- सरकारी स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र ब्रॉडबैंड से जुड़ेंगे
- सरकारी स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब खुलेंगे
- महिला, एससी-एसटी उद्यमियों के लिए 10 हजार करोड़ का फंड
- सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और पोषण 2.0 योजना


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
- 2 YEARS M.Sc. Nursing
- 2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
- 4 YEARS B.Sc. Nursing
- 3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
- 2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
- 4 YEARS BMLT
- 2 YEARS DMLT
- 2 YEARS OT ASSISTANT
- 2 YEARS ECG
- 2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
- 2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
- 2 YEARS RADIO-IMAGING
- 2 YEARS ANESTHESIA TECH.
- 1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
- 2 YEARS D-PHARM
- 4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



**'बजट' शब्द फ्रेंच शब्द 'बुगेट' से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'चमड़े का छोटा ब्रीफकेस'।**

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 2 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# कह रहा मिडिल क्लास, किसी ने तो समझी हमारी तकलीफ

## ■ मोदी सरकार का बजट, मिडिल और युवा क्लास के लिए सुकून

**आजाद सिपाही विशेष**

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का बजट संसद के पटल पर रख दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार आठवीं बार बजट पेश करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था की गाड़ी को विकसित देशों की पटरी पर दौड़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तैयार किया गया यह बजट वास्तव में लगातार ताकतवर होते भारत की एक स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है, जिसमें गांव से लेकर महानगर तक के लिए कुछ न कुछ है। लेकिन इस बजट में वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग को भारी राहत दी है। मध्यम वर्ग कह रहा है कि देर आये, दुरुस्त आये, किसी ने तो समझी हमारी तकलीफ। देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान करनेवाला मध्यम वर्ग पिछले कई साल से आयकर में छूट की सीमा को बढ़ाने की मांग कर रहा था। इस बार निर्मला सीतारमण ने इस वर्ग की पुकार सुन ली और अब 12.75 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वास्तव में मोदी सरकार का यह बजट उस भारत की तस्वीर पेश करता है, जहां कोई भी क्षेत्र, वर्ग या समुदाय खुद को उपेक्षित महसूस नहीं कर सकता है। एक तरफ जहां आर्थिक चुनौतियां हैं, तो दूसरी तरफ विकास की छटपटाहट भी, जो इस बजट में साफ तौर पर परिलक्षित होती है। खेत से लेकर उद्योग तक, किसान से लेकर आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस के शोध तक, पाताल से लेकर अंतरिक्ष तक में अनुसंधान की नयी परिपाटियों को स्थापित करने की आकांक्षा से भरे इस बजट को यदि कहा जाये कि यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मजबूत कर रहा है, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्या है नये बजट में भारत के विकास की कहानी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

केंद्रीय बजट 2025-26 भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विस्तार, वित्तीय अनुशासन और समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। कुल 50.65 लाख करोड़ रुपये के व्यय के साथ, यह बजट पूंजी निवेश, सामाजिक क्षेत्र में खर्च और कर सुधारों को प्राथमिकता देता है, जबकि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.4% तक कम करने का लक्ष्य रखता है। बजट में रेलवे, राजमार्ग, रक्षा और ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण धनराशि आवंटित की गयी है, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार अपना आठवां बजट पेश कर दिया। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण बजट है। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई थीं। खास कर मध्यम वर्ग, जो सबसे अधिक टैक्स देकर देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है, बड़ी रियायतों की उम्मीद कर रहा था। इतना ही नहीं, कहा जा सकता है कि इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट हो रही है। करदाताओं को भी इस बार वित्त मंत्री ने आयकर में राहत दी है। इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया गया है। बजट से इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति मिलेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरा स्थान दिलाने के संकल्प को बल दे रहा है।

### इनकम टैक्स और बदलाव

बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ी राहत दी गयी है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपये तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपये हो जायेगी। रेंट से होने वाली इनकम पर टीडीएस की सीमा 2.4 लाख से बढ़ा कर 6 लाख की गयी है। यानी अब 6 लाख रुपये तक के सालाना किराये पर टीडीएस नहीं काटा जायेगा।। वरिष्ठ नागरिकों को बैंक और पोस्ट ऑफिस के ब्याज से होने वाली कमाई पर मिलने वाली टैक्स छूट को 50 हजार से बढ़ा कर एक लाख रुपये किया गया है। यानी अब ब्याज की इनकम पर वरिष्ठ नागरिकों को एक लाख रुपये तक की राहत मिलेगी। पुराने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की सीमा 2 साल से बढ़ा कर 4 साल की गयी है। यानी यदि किसी करदाता ने अपना रिटर्न गलत फाइल किया हो या फाइल करना रह गया हो, तो वह अब 4 साल के अंदर अपडेटेड रिटर्न फाइल कर सकेगा। बजट में सेल्फ ऑक्यूपाइड हाउस पर टैक्स राहत दी गयी है। इसका मतलब यह है कि अगर आपके पास दो घर हैं और आप दोनों घरों में रहते हैं, तो अब आप दोनों संपत्तियों पर टैक्स का फायदा ले सकेंगे। जबकि पहले टैक्स राहत सिर्फ एक सेल्फ ऑक्यूपाइड हाउस में ही मिलती थी। वहीं पुरानी टैक्स रिजीम चुनने पर अभी भी आपकी 2.5 लाख रुपये तक की इनकम ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87 ए के तहत आपको पांच लाख तक की इनकम पर जीरो टैक्स देना होगा। टीडीएस और टीसीएस का उपयोग आमतौर पर सामान बेचने के दौरान किया जाता था। इससे कस्टमर और दुकानदार दोनों को कई तरह की परेशानी होती थी। वित्त मंत्री ने इससे टीसीएस हटाने का ऐलान किया है। ये भी कहा है कि ऊंची दरों पर टीडीएस उन्हीं मामलों में लगाया जायेगा जिनका पैन नंबर नहीं होगा। विदेश में पढ़ाई के लिए पैसा भेजने पर टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स (टीसीएस) की लिमिट अब 10 लाख रुपये कर दी गयी है। अभी कोई व्यक्ति विदेश में पैसे भेजता है। यह रकम 7 लाख रुपये से अधिक होती है, तो उस पर टीसीएस लगता है। हालांकि यह छूट आपको तभी मिलेगी, जब ये पैसा किसी फाइनेंशियल आर्गनाइजेशन जैसे बैंक आदि से लोन लिया गया हो। कई सीनियर सिटीजंस के पास बहुत पुराने नेशनल सेविंग्स स्कीम (एनएसएस) खाते हैं, जिन पर कोई ब्याज नहीं दिया जा रहा है। वित्त मंत्री ने ऐलान किया है कि जो लोग 29 अगस्त 2024 या उसके बाद एनएसएस से पैसा निकालेंगे उन्हें निकासी पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। यही नियम एनपीएस (नेशनल पेंशन स्कीम) वात्सल्य खातों पर भी लागू होगा, लेकिन इसकी छूट की एक लिमिट होगी। इस नये इनकम टैक्स रिजीम से लोगों के हाथ में पैसे आयेंगे, वो ज्यादा खर्च करेंगे तो इकोनॉमी बूस्ट होगी। देश में 85% लोग 12 लाख रुपये से कम कमाते हैं। टैक्स को लेकर हुए ऐलान के बाद लोगों के पास पैसे बचेंगे और लोग ये पैसे दूसरी चीजों पर खर्च करेंगे। इससे एफएमसीजी, ऑटो, रियल एस्टेट और दूसरे सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।




शनिवार को संसद में बजट पेश करने के लिए रवाना होतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम।

### निवेश कीजिये और बचाइये 1.5 लाख रुपये पर टैक्स

अगर आप ईपीएफ, पीपीएफ, इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम, सुकन्या समृद्धि योजना, नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट, 5 साल की एफडी, नेशनल पेंशन सिस्टम और सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम में निवेश करते हैं तो आपको टैक्स छूट मिल सकती है। इनमें से किसी एक में या कई प्लांस में मिला कर अधिकतम 1.5 लाख तक का निवेश करना होगा। अगर आपने यह किया है, तो अब 10 लाख रुपये में से 1.50 लाख रुपये और घटा दें। अब टैक्स के दायरे में आने वाली इनकम 8.50 लाख रुपये रह जायेगी। इनकम टैक्स के सेक्शन 80 ए के तहत 1.5 लाख तक की टैक्स आप बचत कर सकते हैं।

### होम लोन से 2 लाख रुपये तक टैक्स बचेगा

होम लोन पर चुकाये गये ब्याज पर टैक्स छूट मिलेगी। इनकम टैक्स के सेक्शन 24बी के तहत एक वित्त वर्ष में 2 लाख के ब्याज पर टैक्स में छूट ले सकते हैं। इसे भी अपनी टैक्सेबल इनकम में से घटा दें। यानी, अब टैक्स के दायरे में आने वाली इनकम 6.50 लाख रुपये रह जायेगी।

### मेडिकल पॉलिसी पर किया खर्च भी टैक्स फ्री

सेक्शन 80सी के तहत मेडिकल पॉलिसी लेकर आप 25 हजार रुपये तक टैक्स बचा सकते हैं। हेल्थ इंश्योरेंस में आपका, आपकी पत्नी और बच्चों का नाम होना चाहिए। इसके अलावा अगर आपके माता-पिता सीनियर सिटीजन हैं, तो उनके नाम पर हेल्थ इंश्योरेंस खरीद कर 50,000 रुपये तक की अतिरिक्त छूट ले सकते हैं। यानी, अब टैक्स के दायरे में आने वाली इनकम 5.50 लाख रुपये रह जायेगी।

### क्रिटिकल ट्रीटमेंट की कॉस्ट कम

सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाये जायेंगे। अगले फाइनेंशियल इयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाये जायेंगे। 36 लाइफ सेविंग दवाओं से कस्टम ड्यूटी हटाने से क्रिटिकल ट्रीटमेंट की कॉस्ट कम हो जायेगी। इससे उन परिवारों को फायदा होगा जो फाइनेंशियली कमजोर हैं और कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम नहीं हैं। मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवायें सस्ती होंगीं। 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5% घटायी गयी है। 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर।




शनिवार को संसद में बजट पेश करने के बाद अपनी टीम के साथ मीडिया से बातचीत करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

### कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि

राष्ट्रीय उच्च उपज बीज मिशन और मखाना बोर्ड जैसी योजनाएं कृषि उत्पादकता में सुधार करेंगी। किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी की लिमिट 3 लाख से बढ़ा कर 5 लाख रुपये हुई। दाल उत्पादन और टिकाऊ कपास खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष मिशन शुरू किये जायेंगे।

देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी। 100 जिलों को फायदा होगा। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपये तक का लोन।

समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30% से घटा कर 5% की गयी। अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा। बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा। मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा। दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन। पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ायी जायेगी। कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन- मार्केटिंग पर फोकस। असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

### उद्योग क्षेत्र पर विशेष फोकस

बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनायी गयी है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किये गये हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की गयी है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई उपाय किये गये हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान की घोषणा की गयी है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नयी योजनाएं लायी गयी हैं। इस बजट में एससी-एसटी की एमएसएमई महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना। पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा।

यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी के विजन में जहां हर हाथ को काम का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। इस बजट में मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी। इवी और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी। एलइडी-एलसीडी टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटा कर 2.5% की गयी। स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड बनेगा।

500 करोड़ रुपये से 3 आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे। मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी। देश में 23 आइआईटी में 6500 सीटें बढ़ायी जायेंगी। मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी। पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नयी फेलोशिप दी जायेगी। देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेश होगा। मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा देंगे। देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने के लिए राष्ट्रीय योजना बनेगी।

### बजट ने उम्मीदों को पंख लगाये

यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयी हैं, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गयी हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद थी कि वह इन शुल्कों को और तर्कसंगत बना कर आम लोगों को कुछ राहत दे। बजट में इस आकांक्षा को पूरा किया गया है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोजगार के अवसरों को भी कम किया ह, जबकि महंगाई के हिसाब से मजदूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से खासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वित्त मंत्री ने बजट में इसका खास ध्यान रखा है और आम लोगों की जेब में अधिक रकम होने के उपाय किये हैं। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी हालात को मुश्किल बनाया है, जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्यम वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है, जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आयी है। इन परेशानियों एवं चिंताओं को कम करने में इस बार का बजट राहत भरा है।



‘हलवा समारोह’ भारतीय परंपराओं में किसी भी शुभ अवसर की शुरुआत का प्रतीक है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# एससी-एसटी महिला उद्यमियों को पांच वर्षों में दो करोड़ तक का टर्म लोन मिलेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण शुरू करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी में बीते कुछ वर्षों में बड़ा इजाफा हुआ है। हालांकि महिला उद्यमियों के लिए लोन योजना के अलावा महिला वर्ग के लिए कोई खास बड़े एलान नहीं किये गये हैं।

**महिला उद्यमियों को लोन की योजना :**



सरकार ने बजट में एससी-एसटी वर्ग की पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं के लिए नयी योजना शुरू की गयी है, जिसके तहत अगले पांच वर्षों में महिला उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का टर्म लोन उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 स्कीम के तहत आठ करोड़ गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और लड़कियों को पोषण देने की बात कही गयी है। पीआइबी के आंकड़ों के अनुसार, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी की दर 41% है, जो वैश्विक औसत से कम है। इसे देखते हुए सरकार बजट 2025 में महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल 252 करोड़ बैंक अकाउंट हैं, जिनमें से 36.4 प्रतिशत यानी करीब 91 करोड़ खाते महिलाओं के हैं।

### एमएसएमइ सेक्टर के लिए भी अहम एलान

वित्त मंत्री ने 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करते हुए यह भी कहा कि एसएमइ और बड़े उद्योगों के लिए एक विनिर्माण मिशन स्थापित किया जायेगा। इसके अलावा सरकार श्रम-प्रधान क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुविधाजनक उपाय करेगी। उन्होंने कहा कि ऋण गारंटी कवर को दोगुना करके 20 करोड़ रुपये किया जायेगा और गारंटी शुल्क को घटाकर एक प्रतिशत किया जायेगा। वित्त मंत्री ने बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना करने की घोषणा भी की।

# देश में स्थापित होंगे एआइ एक्सिलेंस सेंटर

## एआइ एजुकेशन के लिए पांच सौ करोड़ का तोहफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के लिए एक नये उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करेगी, जिसके लिए पांच सौ करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यह घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए की। बजट भाषण के दौरान सीतारमण ने कहा, मैंने 2023 में कृषि, स्वास्थ्य और सतत शहरों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तीन उत्कृष्टता केंद्रों की घोषणा की थी। अब शिक्षा के क्षेत्र में एआइ के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जायेगा, जिसका



कुल बजट पांच सौ करोड़ रुपये होगा। सरकार घरेलू विनिर्माण क्षमता को भी समर्थन देगी और इसके लिए कुछ क्षेत्रों की पहचान की जायेगी। इंडस्ट्री 4.0 में अपार संभावनाएं हैं, जिसके लिए उच्च कौशल और प्रतिभा की आवश्यकता होगी।

**युवाओं के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र :** सीतारमण ने युवाओं को इंडस्ट्री-रेलेवेंट स्किल्स (उद्योग से जुड़े कौशल) प्रदान करने के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, ₹इन केंद्रों की स्थापना वैश्विक भागीदारी के साथ की जायेगी। इन केंद्रों में नये पाठ्यक्रमों का निर्माण, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, एक कौशल प्रमाणन ढांचा और नियमित मूल्यांकन जैसे घटकों को शामिल किया जायेगा।

### एआइ के बढ़ते प्रभाव और नौकरियों पर चिंता

दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता के बीच, कई क्षेत्रों में नौकरियों के प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 ने आगाह किया कि भारत में कम-कौशल और कम-मूल्य वर्धित सेवाओं में कार्यरत कर्मचारी एआइ के कारण सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। रिपोर्ट में मजबूत संस्थानों के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जो मध्यम और उच्च-कौशल नौकरियों की ओर श्रमिकों को स्थानांतरित करने में मदद कर सकते हैं।

# बजट में बिहार की बहार वित्त मंत्री ने खोला खजाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार बिहार को लेकर संजीदा है, यह शनिवार को संसद में पेश 2025-26 के बजट में साफ दिख गया। पिछले केंद्रीय बजट के मुकाबले इस बार ज्यादा मेहरबानी दिखने की एक वजह इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड का केंद्र सरकार में योगदान भी बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मेहरबानी की एक वजह है। वजह जो हो, कई पुराने घाव इस बजट ने भरे हैं। बिहार के लिए कई योजनाएं तो आयी ही, कोसी-मिथिला क्षेत्र को राहत देने की खबर भी इस बजट के जरिये केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने दी।

**मिथिलांचल-कोसी के लिए फायदेमंद बजट :** वित्त मंत्री ने मिथिलांचल में वेस्टर्न कोशी कैनाल प्रोजेक्ट का प्रस्ताव पेश किया है। इन प्रोजेक्ट के लिए आर्थिक मदद की जायेगी। इससे यहां के किसानों को फायदा होगा। 50 हजार हेक्टेयर जमीन को सिंचाई का फायदा मिलेगा। इससे बाढ़ की त्रासदी को घटाने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा मिथिलांचल-कोसी की पहचान ‘मखाना’ से जुड़ी एक बड़ी घोषणा केंद्रीय बजट में की गयी। वित्त मंत्री ने बिहार में मखाना बोर्ड का प्रस्ताव रखा। मखाना की मार्केटिंग के लिए यह बोर्ड बनाया जायेगा। अब तक कोसी-मिथिलांचल में मखाना उत्पादन करने वाले किसानों के लिए बाजार का पूरा सिस्टम नहीं है। इस बोर्ड के जरिये मखाना किसानों को सीधा बाजार उपलब्ध कराया जाये। वित्त मंत्री ने कहा कि कोशिश की जायेगी कि सभी सरकारी योजना का फायदा इन किसानों को मिले। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की जायेगी। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए कहा, मखाना किसानों को सहायता और प्रशिक्षण सहायता और यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया जायेगा कि उन्हें सभी प्रासंगिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।



### रोजगार के मुद्दे पर घेराव से बचने की तैयारी

बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को घेरने की तैयारी में हैं और इस बजट में उस घेराव को कमजोर करने की भी तैयारी दिख रही है। बजट में बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान बनाने के साथ फुटवियर-चमड़ा उद्योग को बढ़ाने का प्रस्ताव इसका एक प्रमाण है। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान बिहार के कृषि उत्पादों को अलग तरह का बाजार उपलब्ध कराने में मदद करेगा। बिहार के अनाज से यहीं कई तरह के उत्पाद तैयार होंगे और इससे रोजगार की भी बड़ी संभावनाएं सामने आयेंगी। वित्त मंत्री ने भी कहा कि पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाकर उनकी आय में बढ़ोत्तरी करेगा। साथ ही युवाओं के लिए हुनर, उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा करेगा। वित्त मंत्री ने फुटवियर और चमड़ा उद्योगों को बढ़ावा देने और 22 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद जतायी।

### ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की घोषणा, नीतीश सरकार बतायेगी जगह

वित्त मंत्री ने बिहार में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का एलान किया, ताकि भविष्य की जरूरतों को पूरा किया जाये। पटना एयरपोर्ट और ब्राउन फील्ड एयरपोर्ट बिहटा से यह प्रोजेक्ट अलग होगा। माना जा रहा है कि यह कहां बनेगा, इसपर बिहार की नीतीश कुमार सरकार से प्रस्ताव लिया जायेगा। मतलब राज्य सरकार इस पर फैसला लेगी।

### आइआइटी पटना के विस्तार की योजना भी

बजट में वित्त मंत्री ने घोषणा की कि पटना स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की क्षमता बढ़ायी जा रही है। आइआइटी में अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जायेगा। हॉस्टल का निर्माण किया जायेगा।

# बजट में विकसित भारत का लक्ष्य : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश बजट का स्वागत करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि यह ऐतिहासिक बजट है जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

मध्यमवर्गीय लोगों के लिए बजट में आयकर छूट की सीमा 12 लाख तक कर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि बजट में मेडिकल-इंजीनियरिंग



सीटों की संख्या बढ़ाकर छात्रों को सौगात देने का काम किया गया है। भारत को मैनिफेक्चरिंग हब बनाने की कोशिश बजट के जरिए की गयी है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बजट को देखने से साफ लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक देश को विकसित भारत का सपना बनाने के लक्ष्य की झलक दिखती है। बजट में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की झलक दिख रही है। आयकर में मिली छूट से नौकरी पेशा खासकर थर्ड और फोर्थ ग्रेड के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा छोटे-मोटे उद्यमियों को भी राहत देने का काम किया गया है।

# यह बजट देश की आम जनता के हित वाला बजट है : अर्जुन मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा शनिवार को प्रस्तुत किये गये आम बजट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि यह बजट देश की आम जनता के हित वाला बजट है। बजट पेश किये जाने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जमशेदपुर घोड़ाबांदा स्थित अपने आवास में उन्होंने बातचीत के दौरान कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह काफी सराहनीय है। पूर्व मंत्री ने कहा है कि यह बजट देश की आम जनता को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और रोजगार को प्राथमिकता दी गयी है, जबकि गंभीर बीमारी के लिए उपयोगी दवा पर रियायत भी की गयी। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा।

## जेएमएम-कांग्रेस ने बजट को नकारा

# इस बजट में झारखंड को पूरी तरह से नजरअंदाज किया: मनोज पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट 2025 पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने निराशा जतायी है। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि इस बजट में झारखंड को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में झारखंड के लिए कुछ भी नहीं है। सत्तारूढ़ दल ने आरोप लगाया कि निर्मला सीतारमण के बजट में राज्य और इसके लोगों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य बिहार को कई परियोजनाएं दी गयी हैं, लेकिन झारखंड और उसके लोगों की पूरी तरह उपेक्षा की गयी है। मनोज पांडेय ने आरोप लगाया कि झारखंड के खनिज देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, लेकिन राज्य के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है।



# सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट : रघुवर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वर्ष 2025 का केंद्रीय बजट विकासवादी और प्रगतिशील बजट है। चंद शब्दों में कहे तो यह बजट लोक कल्याणकारी और देश को समर्पित दूरदर्शी बजट है। यह गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, वंचित समेत मध्यम वर्ग के साथ उद्यमियों को सशक्त और समर्थवान बनाने वाला बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट



पेश किया है। बजट में कर सुधारों के माध्यम से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान की गयी है। नये कर ढांचे के तहत 12 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। इससे मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और घरेलू उपभोग, बचत, और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए, सरकार ने उच्च उपज वाली फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना शुरू करने की घोषणा की है। योजना से देश के करीब 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। कुल मिलाकर यह बजट भारत की आर्थिक प्रगति के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा, जो 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अहम योगदान देगा।

# बजट विकसित भारत के सपने को पूरा करने वाला : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मोदी सरकार 3.0 के आम बजट को नये और विकसित भारत बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के करोड़ों मध्यम वर्गीय और नौकरी पेशा लोगों के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसके तहत अब 12.75 लाख तक की आय पूरी तरह से टैक्स फ्री हो गयी है। उन्होंने इस अभूतपूर्व निर्णय के



लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में सभी समाज का ध्यान रखा गया है। इस वर्ष एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे। 2025 में 40 हजार नये मकान हैंडओवर किये जायेंगे। हर घर नल से जल पहुंचाने। जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा। महिलाओं के लिए पहली बार महिला उद्यमी को 2 करोड़ का टर्म लोन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की लघु उद्योग के महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना। सेना को आत्म निर्भर बनाने की झलक दिखी है इस बजट में। उन्होंने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना, राज्य में आइआइटी का विस्तार एवं मखाना बोर्ड और 3 नये एयरपोर्ट भी बनाये जाने का निर्णय का स्वागत किया है।

# चुनाव और राजनीति की चाशनी में डूबा है केंद्रीय बजट : बंधु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पूरी तरीके से चुनाव, राजनीति और मोदी सरकार के स्वार्थ की चाशनी में डूबा हुआ है। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड के साथ इस बजट में सौतेला व्यवहार किया गया है और इसमें केवल और केवल बिहार के चुनाव को ध्यान में रखकर बिहार को अनेक सुविधायें दी गयी हैं।

श्री तिर्की ने कहा कि 21वीं शताब्दी के 24 वर्ष बीतने के बाद झारखंड को केंद्र सरकार के बेहतर समर्थन और सहयोग की नितांत जरूरत थी ताकि वह देश के अग्रणी राज्यों के मुकाबले में स्पर्धा में खड़ा हो सके। लेकिन केंद्र सरकार ने केवल अपने स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखकर इस बजट को तैयार किया है। श्री तिर्की ने कहा कि यह बजट अपेक्षा के बिल्कुल प्रतिकूल है और इसमें गरीबों, युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों की आकांक्षाओं को कुचला गया है।



# 12 लाख तक की आय पर टैक्स नहीं लगाना, करोड़ों परिवारों के लिए लाभकारी होगा : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आम बजट 2025-26 को विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा है कि इस बजट में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का रोडमैप है। गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के साथ मध्यमवर्ग को राहत देने वाले इस बजट के लिए श्री सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में हर वर्ग की सहभागिता को सुनिश्चित करने का



लक्ष्य रखा है। निःसंदेह यह बजट विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने में नींव का मजबूत पत्थर सिद्ध होगा। श्री सेठ ने कहा कि यह पहली बार हुआ है, जब जोमैटो, स्विगी सहित विभिन्न प्लेटफार्म पर जुड़कर घर-घर सामान पहुंचाने का काम करने वाले युवाओं को अलग से पहचान पत्र देने की बात हुई है। इसके साथ ही भारत सरकार उनका बीमा भी करेगी। यह देश के लाखों युवाओं के लिए कल्याणकारी होगा। 12 लाख तक की आय पर किसी तरह का इनकम टैक्स नहीं लगाने का निर्णय भी देश के करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। खिलौनों को वैश्विक पहचान देने के लिए भारत को खिलौने का वैश्विक केंद्र बनाने का निर्णय भी सराहनीय है। वहीं किसान क्रेडिट कार्ड को 3 लाख से बढ़कर 5 लाख तक की सीमा का किया जाना, किसान हित में उठाया गया शानदार कदम है। इसके अतिरिक्त इस बजट में मोदी सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखा है ताकि विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में देश का हर वर्ग अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके।



वर्ष 1950 में पहली बार बजट के लीक होने की घटना हुई थी। उसके बाद से ही इसकी गोपनीयता बढ़ायी गयी।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in





# भारतीय रेल के लिए 2.55 लाख करोड़

## नयी घोषणा नहीं, पुरानी योजनाओं को पूरा करने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर दिया। इस आम बजट में वित्त मंत्री ने अपने बजट में एक बार भी भारतीय रेलवे का जिक्र तक नहीं किया। हालांकि उन्होंने भारतीय रेलवे के लिए वित्तीय वर्ष 2026 के लिए केंद्रीय बजट में रेलवे के लिए 2.55 लाख करोड़ का आवंटन किया है। ये राशि पिछले वित्तीय वर्ष (वित्तीय वर्ष 2025) के लिए आवंटित राशि के समान है। आम बजट में रेलवे को लेकर कोई नयी घोषणा की बजाय पहले की घोषणाओं को पूरा करने पर जोर दिया गया है।

दरअसल, वित्त मंत्री ने 2024 के आम बजट में रेलवे के लिए कुल बजटीय समर्थन 2,55,200 करोड़ रखा। यह वर्ष 2023-24 में 2,40,200 करोड़ से 5 प्रतिशत अधिक था। इसके अतिरिक्त वित्तमंत्री ने 10,000 करोड़ अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से आवंटित किये थे। जुलाई 2024 में वित्त मंत्री द्वारा पेश किये बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नयी वंदे भारत ट्रेनों की घोषणा की थी। साथ ही यह भी कहा था कि भारत में तीन प्रमुख रेलवे आर्थिक गलियारे बनेंगे। इनमें ऊर्जा, खनिज और सीमेंट गलियारा, पोर्ट कनेक्टिविटी गलियारा और उच्च यातायात घनत्व वाला गलियारा शामिल होगा।




रेलवे को बजट में 2.55 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इनमें राजस्व में 3445 करोड़ रुपये और कैपिटल एक्सपेंडिचर में 2,52,000 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इस तरह रेलवे बजट में कुल 2,55,445 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। बजट में पेंशन फंड में 66 हजार करोड़ रुपये रखे गये हैं। जबकि नयी लाइनें बिछाने के लिए 32,235 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। लाइनों के दोहरीकरण में 32,000 करोड़ और गॉज लाइन में बदलने में 4,550 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इसके अलावा आम बजट में रेलवे की सिग्नलिंग और टेलीकॉम के लिए 6800 करोड़, विद्युत लाइनों के लिए 6,150 करोड़ रुपये, स्टाफ कल्याण पर 833 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। रेलवे स्टाफ की ट्रेनिंग उद्देश्य के लिए 301 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं रेलवे सेफ्टी फंड में 45 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर किये जायेंगे। रेलवे मंत्रालय रेल हादसों को कम करने के लिए खास कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत देश के प्रमुख रेलवे रूट पर कचव का अपग्रेड वर्जन लगाने का काम तेजी से किया जायेगा। हालांकि वित्त मंत्री ने बजट में इसे लेकर कोई भी नयी घोषणा नहीं की है। लेकिन बजट आवंटन में पूर्व की घोषणाओं को पूरा करने पर जोर दिया गया है।

| | |
|---|---|
| कुल बजट | 2,55,445 करोड़ |
| राजस्व खर्च | 3,445 करोड़ |
| पूंजीगत व्यय | 2,52,000 करोड़ |
| पेंशन फंड | 66,000 करोड़ |
| नयी रेलवे लाइनें | 32,235 करोड़ |
| लाइन दोहरीकरण | 32,000 करोड़ |
| गॉज परिवर्तन | 4,550 करोड़ |
| सिग्नलिंग और टेलीकॉम | 6,800 करोड़ |
| विद्युत लाइनों का विस्तार | 6,150 करोड़ |
| स्टाफ कल्याण | 833 करोड़ |
| रेलवे स्टाफ ट्रेनिंग | 301 करोड़ |
| रेलवे सेफ्टी फंड | 45,000 करोड़ |

# हजारीबाग और कोडरमा के लोगों को पसंद आया बजट

## मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात: मनीष जायसवाल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बजट में 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो समृद्धि के नए आयाम स्थापित किये हैं, उसमें देश के मध्यम वर्ग का परिश्रम और सामर्थ्य सम्मिलित है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में किया गया यह निर्णय मध्यम वर्ग की आशाओं और आकांक्षाओं को उड़ान देने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। सांसद ने कहा कि मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने वाले इस क्रांतिकारी कदम के लिए हजारीबाग लोकसभा वासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार-अभिनंदन। सांसद मनीष जायसवाल ने इस बजट को दुनिया में तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला और देश के गरीब, युवा, किसान और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित बजट बताया जिससे सभी वर्ग का विकास संभव होगा और देश आगे बढ़ेगा ।

## आम बजट युवा, गरीब, महिला और किसान सभी वर्गों को सशक्त करेगा : समाजसेवी राकेश गुप्ता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में दिन शनिवार को मोदी सरकार 3.0 पूर्णकालिक आम बजट पेश किया। जिसमें समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने मोदी सरकार की आम बजट पेश का प्रशंसा व्यक्त कर प्रतिक्रिया दिया और सहृदय स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। आम बजट सकारात्मक और स्वागत योग्य है। देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से बढ़ेगा। यह बजट सरकार की अपनी अब तक की उपलब्धियों और आगे के वर्षों के लिए अपने लक्ष्यों की एक झलक दिखायी है। यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला, किसान सभी वर्गों को सशक्त करेगा। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त कर उन्हें आम बजट की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी।

## यह बजट गरीब, युवाओं, किसानों और नारी शक्ति का बजट है: डॉ नीरा यादव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** यह बजट गरीब, युवाओं, किसानों और नारी शक्ति का बजट है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज का बजट किसान और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा। देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है, इस गति को और बल मिलेगा। बजट में स्वास्थ्य और रोजगार पर खास ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नये टैक्स रिजीम में अब 12 लाख रुपये तक की कमायी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, इससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत होगी। वरिष्ठ नागरिकों को भी बजट से बड़ी राहत मिलेगी, उनके लिए टैक्स छूट की सीमा भी 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गयी है। बजट में कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में देखा गया है। बजट में गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान पर ध्यान दिया गया है जिससे समाज का समग्र विकास होगा। कुल मिलाकर यह बजट देश और समाज को आगे बढाने के साथ ही विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेगा।

## आम जनता लिए जुमला और शब्दों की बाजीगरी: संजय पासवान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय बजट पर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने अपने बयान में कहा कि बजट प्रस्ताव का एकमात्र उद्देश्य बिजली, बीमा, माइनिंग, खनिज और आधारभूत संरचना के निजीकरण को तेज करना, उन्हें कॉरपोरेट घरानों को सौंपना और कृषि का कॉरपोरेटाइजेशन को बढ़ावा देना है। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि बजट में एफडीआई और पीपीपी मॉडल के नाम पर लगभग सौ कॉर्पोर्टेट्स घरानों के लिए एक बड़ा केक, लगभग एक करोड़ मध्यम वर्ग के करदाताओं के लिए छोटी सी चेरी और सवा सौ करोड़ जनता लिए जुमला और शब्दों की बाजीगरी की गयी है। कल्याणकारी योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकारी व्यय एक बार फिर कम कर दिया गया है। 5 फरवरी को पूरे देश में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा और बजट प्रस्तावों की प्रतियां जलायी जायेगी।

## सपना बेचने वाला बजट: रामधन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिप चेयरमैन सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने बजट को सपना बेचने वाला बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि आम-अवाम के बीच 2025-26 के लिए आम बजट सपनें बेचने जैसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आंकड़ो की जादूगरी दिखाकर जनता को बेबकूफ बनाना भली भांति जानती है। देश मे 80 करोड़ जनता फ्री राशन लेने के लिए मजबूर है और पीडीएस दुकान के बाहर कतार में है। फिर भी गरीबों के हित मे बजट में कोई भी बड़ा ऐलान नही किया गया है। बजट में बिहार को लेकर कल कारखाने और संस्थान खोलने का ऐलान किया गया, क्योकि बिहार में इलेक्शन है। लेकिन खनिज संपदा वाले राज्य झारखंड के लिए चुप्पी साध ली गयी। आम बजट झारखंड और देश के गरीबों-मेहनतकश आवाम के जरिये से सपना बेचने वाला बजट है।

## मध्यम वर्गीय लोगों के लिए काफी लाभदायक: रणजीत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इस वर्ष पेश किया गया बजट मध्यम वर्गीय लोगों के लिए काफी लाभदायक है। न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि नौकरी पेशा वाले लोगों को भी इस बजट के माध्यम से काफी राहत दी गयी है। यह बजट मध्यम वर्ग के लोगों के लिए राहत से भरा बजट माना जा सकता है। इस बजट में जहां कई जनोंपयोगी जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता किया गया है, वहीं दूसरी ओर सरकारी नौकरी और टैक्स अदा करने वाले लोगों के लिए भी एक सुकून देने वाला बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने टैक्स के स्लैब में बदलाव कर मध्यम वर्ग के लोगों को काफी राहत देने का प्रयास किया है।

## बजट सभी वर्गो के लिए ठीक: विजय



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** भाजपा के जिला महामंत्री विजय यादव ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट आम लोगों से लेकर खास लोगों को ध्यान रख कर बनाया गया है। किसानों के लिए 5 लाख तक किसान क्रेडिट कार्ड हो या तो 12 लाख टैक्स में छूट देकर मध्यवर्गीय परिवार को राहत देने की बात हो, ये बजट सभी वर्गो के लिए ठीक है। देश के विकास में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस बजट में जहां कई जनोंपयोगी जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता किया गया है, वहीं दूसरी ओर सरकारी नौकरी और टैक्स अदा करने वाले लोगों के लिए भी एक सुकून देने वाला बजट है।

## 'बेरोजगारी, छोटे उद्यमियों और कृषि पर ध्यान नहीं: सुरेंद्र मोदी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व निर्दलीय उम्मीदवार सुरेन्द्र भाई मोदी ने बताया कि यह बजट मिला-जुला तैयार किया गया है। मध्य वर्ग पर आयकर को लेकर राहत दी गयी है। जिला अस्पताल में कैंसर सेंटर बनाने की बात कही गयी है। जीवन रक्षक दवाइयां, बैटरी, एलइडी टीवी आदि बाजार की चीजे कुछ सस्ती होंगी। परंतु ज्वलंत समस्या बेरोजगारी, छोटे उद्यमियों और कृषि पर ध्यान नहीं दिया गया है। आने वाले समय मे चुनाव को लेकर बिहार पर थोड़ी ज्यादा मेहरबानियां दिखाई गई हैं झारखंड तो बजट के तस्वीर में ही नहीं है।

## बजट संतुलित और विकास को बढ़ावा देने वाला: प्रदीप



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** यह बजट बहुत ही संतुलित और सभी क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने वाला है। झुमरीतिलैया के चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रदीप हिसारिया ने कहा कि सीनियर सिटीजन को बैंक से मिलने वाले इंटरेस्ट पर टीडीएस की लिमिट 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गयी है और रेंट पर भी यह लिमिट बढ़ाकर 6 लाख कर दी गयी है जो बहुत ही सराहनीय कदम है। वित्त मंत्री ने बतलाया कि वे जल्द ही इनकम टैक्स का नया कानून पेश करने वाली है जिसमें वर्तमान कानून के 50प्रतिशत अनावश्यक धाराओं को कम कर दिया जायेगा। हमलोगों को इस नए अधिनियम का बेसब्री से इंतजार है।

## आम आदमी के पास खर्च के लिए ज्यादा पैसे बचेंगे: वंदना



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** लोकसभा 2024 चनाव के बाद यह सरकार का पहला पूर्ण बजट आया है और इस बजट में ज्यादा कछ उत्साहपूर्ण तो नहीं है लेकिन इनकम टैक्स स्लैब में उम्मीद के विपरीत भारी बदलाव किये गये हैं, जिसकी उम्मीद शायद किसी को भी नहीं थी। झुमरीतिलैया की सीए वंदना अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि टैक्स स्लैब में बदलाव के बाद आम आदमी के पास खर्च के लिए ज्यादा पैसे बचेंगे। यह भारत की इकोनॉमी ग्रोथ के लिए भी अच्छा होगा।

## देश के विकास को बढ़ावा देगा बजट: अजीत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** यह बजट संतुलित और सभी क्षेत्र में देश के विकास को बढ़ावा देने वाला है। रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत वर्णवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे बेहतर भविष्य के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि अब 12 लाख तक के आय पर टैक्स नहीं लगेगा, सीनियर सिटीजन को बैंक से मिलने वाले इंटरेस्ट पर टीडीएस की लिमिट 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गयी है, जो बहुत ही सराहनीय कदम है।

## आम आदमी का बजट: बंटी मोदी



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** यह आम आदमी का बजट है। सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। टैक्स पर 12 लाख तक छूट देकर मध्यम वर्ग के लोगों को बहुत राहत दिया गया है और लोक कल्याणकारी बजट है।

## फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बजट की तारीफ की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार और सचिव राकेश ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मंत्री के द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया दिया है। कहा कि भारत देश के सर्वांगीण विकास और अर्थव्यवस्था में मिल का पत्थर साबित होगा। इसमें गरीब, दलित युवा महिलाओं और किसानों के विकास पर विशेष फोकस किया गया है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, सिंचाई सुविधा के विस्तार किसानों को सस्ते ब्याज पर 5 लाख का ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड में 5 लाख तक का बढ़ोतरी युवाओं को नये रोजगार देने की योजना स्वागत योग्य कदम है। छोटे कारोबारी को 5 लाख का क्रेडिट कार्ड, नायाब उद्योगपति को 2 करोड़ का कर्ज 5 वर्ष के लिए देना व्यापार और उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने की योजना है। आइआइटी में प्रवेश हेतु सीटों का इजाफा छात्र हित में है। प्रत्येक राज्यों को विकास के लिए डेढ़ लाख करोड़ का प्रावधान देश हित में है। इस प्रकार 2028 तक हर घर को साफ पानी और सस्ती बिजली और 120 नया हवाई अड्डा बनाने का प्रावधान भी सरकार की मनसा को उजागर करता है। आयकर में छूट की सीमा 12 लाख की गयी है इसके लिए मोदी सरकार को बधाई दी हैं।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**कटकमसांडी (आजाद सिपाही)।** कटकमसांडी थाना परिसर में शनिवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक कटकमसांडी सीओ अनिल कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी राजबल्व सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूजा को पूजा की तरह मनाएं ताकि छेत्र में सौहार्द बना रहे साथ ही सरकारी नियमानुसार किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गाना नहीं बजाने जिससे किसी समुदाई को ठेस पहुचे और डी जे पर पूर्ण से रोक हो और किसी प्रकार की कोई भी अफवाह पर ध्यान नहीं दे।


# उपायुक्त ने किया बड़कागांव अंचल और प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

**कल्याणकारी योजनाओं और म्यूटेशन के मामले को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शनिवार को बड़कागांव अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण आज शनिवार को किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर उपस्थिति पंजी, सामान्य रोकड़ पंजी, नामांतरण (म्यूटेशन), एनटीपीसी हेतु अर्जित भूमि का नामांतरण, भू लगान, भंडार कक्ष, कैशबुक, आवंटन पंजी, म्यूटेशन आदि भूमि से संबंधित अन्य मामलों की गहनता से जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक, सीएल पंजी, जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों के अद्यतन करने का निर्देश दिया। लगान परिशोधन पोर्टल में आए शिकायतों का तेजी से निष्पादन करने को कहा साथ ही लगान के वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने का निर्देश दिया। एलए एक्ट के तहत आने वाले कंपनियों से संबंधित म्यूटेशन के कार्यों में गंभीरता बरतने का निर्देश दिया। 15वें वित्त के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन पर कार्य करने को कहा। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष प्राप्त आवंटनों के अनुरूप राशि के खर्च को पूर्ण करने का निर्देश दिया।




**अंचल और प्रखंड कार्यालय के कार्यो की जांच:** अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से आए पत्रों के कंप्लायंस, कैशबुक, आवंटन पंजी और भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक,सीएल पंजी, जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों को अद्यतन करने का निर्देश दिया।

## सरस्वती पूजा को लेकर हुई बैठक

**इचाक (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक इचाक थाना परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ संतोष कुमार और संचालन थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि चलंत डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन शांति पूर्वक पूजा मनाने वाले कमेटी को यथा संभव सहयोग करेगी। थाना प्रभारी ने पूरे प्रखंड में सरस्वती पूजा को शांति और सौहार्द वातावरण में मनाने का अपील किया। उन्होंने सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशों का ध्यान रखते हुए सरस्वती पूजा मनाने को कहा। आयोजक कमिटी के अध्यक्ष और सचिव समेत पांच व्यक्तियों और डीजे साउंड मालिकों का नाम और मोबाइल नंबर इचाक थाना में जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अश्लील गाना को ना बजाएं, सोशल साइट पर आपतिजनक व भड़काऊ पोस्ट ना करें। नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का हिदायत दिया। डीजे मालिको को शपथ पत्र जमा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजित कुमार मेहता, पंसस विनय उर्फ विक्की धवन, राजद नेता शत्रुघ्न राम मौजूद थे।

## वन भूमि में धड़ल्ले से हो रही है हेराफेरी



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता और अधिकारियों की मिली भगत से वन भूमि पर धड़ल्ले से हेरा फेरी का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि चलकुशा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियोंन में वन भूमि में बड़ा हेर फेर हुआ हैं। जहां एक भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सिंह पिता स्व जगदीश सिंह ग्राम बरियौन निवासी के दादी गुलाबी देवी पति कैलाश सिंह के नाम पर पूर्व के पंजी 2 के पेज नंबर 93 पर 13 एकड 50 डी० अंचल कार्यालय के दिनांक 26 अक्टूबर 2009 के ज्ञापांक संख्या 525 के आलोक पर जमाबंदी बतलाया गया है। लेकिन वर्तमान की पंजी 2 में अजय सिंह की दादी गुलाबी देवी पति कैलाश सिंह के नाम पर दिनांक 26 अक्टूबर 2009 ज्ञापांक संख्या 525 के आलोक पर 7 एकड 2 डी० जमीन का जमाबंदी दर्ज किया गया है। वहीं दोनों पंजी 2 में ज्ञापांक संख्या 525 का ही जिक्र किया गया है जिसका प्लोट संख्या 685,516 रकवा 2 एकड़ 95 डी०प्लोट संख्या 300,571 रकवा 50 डी० और प्लोट संख्या 753,754,756 रकवा 3 एकड़ 2 डी० जमीन पंजी 2 के पेज नंबर 359 पर दर्ज है । वहीं उपरोक्त सभी प्लोट का कुल रकबा जोड़ा जायें तो 6 एकड 47 डी० जमीन ही होता है। लेकिन अंचल कार्यालय से गुलाबी देवी के नाम से 7 एकड 2 डी० का लगान रशीद निर्गत किया जा रहा है।अब लोगों को यह समझ नहीं आ रहा है कि दोनों जमाबंदी में कोन सही है। वहीं अंचल के द्वारा 6 एकड 47 डी० का लगान रशीद निर्गत करना था लेकिन 7 एकड 2 डी० जमीन की रशीद काट रही है तो 55 डी० जमीन किस प्लोट का जायदा काट रही है। दुसरी ओर जब पूर्व में पंजी 2 में 13 एकड 50 डी० था। तो वर्तमान में 7 एकड 2 डी० कैसे। फिर 6 एकड 48 डी० जमीन घट कर गई कहा जो लोगों के मन में कई सवाल खड़े कर रहा है। जिससे साफ जाहिर होता है कि जंगल की जमीन को लेकर पंजी 2 में छेड़छाड़ की गयी है। वहीं अजय सिंह के द्वारा इस वन भूमि को लगभग 25 हजार रुपये प्रति डिसमिल जमीन को मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच बिक्री किया जा रहा है।



वर्ष 2021 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहली बार पेपरलेस बजट पेश किया।





# किसानों पर मेहरबान रहीं निर्मला ताई, छह नयी योजनाएं

### केसीसी की ऋण सीमा अब पांच लाख

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के मकसद से छह नयी योजनाओं की घोषणा की तथा सब्सिडी वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से ऋण प्राप्त करने की सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि उनका लक्ष्य देश भर में रोजगार से लेकर फसल उत्पादकता बढ़ाने तक हर चीज को बढ़ावा देना है। संसद में अपना आठवां बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कृषि को 'विकास का पहला इंजन' बताया और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का प्रस्ताव किया। यह सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य कम उत्पादकता, कम फसल लेने वाले क्षेत्र (जिन स्थानों पर दो या तीन की जगह कम या केवल एक ही फसल ली जाती हो) और ऋण लेने के औसत मापदंडों से कम ऋण लेने वाले 100 कृषि-जिलों को लक्षित करना है। राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में लागू की जाने वाली इस योजना से कृषि उत्पादकता बढ़ने, फसल विविधीकरण और कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे में सुधार के जरिये 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

**ग्रामीण समृद्धि और मजबूती कार्यक्रम :** ग्रामीण बेरोजगारी को दूर करने के लिए सरकार एक व्यापक 'ग्रामीण समृद्धि और मजबूती' कार्यक्रम लागू करेगी। सीतारमण ने कहा, इनका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर पैदा करना है, ताकि पलायन एक विकल्प रहे, लेकिन अनिवार्यता न होने पाये। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं, युवा किसानों, ग्रामीण युवाओं, सीमांत और छोटे किसानों और भूमिहीन परिवारों पर केंद्रित होगा। दलहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए एक बड़े कदम के रूप में छह साल का मिशन अरहर, उड़द और मसूर उत्पादन को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। इस पहल के तहत, सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ इन एजेंसियों के साथ समझौते करने वाले पंजीकृत किसानों से चार साल तक दालों की खरीद करेंगी।

**नया रिसर्च इकोसिस्टम :** एक नया रिसर्च इकोसिस्टम मिशन, अधिक उपज, कीट-प्रतिरोधी और प्रतिकूल जलवायु-सहिष्णु बीजों को विकसित करने और प्रचारित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें जुलाई, 2024 से शुरू की ग/१ 100 से अधिक बीज किस्मों को व्यावसायिक रूप से जारी करने की योजना है।



## केसीसी से मिलेगा ज्यादा कर्ज

वित्त मंत्री ने केसीसी लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की, 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए सब्सिडी वाले अल्पकालिक ऋण की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने का प्रस्ताव किया।

## पांच वर्षीय कपास मिशन

इसके अतिरिक्त, एक पांच वर्षीय कपास मिशन उत्पादकता में सुधार और 'एक्स्ट्रा-लांग स्टेपल' कपास किस्मों को बढ़ावा देने पर काम करेगा, जो कपड़ा क्षेत्र के लिए भारत के एकीकृत 5-एफ दृष्टिकोण का समर्थन करेगा। मछली और जलीय कृषि में दूसरे सबसे बड़े वैश्विक उत्पादक के रूप में भारत की स्थिति को मान्यता देते हुए 60,000 करोड़ रुपये के समुद्री खाद्य निर्यात के साथ सरकार भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र और दूर समुद्र में स्थायी मछली पकड़ने के लिए एक रूपरेखा पेश करेगी और इसके लिए विशेष रूप से अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूह पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## असम में लगेगा यूरिया प्लांट

अन्य घोषणाओं में असम के नामरूप में एक नए यूरिया संयंत्र की योजना भी शामिल है, जिसकी वार्षिक क्षमता 12.7 लाख टन है। इसके अलावा सहकारी क्षेत्र के ऋण संचालन के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को समर्थन बढ़ाने की घोषणा की गयी है। बागवानी क्षेत्र में, बढ़ती आय के कारण से प्रेरित बढ़ती खपत पद्धति को ध्यान में रखते हुए, सब्जियां, फल और श्री अन्न उगाने वाले किसानों के लिए उत्पादन, कुशल आपूर्ति श्रृंखला, प्रसंस्करण और लाभकारी कीमतों को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम लागू किया जाएगा। इस पहल को राज्यों के साथ साझेदारी में लागू किया जाएगा, जिसमें उचित संस्थागत तंत्र के माध्यम से किसान-उत्पादक संगठनों और सहकारी समितियों को शामिल किया जाएगा। बजट पर टिप्पणी करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह एक दूरदर्शी बजट है, जिसमें समाज के हर वर्ग के साथ-साथ हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। बजट में कृषि और किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। चौहान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, इसमें विश्वास की खुशबू है, विकास की तड़प है और विकसित भारत के निर्माण की बैचैनी है। उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है।

## यह रोजगार सृजन करने वाला बजट है: डॉ संजय कुमार सिंह



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा की वित्त मंत्री निर्मला सितारमण ने इतिहास रचते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 को पेश किया है। इस बजट में विभिन्न क्षेत्रो जैसे कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए विशेष ध्यान आकृष्ट किया गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट में बीमा क्षेत्र में एफडीआइ सीमा 74प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की योजना है। 12 लाख तक के आय पर अब कोई आयकर नहीं देना पड़ेगा। इस बजट में इंफ्रा डेवलपमेंट पर सरकार का विशेष फोकस है इसके लिए राज्यों को बिना ब्याज का लोन मिलेगा। जिसका दायरा अब 1.5 डेढ लाख करोड़ रूपए तक रहेगा। डॉ सिंह ने कहा की इस बजट में मुख्य रूप से दस क्षेत्रों में विकास के लिए जोर दिया गया है। इनमें कृषि क्षेत्र में वृद्धि और ग्रामीण संपन्नता और रेजीलिएंस को बढ़ाना, हर किसी को समावेश विकास के रास्ते पर लेकर जाना, मेक इन इंडिया को आगे करना, सुक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यम को सपोर्ट करना, रोजगार पर आधारित आर्थिक विकास के लिए रास्ता बनाना, उर्जा की आपूर्ति को सुनिश्चित करना आदि प्रमुख रूप से है ।

## पीएम मोदी का आम बजट गरीब विरोधी : धर्मराज



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस झारखंड प्रदेश धर्मराज राम ने कहा कि वित मंत्री निर्मला सीतारमण का जारी आम बजट सिर्फ मुरारी लाल के सपने जैसा है। हर बार भाजपा की केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार देने की बात कहते हैं, लेकिन छात्र लगातार धरने पर बैठ रहे हैं। किसानों की बात करते हैं गत 12वर्षों में किसानों की आत्महत्या का ग्राफ बढ़ता ही रहा है। यहां तक कि उन लोगों को देशद्रोही आतंकवादी नाम दिया जाता है। आम आदमी का महंगाई से कमर टूट चुकी है, किताबों और दवाओं पर 18-18 प्रतिशत टैक्स लगाया जा रहा है और आभूषण में 5 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है। यह गरीब विरोधी बजट है, केंद्र सरकार पूरी तरह से विफल हो गयी है। नैतिकता के नाते भाजपा केंद्र सरकार को इस्तीफा देना चाहिए और विपक्ष में बैठना चाहिए।

## यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: विजय वर्मा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पटेल नगर निवासी समाजसेवी विजय वर्मा ने कहा की वित्त मंत्री निर्मला सितारमण ने इतिहास रचते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 को पेश किया है। इस बजट में विभिन्न क्षेत्रो जैसे कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए विशेष ध्यान आकृष्ट किया गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट में बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा 74प्रतिशत से बढ़ाकर 100प्रतिशत करने की योजना है। 12 लाख तक के आय पर अब कोई आयकर नहीं देना पड़ेगा। इस बजट में इंफ्रा डेवलपमेंट पर सरकार का विशेष फोकस है इसके लिए राज्यों को बिना ब्याज का लोन मिलेगा। जिसका दायरा अब 1.5 डेढ लाख करोड़ रूपये तक रहेगा। डॉ सिंह ने कहा की इस बजट में मुख्य रूप से दस क्षेत्रों में विकास के लिए जोर दिया गया है। इनमें कृषि क्षेत्र में वृद्धि और ग्रामीण संपन्नता और रेजीलिएंस को बढाना, हर किसी को समावेश विकास के रास्ते पर लेकर जाना, मेक इन इंडिया को आगे करना, सुक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यम को सपोर्ट करना, रोजगार पर आधारित आर्थिक विकास के लिए रास्ता बनाना, उर्जा की आपूर्ति को सुनिश्चित करना आदि प्रमुख रूप से है ।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता चितरपुर अंचलाधिकारी दीपक मिंज ने किया, पूजा को लेकर चितरपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत और दुलमी प्रखंड के कई पंचायत से लोग शांति समिति की बैठक में भाग लिए उक्त बैठक में रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की विद्यादायिनी देवी मां सरस्वती की पूजा संपन्न शांतिपूर्ण तरीके से किया जाये थाना प्रभारी ने कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार पूजा स्थलों पर डीजे साउंड बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है और पूजा अर्चना के पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन दूसरे दिन देर शाम तक करने को निर्देश दिया गया। इस मौके पर पूरे क्षेत्र में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना करें और मूर्ति विसर्जन के दौरान जुलूस के दौरान शामिल ग्रामीण नशा का सेवन से दूर रहें, सरस्वती पूजा अर्चना को लेकर शांति समिति में पहुंचे विभिन्न पंचायत दर्जनों प्रतिनिधियों द्वारा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारगी के साथ मनाने पर विचार विमर्श दिया। इस मौके पर उदय प्रसाद यादव, अखिलेश सिंह, अशोक सिंह, संजय कुमार सिंह, विकास कुमार, मुखिया राजीव कुमार मेहता, उप मुखिया उमाशंकर महतो, अयोध्या प्रसाद वर्मा, हरिदास महतो, सुलेमान अंसारी, बशीर अंसारी, प्रकाश करमाली, प्रकाश रंजन महतो, बैजनाथ ओहदार, मच्छिंद्र महतो विभिन्न पंचायत के कई प्रतिनिधि शामिल थे।

# बजट में किसानों और मध्यम वर्गीय लोगों का रखा गया ध्यान

### 12 लाख तक टैक्स खत्म, विपक्ष ने कहा शिक्षा और ग्रामीण विकास हासिए पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सदन में बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने नये टैक्स रिजिम को जारी कर आम जनता को बड़ी राहत देने का संदेश दिया है। बजट में टैक्स की छूट आम लोगों को महंगाई की मार से भी राहत दिला सकती है। लेकिन इसके अलावा एफडीआइ का प्रावधान, एमएसएमइ में मध्यम वर्गीय व्यापार को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल सीट बढ़ाने और कृषि को बढ़ावा देने जैसे बड़े मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। हालांकि विपक्ष इसे सिर्फ दावों का बजट बता रहा है, लेकिन सत्ता पक्ष में शामिल लोग इसे मोदी का तोहफा मान रहे हैं। आम नागरिक भी बजट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दे रहे हैं। सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि 1 लाख रुपए प्रति महीना कमाने वाले व्यक्ति को कोई भी टैक्स देने की आवश्यकता नहीं है। जिससे जनता की जेब भरी की भरी रहेगी। इसके अलावा देश में 6.5 हजार आईआईटी सीट बढ़ाने, मेडिकल एजुकेशन में 75000 सीट बढ़ाने, फलों और सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने, किसानों को कम ब्याज पर 5 लाख तक का लोन उपलब्ध कराने, मखाना के किसानों के लिए बोर्ड बनाने जैसी बातें रखी गयी है।













### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का सकारात्मक प्रयास है: अमित साहू

फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ सदस्य अमित साहू ने कहा कि बजट से मध्यवर्गीय व्यवसायियों को राहत मिली है। बारह लाख रुपए के आय तक टैक्स को जीरो करना, बहुत ही ऐतिहासिक है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक और सार्थक प्रयास है। आने वाले दिनों में किसानों और मध्यवर्गीय व्यवसायियों के लिए यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

### भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की इस बजट में दिखी झलक: विनय अग्रवाल

रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि आज का बजट बेहद शानदार है। इस बजट ने ना केवल आयकर के भार को काम किया है, अपितु लोगों के लिए नये अवसर प्रसन किये है। चाहे वो उच्च शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थय सुविधा, रोजगार हो या पर्यटन, ऊर्जा हो या लघु, माध्यम उद्योग हर किसी के लिए ये खास है। भारतीय अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना इस सरकार का संकल्प है, और इसकी झलक इस बजट में दिखती है।

### इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था में बदलाव आयेगा: हरीश चौधरी

व्यापारी हरीष चौधरी ने कहा कि यह बजट शानदार है, इससे केवल आयकर के भार को कम किया है, अपितु लोगो के लिए नये अवसर प्रदान किए है। चाहे वो उच्च शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य सुविधा, रोजगार हो या पर्यटन, ऊर्जा हो या उद्योग हर किसी के लिए ये खास है। कृषि क्षेत्र और व्यापार के लिए लोन सुविधा को और सरलीकरण किया गया। इससे निश्चित ही देश की अर्थ व्यवस्था में बदलाव आयेगा।

### देश का सर्वांगीण विकास करने वाला बजट: रंजीत सिन्हा

रामगढ़ की जनता ने भी बजट पर अपनी मिली जुली प्रतिक्रिया जाहिर की है। वरीय भाजपा नेता रंजीत सिन्हा ने कहा कि आम बजट देश का सर्वांगीण विकास करने वाला बजट है। आम आदमी के क्रय शक्ति में बढ़ोतरी होगी। बाजार में उद्योग बढ़ेंगे तो रोजगार के अवसर मिलेंगे। इलेक्ट्रिक कार बैट्री, 36 जीवन रक्षक दवा से कस्टम ड्यूटी हटाने, टीवी-फोन जैसी आम आदमी के उपयोग की चीजों के दाम कम करने से जीवन सरल होगा।

### इस बजट में सीनियर सिटीजन को जगह नहीं मिली: भास्कर दत्ता

सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर दत्ता ने कहा कि इस बजट में सीनियर सिटीजन को जगह नहीं मिली है। पहले रेलवे में बुजुर्गों को राहत मिलती थी। लेकिन वहां भी उन्हें हसीए पर रखा गया। सरकार चुनाव के लिए चुन चुन कर विभिन्न वर्गों को रुपए बांट रही है। सिर्फ सीनियर सिटीजन को दूर रखा जा रहा है, जबकि यह एक बड़ा वर्ग है। मध्यमवर्गीय परिवारों को भी बजट से कोई सीधा फायदा होता दिखायी नहीं दे रहा।

### व्यापारियों को कोई भी फायदा नहीं होने वाला है: मुरारीलाल

व्यापारी मुरारी लाल अग्रवाल ने कहा कि इस बजट से व्यापारियों को कोई भी फायदा नहीं होने वाला है। हालांकि व्यापारियों ने बड़ी उम्मीद से बजट में शामिल होने की कोशिश की थी। लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया। ना लोन में रियायत मिली और ना ही टैक्स में उन्हें कोई बदलाव होता दिखायी दिया।

### देश की अर्थव्यवस्था ठीक होगी: प्यारेलाल

अधिवक्ता प्यारेलाल महतो ने कहा कि इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम नागरिकों को मजबूत करने के लिए संकल्प लिया है। उनका यह संकल्प देश के बजट में भी परिलक्षित हो रहा है।

### देश में पूंजी निवेश के लिए भी बेहतर स्कीम लायी गयी है: अनमोल सिंह

छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने कहा कि आजादी के बाद का सबसे बेहतर बजट पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बधाई के पात्र हैं। इस बजट में व्यापारियों, छात्रों, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास के साथ-साथ किसानों को भी बढ़ावा देने का काम किया गया है। चाहे कोई भी कम करें, सरकार उनके साथ रहेगी। कम ब्याज में किसानों को लोन मिलेगा, छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों को लोन 10 करोड़ तक दिया जाएगा, ताकि उद्योग में इजाफा हो सके। देश में पूंजी निवेश के लिए भी बेहतर स्कीम लाया गया है, इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बाजार में उद्योग बढ़ेंगे तो रोजगार के अवसर मिलेंगे। इलेक्ट्रिक कार बैट्री, 36 जीवन रक्षक दवा से कस्टम ड्यूटी हटाने, टीवी-फोन जैसी आम आदमी के उपयोग की चीजों के दाम कम करने से जीवन सरल होगा ।कृषि क्षेत्र और व्यापार के लिए लोन सुविधा को और सरलीकरण किया गया। इससे निश्चित ही देश की अर्थ व्यवस्था में बदलाव आयेगा।

# फर्जीवाड़ा करने का आरोपी गिरफ्तार

### कार्यपालक अभियंता ने लेखा लिपिक मो सलाहुद्दीन अंसारी पर दर्ज कराई प्राथमिकी, रामगढ़ डीसी ने प्रपत्र 'क' गठित करने का दिया है आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कार्यालय में पदस्थापित लेखा लिपिक सह रोकड़पाल मो सलाहुद्दीन अंसारी ने कार्यालय में बवाल मचा रखा है। उसके फर्जीवाड़े की एक से बढ़कर एक कहानी सामने आ रही है। कार्यपालक अभियंता राजकुमार भारती ने जब उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी तो सलाहुद्दीन अंसारी का एक नया ही रूप लोगों के सामने आया। शनिवार को रामगढ़ पुलिस जब समाहरणालय परिसर में विशेष प्रमंडल कार्यालय पहुंची, तो सलाहुद्दीन उन्हें देखकर ही भागने लगा। पुलिस जब उसके पीछे दौड़ी तो सलाहुद्दीन ने काफी हो हंगामा किया और समाहरणालय परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। पुलिस उसे पकड़कर रामगढ़ थाने ले आई है। जिसके बाद जेल भेज दिया।

**कार्यालय में आवंटित उपकरण को घर ले गये सलाहुद्दीन :** कार्यपालक अभियंता ने बताया कि मोहम्मद सलाहुद्दीन ने कार्यालय को आवंटित कई सरकारी उपकरण को अपने घर में लगा रखा है। सरकारी उपकरणों में कंप्यूटर, प्रिंटर, इनवर्टर आदि शामिल हैं। जांच के दौरान विभागीय टीम ने इस बात की पुष्टि भी की है। यह कहा गया है कि सरकारी उपकरणों का उपयोग वे निजी तौर पर कर रहे हैं। ड्राइवर और अनुसेवक के दो पद पर एक ही व्यक्ति को दे रहे वेतन।

लेखा लिपिक सह रोकड़पाल मो सलाहुद्दीन अंसारी पर प्रपत्र 'क' गठित करने का आदेश डीसी चंदन कुमार ने 16 नवंबर 2024 को दिया था। उन्होंने कहा था कि सलाहुद्दीन अंसारी मनमानी ढंग से कार्य करते हैं। रोकड़बही सहित अन्य सभी दस्तावेजों का प्रभार नहीं दे रहे हैं। पदाधिकारी द्वारा दिए गए आदेश का उल्लंघन करने के साथ-साथ प्रकाश महतो अनुसेवक सह वाहन चालक को दोहरा भुगतान करने के संबंध में प्रतिवेदित किया गया है। इस मामले में लेखा लिपिक मो सलाहुद्दीन अंसारी का तत्काल प्रभाव से वेतन स्थापित करते हुए निलंबित संबंधी प्रस्ताव स्पष्ट अनुशंसा सहित समुचित प्राधिकार को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाये। रामगढ़ थाने में फूट फूटकर रोने लगा सलाहुद्दीन।



### फर्जी हस्ताक्षर कर और कार्यालय आदेश फाड़ कर दिखाता था दबंगई

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक पदाधिकारी राजकुमार भारती ने सलाहुद्दीन अंसारी की दबंगई की पूरी कहानी प्राथमिकी में लिखी है। उन्होंने बताया है कि वह पिछले 1 साल से रामगढ़ में पदस्थापित है। इस दौरान वह मनमानी ढंग से काम करते हैं। सरकारी कार्यों में बाधा डालते रहे हैं। व्ययन पदाधिकारी का एफओआर करके अपने हस्ताक्षर से ईंधन के रूप में तेल निकासी कर अपने निजी वाहन में उपयोग करते हैं। पदाधिकारी और कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हैं, पदाधिकारी के द्वारा दिये गये कायार्देश को फाड़ देते हैं। आदेश की अवहेलना करना, व्ययन पदाधिकारी के हस्ताक्षर से छेड़छाड़ करना, मंतव्य में संशोधन करना, एक ही व्यक्ति को दोहरा भुगतान करना, हठधर्मिता के साथ गलत कार्य को करने हेतु दबाव देना, कर्मचारियों को आवंटित कार्य को नजरअंदाज कर सभी कार्यों को अपने स्तर से करने की प्रवृत्ति और उदंडता उनके अंदर कूट-कूट कर भरी है।

### कर्मचारियों के साथ सलाहुद्दीन ने की मारपीट

प्राथमिकी में यह भी बताया गया है कि सलाउद्दीन अंसारी ने कई कर्मचारियों के साथ मारपीट की है। इसमें कंप्यूटर ऑपरेटर आजाद अली भी शामिल हैं। कार्यालय से जबरन खींचकर बाहर करने के मामले में 2 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज की गयी थी इसकी जानकारी अधीक्षण अभियंता को भी दी गयी थी। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सलाउद्दीन अंसारी की कार्यशैली सही नहीं है। अपने नियंत्री पदाधिकारी से बातचीत का तरीका निराशाजनक है। अपने साथ असामाजिक तत्वों को रखकर दूसरों को धमकियां देते हैं। उनका राजनीतिक रसूख भी है, जिसकी वजह से कई जांच के बावजूद हुए कार्रवाई को दबाकर रखे हुए हैं।

## बिजली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज /चतरा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत विशुनपुर में बिजली की चपेट में आने से एक 35 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गयी. मृतक की पहचान विशुनपुर गांव निवासी नरेश यादव के 35 वर्षीय पुत्र संजय यादव के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने गेहूं के खेत से जानवर निकालने गया था। इसी दौरान अनजाने में ग्यारह वोल्ट वाली तार के चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया, हालांकि उसे आनन - फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया वही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इधर मृत्यु की खबर सुनते ही गांव में मातम पसर गया परिजनों के चीख - चीत्कार, से आसपास माहौल गमगीन है।

## आम - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विश्वजीत भगत, पिता-स्व० दिनेश्वर लाल भगत की खतियानी जमीन है जो कि मौजा रोड़ेडीह, थाना - बुण्डू, थाना नं० 72 के खाता नं०- 34, 54, 42, 43 एवं अन्य खाता की कुल रकवा 230.23 एकड़ एवं मौजा सालगाडीह, थाना - बुण्डू, थाना नं० 56 के खाता नं०- 105 के प्लॉट नं०- 131,34,766 एवं 206 एवं अन्य खाता का कुल रकवा - 315 एकड़ 45 डी० जमीन है। उक्त जमीन को मैंने अपने अन्य हिस्सेदारों द्वारा प्राप्त मुख्तारनामे के अनुसार शशांक इन्टरप्राईजेज, पटना, बिहार नामक कंपनी को बिक्री हेतु एकरारनामा किया और यह एकरारनामा अपने पूर्ण शर्तों के साथ जीवित भी है। सर्व साधारण को मैं यह भी सूचित करता हूँ कि इस एकरारनामे के अलावा कोई भी एकरारनामा किसी अन्य व्यक्ति विशेष या संस्था के द्वारा पाया जाता है तो वह मान्य नहीं होगा। इस आम सूचना में यह भी सूचित किया जाता है कि अगर इस एकरारनामा से सम्बंधित कोई विवादग्रस्त ब्यान प्रकाशित किया जाता है तो वह मान्य नहीं होगा और ऐसे प्रकाशन या ब्यान के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

विश्वजीत भगत
पॉवर ऑफ अटॉर्नी (होल्डर)
आधार नं०-365517314991



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1970 में केंद्रीय बजट पेश किया था। वह बजट पेश करने वाली पहली महिला थीं।



# छोटा भाषण बड़ा धमाका!

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अपना लगातार आठवां केंद्रीय बजट पेश करके इतिहास रच दिया। उनका भाषण 1 घंटे 14 मिनट तक चला। इस उपलब्धि के साथ सीतारमण भारत में सबसे ज्यादा बजट पेश करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गयी हैं, जिन्होंने कुल 10 बजट पेश किये थे। मोरारजी देसाई ने 1959 से 1964 के बीच छह बजट और 1967 से 1969 के बीच चार बजट पेश किये। कुछ अन्य प्रमुख वित्त मंत्रियों में पी चिदंबरम शामिल हैं, जिन्होंने नौ बजट पेश किये। प्रणब मुखर्जी ने विभिन्न प्रधानमंत्रियों के तहत आठ बजट पेश किये। इन सब के बीच निर्मला सीतारमण ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबसे अधिक लगातार बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाया है। 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री के रूप में नियुक्त सीतारमण ने 2024 में पीएम मोदी की लगातार तीसरी जीत के बाद भी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाना जारी रखा है। निर्मला सीतारमण ने भारत के इतिहास में सबसे लंबा बजट भाषण देने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। उनका 2020 का बजट भाषण 2 घंटे 40 मिनट तक चला था। हालांकि, सेहत की वजह से उन्हें इसे दो पेज बाकी रहते ही खत्म करना पड़ा था। इसके ठीक उलट, 2024 के अंतरिम बजट में उन्होंने सबसे छोटा भाषण दिया, जो सिर्फ 60 मिनट में पूरा हो गया था। वहीं, 2019 में 2 घंटे 17 मिनट का था। इस बार का भाषण 1 घंटा 14 मिनट का था। निर्मला का पूर्व के भाषणों के अनुसार छोटा भाषण रहा, लेकिन धमाकेदार रहा। उन्होंने मध्यम वर्गीय और नौकरीपेशा लोगों का दिल जीत लिया। टैक्स स्लैब में बदलाव के प्रस्ताव से नौकरीपेशा लोगों की बाछें खिल गयी हैं। अब 12 लाख रुपये तक टैक्स में रियायत मिल सकेगी। बजट में युवा शक्ति का खयाल और अगले दौर के सुधारों का वादा भी दिख रहा है। वहीं, किसानों, बुजुर्गों और महिलाओं का भी ध्यान रखा गया है। संवतः यह सब लोकसभा चुनाव के दौरान युवाओं और नौकरीपेशा लोगों की नाराजगी का असर हो, लेकिन फिलहाल बजट हर वर्ग के लिए खुशी लेकर ही आया है।

**निर्मला सीतारमण ने भारत के इतिहास में सबसे लंबा बजट भाषण देने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। उनका 2020 का बजट भाषण 2 घंटे 40 मिनट तक चला था। हालांकि, सेहत की वजह से उन्हें इसे दो पेज बाकी रहते ही खत्म करना पड़ा था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**यह 'आरआरआर' वाला बजट है। यह बजट बहुत ही रिस्पॉन्सिबल बजट है, रिफॉर्मिस्ट बजट है और रिवॉल्यूशनरी बजट है, जहां तक देश की इकॉनमी गवर्नेंस और पॉलिटिकल इकोनॉमी का सवाल है या पॉलिटिक्स का सवाल है, तो कह सकते हैं कि आज बिहार के चुनाव का एलान हो गया और दिल्ली के बूथ पर कब्जा हो गया। क्योंकि 1997 के बजट के बाद मिडिल क्लास को इतनी बड़ी राहत दी गयी है, जिनकी इनकम 12 लाख तक है उनकी इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। ये एक बहुत बड़ी राहत है।**

# विश्लेषण : यह 'आरआरआर' वाला बजट



**संजय पुगलिया**



देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। इस बजट में मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी गयी है। वित्त मंत्री ने टैक्सपेयर्स के लिए 12 लाख रुपये तक की इनकम पर टैक्स में छूट दी है। वित्त मंत्री के इस ऐलान का मिडिल क्लास के लिए क्या मायने हैं और ये बजट देश के लिए कैसा और देश की ग्रोथ पर ये कैसा असर डालेगा। इस पर डालते हैं नजर।

यह 'आरआरआर' वाला बजट है। यह बजट बहुत ही रिस्पॉन्सिबल बजट है, रिफॉर्मिस्ट बजट है और रिवॉल्यूशनरी बजट है, जहां तक देश की इकॉनमी गवर्नेंस और पॉलिटिकल इकोनॉमी का सवाल है या पॉलिटिक्स का सवाल है, तो कह सकते हैं कि आज बिहार के चुनाव का एलान हो गया और दिल्ली के बूथ पर कब्जा हो गया। क्योंकि 1997 के बजट के बाद मिडिल क्लास को इतनी बड़ी राहत दी गयी है, जिनकी इनकम 12 लाख तक है उनकी इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। ये एक बहुत बड़ी राहत है। वहीं 25 लाख के बाद 30 प्रतिशत का टैक्स लगेगा। ये राहत किसी भी 'रेवड़ी', जो कि गैररेस्पॉन्सिबल तरीका होता है, उससे ज्यादा बड़ा है।

बजट में वित्तमंत्री के ऐलान ने बहुत बड़ी आबादी को टैक्स में राहत दी है। इससे दो चीजें होंगी। पहली ये कि कंजप्शन बूस्ट होगा। इसका मतलब होता है कि अब आप इन्वेस्ट करने के लिए प्राइवेट सेक्टर को एक आधार दे रहे हैं कि आइये इन्वेस्ट करिये और क्षमता बढ़ाइये। इससे नौकरियां पैदा होंगी। नौकरियां पैदा होंगी तो आपकी ग्रोथ बढ़ेगी, जो हमारी सबसे बड़ी जरूरत है। बेशक इस बजट से बिहार में चुनाव का ऐलान हो गया है और दिल्ली में 'बूथ कब्जा' हो गया है।

**देश का मिडिल क्लास, व्यापारी, एसएमइ या दुकानदार या छोटी कमाई वाले, यही वो लोग हैं जो भारत का ग्रोथ इंजन चलाते हैं।**

### कैपेक्स ज्यादा नहीं बढ़ाया

मैंने इसे 'आरआरआर' इसलिए कहा, क्योंकि यह रिस्पॉन्सिबल इसलिए है कि फिस्कल डेफिसिट के नंबर पर जो वादा था उस पर ये बिल्कुल अड़े हुए हैं और 4.8 से अगले साल के लिए 4.4 का फिस्कल डेफिसिट का टारगेट रखा गया है। सरकारी खर्चा, इन्वेस्टमेंट और ग्रोथ के लिए कैपेक्स थोड़ा बढ़ाया है, हालांकि बहुत ज्यादा नहीं बढ़ाया। ये उनके जिम्मेदाराना व्यवहार के पैटर्न को बताता है, लगातार वित्त मंत्री इतने सालों में इस पर ध्यान देती आयी हैं। पूरी मोदी सरकार फिस्कल प्रूडेंस को लेकर हमेशा बहुत सीरियस रही है।

दूसरी बड़ी चीज ये है कि पावर हो या माइनिंग या अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर हो, आप जब इस इकोनॉमिक इंजन को बढ़ाने के लिए सब पर सरकार जोर लगा रही है। उसके अलावा जॉब पैदा करने के लिए जमीनी स्तर पर जो एग्रीकल्चर के लेवल पर और रूरल के लेवल पर काम होना है, उसके बारे में बहुत पॉइंटेड और टारगेटेड स्कीम्स हैं। निजी क्षेत्र में भी निवेश बढ़ेगा। उदाहरण के लिए-100 जिलों में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, अब वह एक ऐसा बूस्टर डोज बनेगा, जिसे पूरे देश में लागू किया जाये, टारगेटेड तरीके से काम किया जाये, तो उसमें बहुत फर्क पड़ेगा।

तीसरी चीज यह है कि देशी या विदेशी इन्वेस्टमेंट बढ़ाने के लिए कंजप्शन और टैक्स राहत का एक बड़ा आधार बनाकर सरकार ने कंप्लायंस पर, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर बहुत जोर लगाया है। उसमें देशी और विदेशी निवेशकों के लिए कंप्लायंस के बहुत सारे बर्डन हटाने के लिए एलान किये गये हैं। केवाइसी के बारे में कहा है कि बहुत जटिलता थी, उससे बहुत दिक्कत होती थी, उसको ये ठीक कर रहे हैं।

### बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआइ

बहुत सारे ऐसे भी क्लॉजेस हैं, जिनका जिक्र वित्त मंत्री ने किया है, जिसका संबंध एफडीआइ से होगा, जिससे मल्टीनेशनल कंपनी यहां आकर पैसा लगा सकें। इसी तरह से इंश्योरेंस में 100 प्रतिशत का एफडीआइ 74 से बढ़ाना, ये भी एक बहुत बड़ा कदम है। मैं इसे रिवॉल्यूशनरी इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि ये बजट उस मिडिल क्लास को बहुत एनर्जी देगा, जो इनका बहुत बड़ा वोटर तबका है। मैंने इस बजट को रिस्पॉन्सिबल इसलिए कहा, क्योंकि फिस्कल प्रूडेंस का पूरा ध्यान रखा गया है, ये बड़ी बात है। तीसरा ये बजट रिफॉर्मिस्ट इसलिए है, क्योंकि हमेशा हम बात करते थे कि आप लोगों पर ट्रस्ट नहीं करते। शुक्रवार को आये अनंत नागेश्वर के लिखे इकोनॉमिक सर्वे में बहुत ही ग्रेशियस भाषा में सरकारों पर क्रिटिक था कि आप लोगों को ट्रस्ट नहीं करते। आप उन पर जब तक ट्रस्ट नहीं करेंगे रेगुलेशन कम नहीं करेंगे तब तक वो एनर्जी जनरेट नहीं होगी।

हमें लगता था कि सर्वे में जो कहा जाता था वो बजट में भी आये, ये जरूरी नहीं है, लेकिन इस बजट में सर्वे की बहुत सारी क्रांतिकारी बातों को लागू किया गया है. जो राहत बजट में दी गयी है, वह किसी ने सोचा नहीं था।

### बजट में मिडल क्लास को ताकत

देश का मिडिल क्लास, व्यापारी, एसएमइ या दुकानदार या छोटी कमाई वाले, यही वो लोग हैं जो भारत का ग्रोथ इंजन चलाते हैं। जब इनको एनर्जी दी जाती है, तो इसका इंपैक्ट बहुत बड़ा होता है। इस बजट से अगर मैं अपनी उम्मीद की बात करूं तो कल मैं अपने घर में भी कह रहा था कि मैं 10 लाख तक टैक्स में छूट की उम्मीद करता हूं, लेकिन मेरी बहू ने कहा कि उनको 12 लाख की छूट की उम्मीद है। अगर मैंने शर्त लगायी होती, तो मैं हार जाता। क्योंकि उनकी 12 लाख की बात सही निकल आयी। 1997 के बाद मिडिल क्लास के लिए ये सबसे बड़ी राहत है। टैक्स में दी गयी छूट कंजप्शन और इनवेस्टमेंट के साइकिल को चलाने के लिए ये एक बहुत बड़ा बूस्टर डोज है। जाहिर है कि इसके पीछे पॉलिटिकल सोच तो हमेशा रहती ही है। किसी भी लोकतंत्र में पॉलिटिकल लीडरशिप का काम है कि अपने लोगों या कहें कि अपने टारगेट ऑडियंस का ध्यान रखना। इसके साथ ही ये पूरे इकोनॉमिक साइकिल के लिए बहुत जरूरी भी है।

**भारत के ज्यादातर टैक्सपेयर इस टैक्स रिलीफ कैटेगरी में :** इस बजट में ये बहुत साफ पता नहीं चलता, लेकिन जितनी ग्लोबल अनिश्चितता है, उसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि बजाय इंटरनल फैक्टर के एक्सटर्नल फैक्टर से हम कितना ग्रो करेंगे। हमारी निर्भरता इंटरनल पर ज्यादा रहे इसके लिए बहुत बड़ा बेस तैयार किया जा रहा है। ये टैक्स रिलीफ अमाउंट अभी सुनने में भले ही बहुत बड़ा नहीं लग रहा होगा, क्योंकि शहरी लोग ज्यादा सैलरी वाले लोग होंगे, लेकिन भारत के ज्यादातर टैक्सपेयर इसमें आ जाते हैं। इस छूट की वजह से टैक्स बेस भी बढ़ेगा। भारत में पर्सनल इनकम टैक्स पहले से ही कॉरपोरेट टैक्स के ऊपर जा चुका है। अभी 12-14 करोड़ के आसपास का जो नंबर है... शुरू में बहुत कम लोग टैक्स देते थे, तब हमारा टैक्स कलेक्शन कितना था और अभी का नंबर देखें तो इसमें बहुत बड़ी बढ़त हुई है। अब लोग ज्यादा टैक्स देने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

### टैक्स ने कानूनी पचड़े कम किये

इकनॉमिक एक्टिविटी में जुटे मध्य वर्ग और साधारण लोगों पर कंप्लायंस और क्रिमिनल एक्शन की तलवार हमेशा लटकती रहती है। उसके बारे में ये बजट साफ बता रहा है कि करीबन 50 प्रतिशत कंप्लायंस ये हटाने जा रहे हैं और इसके लिए एक कमीशन बनाया जायेगा, जो इस पर जल्दी फैसला कर लेगा। इसी तरह से अब आप चार साल तक अपना रिटर्न भर सकते हैं और उसको अपडेट कर सकते हैं, ये बहुत बड़ी फ्लेक्सिबिलिटी है।

निर्मला सीतारमण ने जो टर्म यूज किया 'ट्रस्ट फर्स्ट, स्क्रूटनाइज लेटर' ये अप्रोच है और ये बहुत जरूरी भी है। क्योंकि अगर आप लोगों पर ही विश्वास नहीं करेंगे, तो आपको 10 प्रतिशत का ग्रोथ देने वाली और आपको विकसित भारत बनाने वाली एनर्जी कहां से जनरेट होगी।

**(लेखक एनडीटीवी के एडिटर इन चीफ हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# उपायुक्त के निर्देश पर खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, पुलिस की भूमिका पर उठ रहा सवाल

## छह हाइवा, पांच ट्रैक्टर और 50 हजार सीएफटी अवैध बालू जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ईचागढ़।** सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को विभाग ने कारवाई करते हुए जारगोडीह और आसपास क्षेत्र से 50 हजार सीएफटी अवैध बालू जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान खनन विभाग ने एक ट्रैक्टर को भी जप्त किया। हालांकि ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। बीते सप्ताह में डीएमएफटी कमेटी की बैठक में डीसी और एसपी ने खनन विभाग को अवैध बालू खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों के निर्देश के तहत यह कार्रवाई की गयी। बताया जारहा है शुक्रवार को भी खनन विभाग ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे छह हाइवा और चौका थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे पांच ट्रैक्टर को जप्त किया गया था। मौके का फायदा उठाकर दो ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित भागने में सफल रहे।

### वैध चालान पर चलता है अवैध बालू का खेल

ईचागढ़ थाना क्षेत्र से वैद्य चालान की आड़ में अवैध बालू खनन, भंडारण और परिवहन का बड़े पैमाने पर खेल चलता है। इसकी भनक डीसी को लगते ही उन्होंने खनन विभाग से इस पर नकेल कसने का निर्देश दिया। जिसके बाद खनन विभाग कारवाई शुरू कर दी। दोनों ही कार्रवाई में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। जिला खनन अधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि शुक्रवार को किए गए कार्रवाई के दौरान सभी वाहन थाना के समीप से पकड़े गए थे इस दौरान चांडिल एसडीओ भी मौजूद थे। वहीं शनिवार की कार्रवाई के लिए जब ईचागढ़ थाना प्रभारी से फोर्स की मांग की गयी तो उन्होंने खानापूर्ति के तौर पर महज दो होमगार्ड दिये। सूत्रों की माने तो बालू माफिया और पुलिस के बीच सांठगांठ से इलाके में अवैध बालू का खनन व्यापक तौर पर चल रहा है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने बताया जब्त सभी बालू की नीलामी की जायेगी। साथ ही जिनके जमीन पर अवैध बालू का भंडारण पाया गया है उनपर एफआइआर दर्ज किया जायेगा। खनन विभाग के कार्रवाई के बाद इलाके के बालू माफियाओ में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान में सबसे ज्यादा अफीम की खेती ईचागढ़ और चौका थाना क्षेत्र में ही पाया गया। इधर बालू के खिलाफ चल रहे कार्रवाई में इन्हीं दो थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर व्यापक भंडारण और परिवहन के मामले सामने आए हैं। ऐसे में साफ समझा जा सकता है ईचागढ़ और चौका के थानेदार क्षेत्र में अवैध गतिविधिया बढ़ रही है। ऐसे में ईमानदार पुलिस अधीक्षक की टीम में दोनों थानेदारों की मौजूदगी कहीं न कहीं प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं।

# वित्त मंत्री के बजट में हर वर्ग की आकांक्षा और आर्थिक विकास पर मजबूत नींव : एसके बेहरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सीआइआइ पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन और आरएसबी ग्रुप के एमडी सह उपाध्यक्ष एसके बेहरा ने भारत के केंद्रीय बजट 2025 पर अपने प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश की गयी भारतीय संघ बजट 2025 एक परिवर्तनकारी और समावेशी रोडमैप है। जो समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को संबोधित करते हुए भारत के आर्थिक विकास की मजबूत नींव रखती है। उन्होंने कहा मध्यम वर्ग को प्रदान की गयी महत्वपूर्ण राहत बजट का एक प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा बजट में 12 लाख तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं लगने की घोषणा एक ऐतिहासिक निर्णय है। जो मध्यम वर्ग को बहुत जरूरी राहत प्रदान करेगी, डिस्पोजेबल आय में वृद्धि करेगी और खपत को बढ़ावा देगी। यह कदम किराये पर टीडीएस सीमा को 2.40 लाख से बढ़ाकर 6 लाख करने के साथ छोटे करदाताओं पर वित्तीय बोझ को कम करने और आर्थिक समावेशन को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। फ्रीलांस और अनुबंधित कार्यबल के लिए लाभों को सुव्यवस्थित करेगी। यह पहल न केवल गिग वर्कर्स को सशक्त करेगी बल्कि अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण में भी योगदान देगी। धन धान्य कृषि योजना की शुरूआत का लाभ 1.7 करोड़ किसानों को मिलेगी। जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत के साथ पलायन को कम करेगी। साथ ही टीडीएस दरों और सीमाओं का युक्तिसंगत बनाना, कर प्रक्रिया को सरल और करदाता अनुकूल बनायेगा।

भारत को खिलौना निर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना सरकार का एक रणनीतिक कदम है। जो विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और रोजगार सृजित करेगी। बजट में 50 शीर्ष पर्यटन स्थलों का विकास और हील इन इंडिया के माध्यम से मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देना न केवल पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करेगा बल्कि भारत में एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी। बजट में ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और कौशल निर्माण पर समावेशी विकास और जीवन स्तर में सुधार लायेगी। उद्योग जगत के नेता ने कहा सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ताकि इन उपायों का लाभ देश के हर कोने तक पहुंच सके। उन्होंने कहा बजट भारत की लचीलापन और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। यह न केवल अर्थव्यवस्था की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करती है बल्कि एक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करती है। पूरा विश्वास है प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर और भी अधिक चमकेगा।

# केंद्र सरकार ने निराशा जनक बजट पेश कर आम जनता को किया छलने का कार्य : आनंद बिहारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने केंद्रीय बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का सबसे कमजोर और घुमावदार बजट बताया। उन्होंने कहा बजट में भारत के भोले-भाले जनता को बडे रुप में छलने का प्रयास किया गया। ठोस रोजगार के अवसर नौजवानो के लिए नहीं है। बजट को राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर बनाया गया। इससे राजनैतिक स्वार्थ झलक रही। उन्होंने कहा झारखण्ड का बकाया भुगतान करने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं रखा जाना केंद्र सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैए को दर्शा रही है। गरीबों के उत्थान के लिए कोई ठोस योजना नहीं लाया गया। किसानों के लिए भी कोई ठोस योजना नहीं है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी कोई मजबूत योजना को बजट में स्थान नहीं दिया गया। गरीब लोगों के लिए यातायात सुविधा की भी अनदेखी की गयी। उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को बजट में कोई राहत नहीं है। आदिवासी, अजा, अजजा और पिछडें लोगों को रोजगार और व्यवसाय में भी ठोस कदम बजट में नहीं है।

# बजट 2025 जन हितकारी : सरयू राय



**जमशेदपुर ( आजाद सिपाही)। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा यह बजट जन हितकारी है। बजट में सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ है। विधायक ने कहा मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। अब वो ज्यादा बचत कर सकेंगे। साथ ही ज्यादा निवेश या खर्च भी कर सकेंगे। इसका लाभ अर्थव्यवस्था को होगा। राय ने कहा इससे जीडीपी बढ़ेगी। इससे देशबके ओवरऑल अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।**

# केंद्रीय बजट 2025 राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित : डॉ अजय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार ने संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025 को आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपनी राजनीतिक लाभ बनाया। डॉ अजय ने कहा महंगायी चरम सीमा पर है। युवाओ के लिए नौकरियां भी नही हैं। उन्होंने कहा 10 साल तक मध्यम वर्ग पिस्ता रहा। 80 करोड़ जनता मुफ्त भोजन पर निर्भर है। उन्होंने कहा सबसे बड़ी बात है एक तरफ इन्कम टैक्स में छूट की घोषणा की गयी, दूसरी तरफ पॉपकॉर्न पर जीएसटी लगा दी गयी। आलम यह है गब्बर सिंह टैक्स ने लोगो की कमर तोड़ दी। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। बजट में वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा की गयी। मजे की बात है कृषि प्रधान देश में किसान अपने अधिकारों के लिए वर्षों से लड़ रहे। डॉ अजय ने कहा मौदी सरकार में अमीरों का कर्ज तो माफ हो जाता, लेकिन किसानों को अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करना पड़ता है। कर्ज के बोझ तले दबे किसानों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अब तो वित्त मंत्री ने बजट में 12 लाख वाला लॉलीपॉप आम जनता को थमा दी।

# केंद्रीय बजट से आम जनता को कोई राहत नहीं : सुधीर कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के समाजवादी चिंतक और अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा मोदी सरकार के बजट में आम जनता और गरीबों के लिए कुछ भी नहीं है। यह लोक लुभावना और जनता को ठगने वाला बजट है। कुल मिलाकर कहा जाये तो यह बजट बकवास है। उन्होंने कहा बीते 10 सालों में सरकार जो भी बजट पेश किया उनमें किसी को पूरा नहीं किया। बजट में देश के किसान, युवा, गरीब मजदूर के साथ आम जनता के लिए कोई राहत नहीं। उन्होंने कहा बिहार और झारखंड को नदेखी की गयी। है। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने हर साल की तरह इस साल भी बकवास बजट पेश की। अमीरों को ध्यान में रखकर बजट बनाया जाता है। रेलवे के क्षेत्र में भी कुछ लग्जरी ट्रेन चलायी जायेगी। उसमें गरीबों को कोई राहत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा मोदी सरकार के इंजन फेल होकर पटरी से उतर चुकी है। केंद्रीय सरकार का यह बजट चुनावी बजट है।

# झारखंड के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय फलक पर मिलेगी पहचान : मुख्य सचिव

**मुख्य सचिव अलका तिवारी गढ़वा जिले के पर्यटन स्थल अन्नराज डैम का किया भ्रमण**

**अन्नराज डैम को पर्यटन तथा इको टूरिज्म के दृष्टिकोण से किया जायेगा और भी विकसित**



आजाद सिपाही संवाददता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शनिवार को गढ़वा जिले के अन्नराज डैम का भ्रमण किया। इस दौरान वहां की मुखिया कौशल्या देवी ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

अन्नराज डैम पहुंचने के बाद उन्होंने डैम में पर्यटन के विकास और इको टूरिज्म के संबंध में जानकारी हासिल की और सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक रूप से बहुत ही समृद्ध है और इसकी प्राकृतिक समृद्धि को राष्ट्रीय फलक पर लाने में राज्य सरकार प्रयत्नशील है। सरकार द्वारा झारखण्ड के सभी पर्यटन स्थलों को इको टूरिज्म एवं टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित करने का काम किया जा रहा है।

मौके पर मुख्य सचिव ने डैम के अन्य क्षेत्रों में भी पर्यटन के विकास पर फोकस करने की बात कही तथा इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि डैम में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। प्रकृतिक दृष्टिकोण से यह जगह बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। इस डैम से आस पास के 250-300 गांव में सिंचाई की जा रही है। यह और भी ज्यादा विकसित होगा। जिला प्रशासन द्वारा इसको और भी बेहतर और विकसित करने को लेकर प्रस्ताव भेजा गया जिसपर राज्य सरकार द्वारा इस डैम क विकास की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व मुख्य सचिव को गढ़वा आगमण पर परिसदन गढ़वा में उपायुक्त ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

मुख्य सचिव के साथ सेवानिवृत पूर्व मुख्य सचिव डॉ डीके तिवारी, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, गढ़वा बीडीओ और सीओ समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आम बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

## बजट में विद्यार्थियों के भविष्य को केंद्र में रखा जाना सुखद संकेत : मंजूल शुक्ला



गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ला ने बजट पर अपने व्यक्तव्य देते हुए कहा कि इस बार के बजट में विद्यार्थियों के भविष्य को केंद्र में रखा जाना सुखद संकेत है। नवाचार के साथ सरकारी स्कूलों में भी आधुनिक ढंग से शैक्षणिक पठन-पाठन शुरू करने हेतु अगले पांच वर्षों में 50,000 सरकारी स्कूलों में अटल टिकरिंग लैब स्थापित करने की घोषणा छात्रहित में अच्छा कदम है। ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को सभी सरकारी माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों तक भी बढ़ाया जायेगा। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्ट अप, नवाचार और निवेश तक, हर क्षेत्र को समाहित करने वाला बजट है। कुल मिलाकर बजट के माध्यम से सरकार विद्यार्थियों के एजुकेशन, स्किल और स्टार्टअप हेतु प्रयास करते दिख रही है।

## मध्यवर्ग के लिए बजट से बहुत बड़ा परिवर्तन आयेगा : उमेश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा स्वतंत्र भारत में मध्यवर्ग के लिए बजट बजट से बहुत बड़ा परिवर्तन आयेगा। हर भारतीय को सपना पूरा करने का बजट आत्मनिर्भर भारत को बल मिलेगा। इस बजट से टूरिजम का बढ़ावा देकर रोजगार का साधन बढ़ाना लक्ष्य है ।

## आम बजट नहीं बल्कि चुनावी बजट है : धीरज



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी सरकार में आम बजट नहीं बल्कि चुनाव बजट पेश करने का परंपरा शुरू हो चुका है। जहां चुनाव होना है वहां सौगातो की बौछार होती है और बाकी राज्य टकटकी लगाए रह जाते हैं। बजट में पुनः झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य सामग्रियों को करमुक्त करना चाहिए था। पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले टैक्स तथा सेस में भी कटौती करनी चाहिए थी। मध्यम वर्गीय परिवार को अनेकों स्तर पर कर देना पड़ता है उसको एक जगह समाहित करना चाहिए था। शेयर मार्केट में हुए गिरावट बजट के स्तर को दशार्ने के लिए काफी है।

## हर बार की तरह इस बार भी बजट में दिखावटी घोषणाएं : ओबैदुल्लाह



मोदी सरकार एक बार फिर वही पुराना खेल खेल रही है–जहां चुनाव, वहां लॉलीपॉप। हर बार की तरह इस बार भी बजट के नाम पर दिखावटी घोषणाएं की गयी। लेकिन असल में ये सिर्फ चुनावी जुमलेबाजी है। जहां-जहां चुनाव नजदीक होते हैं, वहां-वहां ये सरकार वादों का पिटारा खोल देती है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। देश को गुमराह करने की इस राजनीति को अब जनता समझ चुकी है। लोकसभा में सीटें कम होते ही सरकार को मध्यम वर्ग और गरीबों की याद आ गई। ये बजट नहीं, चुनावी लॉलीपॉप है।

# मेराल के बिकताम मिडिल स्कूल में टीचर को विदाई देते रो पड़े बच्चे

**वायरल वीडियो में नजर आया बच्चों का अपने टीचर से जुड़ाव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** जिले के बिकताम मिडिल स्कूल के एक टीचर को विदाई देते समय वहां के बच्चे रोने लगे। इस अनोखे विदाई समारोह का एक वीडियो पूरे इलाके में तेजी से वायरल हो रहा है।

**क्या है मामला :** मेराल प्रखंड के मध्य विद्यालय बिकताम में तैनात सहायक शिक्षक विपिन महतो 31 जनवरी को रिटायर कर गये। इस मौके पर उनके सम्मान में स्कूल परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में सभी शिक्षक और स्कूल के बच्चे शामिल हुए। भाषणों और संबोधनों की औपचारिकताओं और सम्मान के बाद जब विपिन महतो विदा लेने लगे, तो एकाएक समारोह में मौजूद बच्चे उनसे लिपट गये। कई बच्चे तो फूट-फूट कर रोने लगे। बच्चों को रोता देख विपिन महतो भी अपने आंसू रोक नहीं सके। पूरा माहौल इतना भावुक हो गया कि समारोह में मौजूद शिक्षक और स्कूल के दूसरे कर्मी भी हैरान रह गये। कई शिक्षकों की आंखें भीग गयीं और कई का गला भर आया। खुद विपिन महतो भी रुंधे गले से बच्चों को दिलासा देते रहे। बाद में बड़ी मुश्किल से बच्चों को मनाया गया। शिक्षक के जाने के बाद भी कई बच्चे रोते रहे।

### क्या कहा डीइओ ने

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो गया। इस क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक कैसर रजा ने भी इसे देखा। इसके बाद उन्होंने कहा कि इस वीडियो को देखने से यही प्रतीत होता है कि शिक्षक और छात्रों के बीच कितना जुड़ाव रहा है। शिक्षक विद्यालय के प्रति कितने संवेदनशील रहें होंगे। मैं चाहूंगा कि यह वीडियो खूब वायरल हो, ताकि और लोगों को संदेश मिले।

# केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक बजट लाया है: रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक बजट लाया है। मोदी सरकार की बजट पुरी तरह जनहित से जुड़ा हुआ है। यह बजट भारत को विश्व गुरु बनाने का एक बड़ा कदम है यह बजट भारत के सपनों का बजट है उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस बजट में युवा किसान महिला हर वर्ग हर जाति के उत्थान के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मोदी सरकार ने खासकर कर दाताओं को बड़ा राहत दिया है अब सामान्य तौर पर बारह लाख तक आय तक के नौकरी करने वाले लोग और व्यवसाय करने वाले के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। इससे युवाओं को रोजगार व्यापार के क्षेत्र में बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट अनेकों सामान से टैक्स बहुत ज्यादा घटाया गया है जिसका लाभ देश के आम जनमानस को मिलेगा। बजट में जीवन रक्षक दवाइयां सस्ता होंगी एलईडी टीवी फोन सस्ता होगा साथ ही इलेक्ट्रीकल कार भी सस्ता होगा। इससे आम जनता के ऊपर महंगाई का भार बिल्कुल नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत में बनने वाले कपड़े बिल्कुल सस्ते होंगे साथ ही हैंडलुम कपड़े भी सस्ता होगा। मोदी सरकार ने जनहित में क्रांतिकारी ऐतिहासिक निर्णय लिया है उन्होंने कहा कि चमड़े से बने सामान जैसे, जैकेट जुता बेल्ट पर्स इत्यादि सस्ते होंगे साथ ही भारतीय सामानों को सस्ता करके मोदी सरकार ने देश के अंतरीक उद्योगों को बढ़ावा दिया है। इससे छोटे छोटे स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा एवं लोग अपना खुद का कारोबार तेजी से आगे बढ़ सकेंगे। मौके पर भाजपा नेता नवीन जायसवाल बंधु राम संजय जायसवाल अशोक विश्वकर्मा सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 3 से 5 तारीख तक बिजली रहेगी बाधित

मझिआंव (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार विद्युत विभाग के निदेर्शानुसार पूरे राज्य में बिजली संबंधित समस्याओं को दुरुस्त करने के लिए पुराने तार पोल बदला जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ीखांड, खरसोता, मोरबे, भलूही, करकट्टा में पुराने ग्यारह हजार वोल्ट के तार बदला जाना हैं। जिसे लेकर विद्युत कनीय अभियंता कमल कुमार ने बताया कि 3 फरवरी से 5 फरवरी तक बिजली सुबह 10:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं उन्होंने कहा कि संध्या 4:00 बजे से प्रखंड क्षेत्र में नियमित रूप से बिजली बहाल किया जायेगा।

## पच्चीस दिवसीय बांस हस्तशिल्पकार प्रशिक्षण संपन्न



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम बीरबांध में मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड रांची के द्वारा चलाए जा रहे पच्चीस दिवसीय बांस हस्तशिल्पकार प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों एवं जिला उद्यमी समन्वयक चंद्रकांत पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बांस से जुड़े कारीगरों को स्कील ट्रेनिंग देकर रोजगार से जोड़ना है। इस मौके पर रंका प्रखंड उद्यमी समन्वयक उमेश कुमार उरांव, मेराल प्रखंड उद्यमी समन्वयक महेंद्र विश्वकर्मा और छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसायटी के अब्दुल अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर प्रखंड सभागार में विदाई समारोह का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में शनिवार को विदाई समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पंचायत सचिव अजित कुमार को भावभीनी विदाई दी गयी। बीडीओ नंदजी राम, सीओ शंभू राम, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह और सह कर्मियों ने उपहार देकर विदाई दी।बीडीओ ने कहा कि सरकारी कर्मियों को जिस दिन सरकारी सेवा के लिए पदभार मिलता है, उसी दिन सेवानिवृत्ति तय हो जाता है। अजित सिंह कर्मठ, ईमानदार कर्मी रहे। इनसे काफी कुछ सीखने को मिला।सीओ ने कहा कि सेवानिवृत पंचायत सचिव अजित सिंह ने प्रखंड के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां काम करने में कोई परेशानी नहीं हुई। जनता ने काफी सम्मान दिया है। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक जयराम ने किया। मौके पर पंचायत सचिव सतीश सिंह, जय परमेंद्र कुमार, रोजगार सेवक दयानंद प्रजापति, परमानंद ठाकुर, शशि, किशोर, लल्लू राम, सुनील, वरुण, कुंदन, मनोज, मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

## अभियुक्त और पीड़िता की मां गिरफ्तार

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पुलिस कार्रवाई करते अभियुक्त और पीड़िता की मां को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस दौरान मिली जानकारी के अनुसार वादिनी सह पीड़िता उम्र 15 वर्ष, के द्वारा थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया है। जिसमें पीड़िता के द्वारा आरोप लगाया गया है कि रंगनाथ यादव उर्फ रघुनाथ यादव, पिताझ्र गजल यादव थाना कांडी एवं पीड़िता की मां के द्वारा जबरदस्ती अश्लील कार्यों को करते हुए दिखाया गया, तथा रंगनाथ यादव के द्वारा अकेला देखकर धड़-पकड़ कर गलत करने का प्रयास किया गया है। वहीं दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सामूहिक विवाह को लेकर निकला भिक्षाटन यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गढ़वा सदर प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत में कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास माली ने घर-घर जाकर भिक्षाटन किया। इस दौरान उन्होंने समाज के हर वर्ग से सहयोग की अपील की, जिससे यह आयोजन भव्य रूप से संपन्न हो सके। श्री माली ने कहा कि 251 कन्याओं का यह सामूहिक विवाह केवल उनका व्यक्तिगत प्रयास नहीं, बल्कि पूरे समाज के सहयोग से सम्पन्न होगा। गरीब बहनों के विवाह में सभी का तन, मन और धन से सहयोग आवश्यक है, ताकि यह पुनीत कार्य भव्यता के साथ संपन्न हो सके। लोगों ने विकास माली के पुनीत कार्य को सराहा और उनके झोली को आशीर्वाद से भर दिया। विकास माली ने लोगों को आगामी 19 फरवरी को गढ़वा शहर के दानरो नदी छठ घाट पर होने वाले 251 कन्याओं के सामूहिक शादी कार्यक्रम में आमंत्रित भी किया। मौके पर कल्याणपुर पंचायत के मुखिया अशोक कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया विनोद चंद्रवंशी, सदर शमशुद्दीन, हाफिज इरफान, इस्तेखार, फारूक, तबारक, शमशाद, राजेश, इमरान सहित ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## बजट में शिक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाना सराहनीय कदम : प्रिंस



कांडी (आजाद सिपाही )। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने बजट पर अपना राय व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार के बजट में शिक्षा क्षेत्र पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जाना सराहनीय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के स्तर में सरकारी स्कूलों को भी नवीनतम संसाधनों के साथ जोड़कर विद्यार्थियों को हाईटेक तरीके से शिक्षा दिया जाये, इस पर विशेष जोर दिया गया है। 500 करोड़ के अलग बजट के साथ अगले 5 वर्षों में तीन आई आधारित सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित होने से युवाओं का भविष्य और भी संवरेगा। इसके साथ ही बजट में कृषि ,व्यवसाय, स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट सर्वस्पर्शी समावेशी और देश को एक सशक्त दिशा देने वाला बजट है।

# प्राथमिक उपचार से जल्द ठीक होने की बढ़ जाती है संभावना : डॉक्टर पातंजली

**भारतीय शिक्षा निकेतन में मेडिकल किट वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के ऊंचरी स्थित भारतीय शिक्षा निकेतन में आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी ने मेडिकल किट वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी की जान बचाने के लिए प्राथमिक चिकित्सा एक महत्वपूर्ण प्रयास है। दुर्घटना या चोट लगने पर तुरंत प्राथमिक चिकित्सा उपचार कर मरीज की जान बचायी जा सकती है। मरीज के इलाज के दौरान पहले से किये गये प्राथमिक उपचार में मदद मिलती है और मरीज जल्द ठीक होकर अपना घर वापस चला जाता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक उपचार पेटी में जरूरत के सभी आवश्यक सामान होना चाहिए। कार्य स्थल के अनुसार मेडिकल किट उपकरण अलग-अलग हो सकता है। प्रत्येक उपकरण को समय-समय पर अद्यतन करते रहना चाहिए।

अब्दुल मन्नान ने कहा कि अस्पताल ले जाते या किसी के मदद का इंतजार करते समय किसी व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देने से उसकी जान बच जाती है। हालांकि फर्स्ट एड पूर्ण चिकित्सा नहीं है लेकिन इससे रोगी को अस्पताल ले जाते तक की स्थिति को बेहतर किया जा सकता है। अस्पताल में इलाज के क्रम में मरीज कम समय में ही ठीक हो जाता है।

भारतीय शिक्षा निकेतन के निदेशक दामोदर राम ने कहा कि कई बार चोट लगने अथवा दुर्घटना होने पर अस्पताल ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यदि बच्चा को बुखार है या चोट के कारण रो रहा है तो उसे अच्छे से पट्टी करने या ठंडी सिंकाइ करने से समस्या कम हो जाती है।

मौके पर डॉक्टर इश्तेयाक रजा, कुलसुम अख्तर, यासमिन परवीन, शहनाज परवीन, रूपा देवी, सूरज कुमार, कौशर जहां सहित स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थी ।

# 11 फरवरी से 47 केंद्रों पर मैट्रिक, 23 केंद्रों पर इंटर की होगी परीक्षा : डीसी

**उपायुक्त ने कदाचारमुक्त परीक्षा कराने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में 11 फरवरी से आयोजित वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा व केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक की। आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कहा कि झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए अपना कलैंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार आगामी 11 फरवरी से परीक्षा शुरू होगी। माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 11 फरवरी से 03 मार्च तक क्रमशः प्रथम और द्वितीय पाली में संचालित की जायेगी। इसको लेकर उपायुक्त ने शिक्षा पदाधिकारी को परीक्षा केंद्रों पर पहुंच पथ की व्यवस्था, सभी केंद्रों पर सीसीटीवी अधिष्ठापान, डेस्क -बेंच की व्यवस्था, स्कूल बाउंड्री को दुरुस्त करने आदि के निर्देश दिए।

उपायुक्त श्री जमुआर ने मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संचालित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक के दौरान इस बात का स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा में कदाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि माध्यमिक परीक्षा के लिए जिले में कुल 47 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान कदाचार करते पाये गये परीक्षार्थी के विरुद्ध झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी। माध्यमिक परीक्षा और इंटरमीडिएट परीक्षा के कदाचारमुक्त वातावरण में सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सुदृढ़ व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के तीनों अनुमंडल पदाधिकारी अपने-अपने अनुमंडल क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी एवं नियंत्रण रखेंगे। साथ ही अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन उनका व्यक्तिगत दायित्व होगा।

## आयुर्वेदिक हेल्थ केयर का उद्घाटन


आयुर्वेदिक हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन करती झामुमो नेत्री सोगरा बीबी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** रमना प्रखंड मुख्यालय शिव स्थान बागौंधा चौक समीप मां आरती आयुर्वेदिक हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन झामुमो नेत्री सोगरा बीबी ने फीता काटकर और पूजा पाठ कर शुरूआत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोगरा बीबी ने कहा कि कई वर्ष पूर्व आयुर्वेदिक दवाओं के भरोसे अपना उपचार करते थे। लेकिन आज भागम भाग की दुनिया में अंग्रेजी दवाओं का प्रचलन काफी तेजी से बढ़ा है। जो शरीर पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जिसके कारण कई लोग गंभीर बीमारी से जूझना पड़ा रहा है। मुखिया दुलारी देवी ने आयुर्वेदिक दवाओं पर पुनः विश्वास जताते हुए उपचार कराने की जरूरत है। सिलीदाग मुखिया अनीता देवी ने कहा कि रमना जैसे जगहों में आयुर्वेदिक दवाओं का कोई दुकान नहीं था, जिसके खुलने से स्थानीय लोगों को उपचार कराने में राहत होगी। वहीं दुकान बालेश्वर मेहता ने कहा कि आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से घुटना दर्द, बवासीर, सफेद दाग, पथरी, गैस आदि का उपचार किया जायेगा। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, झामुमो नेता रोहित वर्मा, अनुज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।



मोरारजी देसाई ने सबसे अधिक 10 बार केंद्रीय बजट पेश किया है।



# आम बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने नकारा

आम बजट पर विभिन्न वर्ग के लोगों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम बजट पेश किया गया है। इसमें देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रावधान किये गये हैं। आम बजट पर विभिन्न वर्ग के लोगों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। किसी ने बजट की जमकर सराहना की है तो किसी ने इसे एक सिरे से नकार दिया है। सरकार समर्थक और विरोधी बंटे नजर आये। बजट का समर्थन करने वाले लोगों को कहना है कि इस बजट से देश आत्मनिर्भर हो सकेगा, तथा आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा। यह बजट पूरी तरह से संतुलित बजट है। जबकि बजट का विरोध करने वाले लोगों का कहना है कि यह बजट देशहित में नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह से उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के हित में है। आम लोगों के लिए बजट में कुछ नहीं है। -क्या कहते हैं लोग -वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया आम बजट पूरी तरह से संतुलित है तथा इसकी जितनी सराहना की जाये वह कम है। इसमें हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। इससे हमारा देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

### बजट पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला : ऐश्वर्य



केंद्र सरकार का यह बजट पूरी तरह से पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है। इससे आम लोगों को कुछ भी लाभ नहीं होने वाला है। इस बजट में किसान, गरीब आदि की अनदेखी की गयी है।

### बजट किसान विरोधी : आमिर हयात



बजट जनविरोधी, किसान विरोधी एवं मध्यम विरोधी है। इसमें आम लोगों का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया है। डीजल का दाम बढ़ने से सभी प्रकार की जरूरत की वस्तुओं का दाम बढ़ेगा।

### यह सराहनीय बजट है: कृष्णा



आम बजट सराहनीय है। इसमें सभी वर्ग के लोगों का ख्याल किया गया गया है। सबसे अच्छी बात यह है कि 75 वर्ष के ऊपर के लोगों को टैक्स नहीं चुकाना पड़ेगा। वृद्धों के लिए यह बड़ी राहत है।

### पूरी तरह से संतुलित बजट है: गंगेश्वर



आम बजट पूरी तरह से संतुलित बजट है। इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। भविष्य में इस बजट का असर लोगों को देखने को मिलेगा। यह बजट लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा।

### यह महंगाई बढ़ाने वाला बजट है : श्यामसुंदर



भाजपा सरकार के पास ठोस दिशा नहीं है। बजट महंगाई बढ़ाने वाला है और इसमें किसानों, बेरोजगारों, लघु उद्योगों की स्थिति में सुधार के लिए कोई ब्लूप्रिंट नहीं है तथा झारखंड की पूरी तरह से उपेक्षा की गई है।

### ठगा महसूस कर रहे हैं लोग: उपेंद्र यादव



आम बजट से लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहें हैं। इससे आम नागरिकों को कोई लाभ नहीं मिला सका है। कुल मिलाकर आम बजट लोकलुभावन साबित हुआ है।

### आम जन को राहत देने वाला बजट: लक्ष्मण



यह बजट आम जन मानस के राहत देने वाला, नये भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला, आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। इस बजट में किसानों कि आय दोगुनी होगी। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य, गांव, गरीब, किसान, युवाओं के लिए नया नया सवेरा लेकर आयेगा।

### बजट में आम आदमी के लिए कुछ भी नहीं : प्रदीप गंझू



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने महामारी की मार झेलने वाले आम आदमी को राहत देने की चुनौती थी, तो दूसरी ओर आर्थिक विकास और उद्योग जगत पर फोकस करना था। मगर आम आदमी के लिए यह बजट कुछ नहीं दे पाया है। आम आदमी अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।

### इसमें सभी वर्ग का ख्याल रखा गया है : बिनोद बिहारी



आम बजट में सभी वर्ग का ख्याल रखा गया है। आम बजट में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। यह पूरी तरह से सराहनीय बजट है। इसमें किसानों के हित का भी ख्याल रखा गया है। साथ ही कई प्रावधान ऐसे किया गया है, जिसका लाभ आम नागरिकों को मिल सकेगा।

## मध्यमवर्गीय आम जनता लगभग आयकर दायित्व से मुक्त : रितेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपानीत मोदी सरकार ने चिर प्रतीक्षित उम्मीदों को पूरा करते हुए आयकर में 12 लाख रुपये की छूट देकर लगभग मध्यमवर्गीय आम जनता, सरकारी कर्मचारी व व्यवसायीवर्ग के चेहरे में मुस्कान लौटा दिया है। वहीं वेतन भोगियों के लिये 12लाख 75हजार का छूट दिया गया है। अब जबकि वेतनभोगियों के अलावे साधारणतः12 लाख रुपये तक इंकम करनेवालों को आयकर मुक्त कर दिया गया है। वहीं मेडिकल व इंजीनियरिंग का सीट बढ़ाना स्वागत योग्य है। साथ ही साथ लघु उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु एमएसएमई में विशेष छूट तथा महिला उद्यमियों के लिये 2 करोड़ तक लोन मुहैया करवाने तथा स्टार्ट अप हेतु 10 करोड़ की लोन राशि बढ़ाकर 20 करोड़ करने की घोषणा तथा सब्सिडी द्वारा राहत देने हेतु प्रवधान करना भी सराहनीय कदम है। हालांकि इस बार भी झारखण्ड के लिए कुछ विशेष प्रवधान नहीं करके झारखण्ड के साथ मोदी सरकार ने नाइंसाफी का काम किया है, इस कारण झारखण्ड के लोगों में थोड़ा मायूसी जरूर है।

## शिक्षिका कुमुदिनी अनुपम प्रसाद बनी जिलास्तरीय राजदूत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम श्री नवोदय विद्यालय की शिक्षिका कुमुदनी अनिपम प्रसाद जिला स्तरीय राजदूत बनीं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आधारशिला मानी जाने वाली प्रेरणा कार्यक्रम में भाग लेकर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा की विज्ञान शिक्षिका कुमुदिनी अनुपम प्रसाद लोहरदगा जिले की राजदूत के रूप में चयनित हुई हैं। इन्होंने लोहरदगा जिले के रा. चुन्नीलाल उच्च विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी के साथ भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा वड़नगर, गुजरात में आयोजित प्रेरणा कार्यक्रम में जिला का प्रतिनिधित्व की थी। जिसे कार्यक्रम से प्राप्त प्रेरणादायक अनुभवों को जिले के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ अनुभव को साझा करके छात्र छत्राओं के अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करेंगी। वहीं प्रशिक्षण से प्राप्त तमाम गतिविधि और कौशलात्मक अनुभवों को इन्होंने प्रेरणा प्रभारी अलिसा एसरन कर-केट्टा के साथ साझा की। इस कार्य के लिये विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवा प्रेरित होंगे और वसुधेव कुटुंबकम के साथ विविधता में एकता को बढ़ावा मिलेगा तथा आज के युवाओं को विकसित और अतनिर्भर भारत बनाने सकारात्मक होगा। वहीं पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के कबाब में शिक्षिका कुमुदनी अनुपम प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं को प्रेरित हो कर आत्मनिर्भर बनेंगे और सशक्त भारत का निर्माण होगा। वही विद्यालय के प्राचार्य ने उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिक्षिका को बधाई दिया है। साथ ही सूरज पांडेय, डी कुमार, रमेश उपाध्याय, सीमा कुमारी जायसवाल, जागेश्वर महतो, प्रफुल्ल लोमगा सहित पीएम श्री जेएनवी के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दिया है।

## सभी का होगा पक्का आवास, सभी पंचायत में सर्वेक्षक नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वैसे परिवार जो योग्य हैं और आवास का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए आवास प्लस 2.0 सर्वे का कार्य जिले में प्रारंभ हो चुका है। इस निमित आज जिला परिषद के सभागार में सभी प्रखंड समन्वयक, लेखापाल और पंचायत स्तर पर नियुक्त सर्वेयर जो कि अधिकांश पंचायत में उस पंचायत में जनसेवक हैं, का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि सर्वे का कार्य ईमानदारी से करें। किसी भी योग्य परिवार का नाम सर्वे में न छूटे, सभी के घर-घर जाकर सर्वे का काम करें। यदि लाभुक चाहे तो स्वयं भी सर्वे ऐप के माध्यम से करें। सभी कर्मी तत्परता पूर्वक कार्य को संपन्न कराएं। किसी अयोग्य लाभुक का नाम आवास प्लस 2.0 में नहीं जोड़ा जाए। इसके लिए ग्राम और पंचायत स्तर पर लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। आने वाले समय में सभी गरीब वंचित को आवास का लाभ पहुंचाना ही जिला प्रशासन का उद्देश्य है। किसी भी तरह की अनियमितता की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

प्रशिक्षण में सभी को बताया गया कि ग्रामीण अपने नाम को प्रधानमंत्री अवश्य योजना ग्रामीण के लिए प्राथमिकता सूची में जोड़ने के लिए अपने पंचायत के जनसेवक से संपर्क स्थापित कर सकते हैं अन्यथा , प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास प्लस 2024 ऐप को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करके भी अपना स्वयं का सर्वे कर सकते हैं। जिला में सर्वे का कार्य प्रारंभ है, अब तक 1000 से अधिक परिवार का सर्वे पूर्ण हो चुका है। यह जानकारी सभी को दी जाये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रशिक्षण समन्वयक विजेंद्र कुमार, लेखापाल पूजा कुमारी सहित सभी प्रखंड के प्रखंड समन्वयक, लेखापाल एवं सर्वेयर के रूप में जनसेवक उपस्थित थे।

### बीइइओ का कार्यकाल सराहनीय : बीडीओ



भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा बीआरसी में 31 जनवरी को सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो को भावभीनी विदाई दी गयी। बीआरसी कर्मियों द्वारा आयोजित इस विदाई समारोह के मौके पर मौजूद बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बीईईओ अपने कार्यों के प्रति हमेशा समर्पित रहे। शिक्षकों के बीच भी अपने कार्यकाल में इनकी अच्छी पहचान रही। यह काबिले तारीफ है। इनके 33 वर्षों का काम साफ सुथरा रहा। अधिकारी हो या कर्मचारी अपने कार्यकाल को यादगार बनाना बड़ी बात है। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि अपने काम के प्रति बीईईओ काफी कर्तव्यनिष्ठ थे। सेवानिवृति के बाद भी इनके प्रति कार्यालय कर्मियों का व्यवहार में परिवर्तन नहीं होना चाहिये। श्री महतो अगस्त 2022 में भंडरा में बीईईओ के रुप में प्रभार ग्रहण किया था। इस दौरान राम विजय खलखो, निशांत कुमार, महावीर साहू, अभिमन्यु प्रसाद, अनीसुल अंसारी, बेबी कुमारी, रिजवान अंसारी, राजेश देवघरिया, अनूप एक्का, संदीप तालान, बलराम यादव आदि उपस्थित थे।

### क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार ने रणजी ट्रॉफी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार ने रणजी ट्रॉफी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। जमशेदपुर के किनन स्टेडियम में तमिलनाडु के विरुद्ध झारखंड की ओर से खेलते हुए शनिवार को आशीष कुमार ने रणजी ट्रॉफी करियर का अपना अंतिम मैच खेला। इस दौरान जेएससीए के सभी पदाधिकारी तथा तमिलनाडु और झारखंड के सभी खिलाड़ी ने आशीष कुमार को उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। ज्ञातव्य की आशीष कुमार ने झारखंड रणजी टीम से खेलते हुए 46 मैंचों में 140 विकेट लिया। यह लोहरदगा जिला के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस अवसर पर लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष भास्कर दास गुप्ता, सचिव आलोक राय, विशाल महेंद्रु, रथीनेंद्र नाथ राय, किशोर वर्मा, सतीश वर्मा, दुर्गा प्रजापति ,नियाज मलिक, मुकेश दुबे प्रमोद कुमार तथा रमेश साहू, प्रवीण प्रसाद, अमित कुमार, जयजीत चौबे ने उनके बेहतरीन कैरियर के लिए सराहा और आने वाले उज्जवल भविष्य की कामना की।

## झारखंड युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक और वनभोज कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** दयुवा कांग्रेस का प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को बेतला नेशनल पार्क के म्यूजियम हॉल में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के अध्यक्षता में सम्पन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि मनिका विधानसभा विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए। प्रदेश युवा अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि युवा कांग्रेस का तीन साल का कार्यकाल में हम सभी ने मिलकर संगठन को आगे बढ़ाने की कोशिश की सभी युवा साथियों की मदद से झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है। वहीं कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए विधायक ने कहा कि हम हर समय युवा कांग्रेस के साथ खड़े है युवा देश का भविष्य है, इस हॉल से कोई भी विधायक मंत्री बन सकता है। इसलिए कांग्रेस के लिए जमीनी स्तर पे जाकर कार्य करने की आवश्यकता है, तभी इस देश मे कांग्रेस आ सकती है। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से युवा प्रदेश सचिव बिजय बहादुर सिंह,युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष उज्वल तिवारी, सौरभ अग्रवाल, रौशन, देव शर्मा, सत्यम प्रदेश महासचिव लक्ष्मीकांत, मेहुल, शादाब खान, फहद खान, विकाश सिंह, कोमल, अंशु तिवारी, प्रियंका सिसोदिया, अभिषेक तिवारी, शामिल हुए। बैठक संपन्न होने के बाद केचकी संगम तट पर वनभोज का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोग वनभोज मे शामिल हुए। इस प्रदेश कार्यकारिणी में पूरे झारखंड से युवा पदाधिकारी जिला अध्यक्ष शामिल हुए, लातेहार जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुंजर, इफ्तेखार अहमद, अनील सिंह, समेत सैकड़ों प्रदेश भर से नेता शामिल हुए।

## हाइवा ने पहले ट्रैक्टर और फिर ऑटो में टक्कर मारी, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू में शुक्रवार की रात एक बेकाबू तेज रफ़्तार हाइवा ट्रक आतंक देखने को मिला। रांची से लोहरदगा की ओर जा रहे स्टोन चिप्स लोड बेकाबु हाइवा संख्या जेएच01 एएल - 6072 ने रात 7:30 बजे पहले तो कुडू शहर के इंदिरा गांधी चौक के समिप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर को धक्का मार दिया जिसमें ट्रैकर में बैठे कुडू थाना क्षेत्र के उडुमुडु गांव निवासी शमशाद अंसारी 20 वर्ष पिता शमीम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घायल को आनन फानन में सिएचसी कुडू पहुंचाया। इधर भागने के क्रम में करीब 8 बजे लोहरदगा कुडू मुख्य मार्ग एनएच 43ए स्थित कड़ाक गांव के समीप लोहरदगा से आ रहे एक टेंपो को भी अपने चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद टेम्पो और अनियंत्रित हाइवा भी सड़क के किनारे पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में टेंपो चालक कुडू के बढनिया निवासी प्रकाश साव और उसमें सवार रांची जिले के पंडरी गांव निवासी मुंशफ अंसारी 65 वर्ष घायल हो गये। हादसे के बाद टेंपो चालक प्रकाश ने किसी प्रकार टेंपो को सीधा कर बुरी तरह जख्मी मुंशफ अंसारी को कुडू अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद शमशाद और मुंसफ को रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि हाइवा चालक प्रकाश यादव फंसा रह गया, जिसे मौके पर दल बल के साथ पहुंचे कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने स्थानिय लोगों की मदद से बाहर निकाल लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा है।

### सेन्हा में किसान गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत डांडू करंज टोली ग्राम में किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित किसान गोष्ठी कार्यक्रम के दौरान राज्य के उद्यान व कृषि निदेशक जसवंत कुमार द्वारा किसानों को रासायनिक खाद से फसल सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बोजोपचार, जैविक खाद, बीजामृत, जीवांश खाद,नैनो यूरिया, जीवामृत, नैनो डीएपी सहित विभिन्न तरह के जैविक खाद के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गयी। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार के अलावे सौरभ लोहसी, एटीएम सुमन कुमार, स्नेहलता पन्ना, प्रदान संस्था के ट्रेनर एलिस, कृषि मित्र सुनील यादव समेत सैकडों महिला पुरुष किसान मौजूद थे।

### लाज में युवक की संदिग्ध मौत मामले में परिजनों ने एसपी से न्याय की लगायी गुहार



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के शहरी क्षेत्र स्थित लोहरदगा लॉज में बीते 6 जनवरी 2025 को शहरी क्षेत्र के धोबी मुहल्ले के रहने वाले 40 वर्षीय राजीव कुमार गुप्ता का संदेहास्पद स्थिति में पुलिस ने शव बरामद किया था। लेकिन मामले को लेकर किसी प्रकार का करवाई नहीं होने से नाराज परिजनों ने शनिवार को लोहरदगा एसपी हारिश बीन जमा के पास पहुंचकर आवेदन देकर हत्या का आशंका जताते हुए न्याय की गुहार लगाया है। परिजनों ने आवेदन देकर कहा कि मामले को लेकर अब तक जांच नहीं हुई है। जब लॉज में शव मिला तो पुलिस और कोई स्थानीय वहां मौजूद नहीं थे। होटल के स्टाफ ने खुद से दरवाजा तोड़कर शव देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक राजीव कुमार गुप्ता का होटल के एंट्री में कोई कागजात नहीं लिया गया और सीसीटीवी कैमरा का फुटेज भी होटल से गायब है। मृतक के पास कुछ पैसे सोने के चैन और उनके पर्स थे। वो भी गायब है। जिससे होटल में ही उनके साथ अनहोनी होने की आशंका बन रही है। परिजनों ने कहा पूरे मामले पर निष्पक्ष जांच हो और उचित कानूनी करवाई की जाए। होटल की सीसीटीवी निकाली जाए। यह पूरी तरह से साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है।

## जिलों में सभी आवश्यक शर्ते 31 मार्च तक पूरा करने के निर्देश



लातेहार जिले में पीएमएवाई 2.0 के तहत लाभुकों का सर्वे शुरू, 31 मार्च 2025 तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने संविधान योग के चयन के लिए निम्नलिखित संशोधित बहिष्करण मानदंड तय किये हैं:**

मोटर चालित तीन/चार पहिया वाहन, मोटर चालित तीन/चार पहिया कृषि उपकरण, किशन क्रेडिट कार्ड रुपये की क्रेडिट सीमा के साथ। 50,000/- या उससे अधिक, जिन परिवारों में कोई भी सदस्य सरकारी कर्मचारी के रूप में है, सरकार के साथ पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार, परिवार का कोई भी सदस्य रुपये से अधिक कमाता है। 15,000/- प्रति माह, आयकर का भुगतान करना, व्यावसायिक कर का भुगतान करना, 2.5 एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि का मालिक हो, 5.0 एकड़ से अधिक असिंचित भूमि का स्वामी होना, पूर्व से जिन परिवारों को सरकारी आवास योजना का लाभ मिला है, वे पीएमएवाई-जी 2.0 के लिए आरक्षित आवास हैं।

**सर्वेक्षण शुरू करने से पहले आवश्यक शर्ते**

अछूतों को सुर मैपिंग और गांव से जीपी मैपिंग के लिए सहमति होगी, जो पूरी तरह से नहीं रखेंगे, उनका नाम सर्वे सूची में शामिल नहीं होगा। 31 मार्च 2025 तक सर्वेसर्वा कार्य पूर्ण करने का निर्देश, 31 मार्च 2025 तक इस सर्वेक्षण कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) 2.0 के तहत जुड़ाहार जिले में पात्र लाभार्थियों के सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो रहा है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। पत्र के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक इस योजना का परिचय दिया जायेगा, जिसमें पहली बार लाभ प्राप्त करने वाले परिवार को प्राथमिकता दी जायेगी।


**सर्वेक्षण की प्रक्रिया :** पीएमएवाई 2.0 के तहत 'आवास योजना 2024' के तहत मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सर्वे किया जायेगा। इसके लिए सभी जिलों के लिए 100% सर्वेसर्वा स्टार्टअप का ई-केवैसी पंजीकरण अनिवार्य है।

**सर्वेक्षण के दो तरीके:** स्वयं सर्वेक्षणः उपयुक्त पर्यटक आवास लाभ 2024 मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग कर स्वयं अपना सर्वेक्षण कर सकते हैं। एसेस्ड सर्वेः रजिस्ट्रेशन में रजिस्टर्ड सर्वे मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से लाभुकोंफर्वेक्षण करेंगे।

### आग लगने से पूरा मुर्गी फार्म राख

कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। कैरो थाना क्षेत्र के गराडीह निवासी महफूज अंसारी पिता सुभान अंसारी के मुर्गी फार्म में बीते रात अज्ञात शरारती तत्वों ने आग लगा दी, जिससे पूरा फार्म जलकर राख हो गया। गलिमत रही कि आग लगने के थोड़ी देर बाद ही लोगों को पता चल जाने से आस-पास के लोगो के सहयोग से आग पर काबू पा ली गयी। साथ ही साथ फॉर्म से मुर्गी के चूजों को दूसरे तरफ निकाल ने में सफल रहे। आग पर जबतक काबू पायी जाती, तब तक छपर में लगे बांस, तीरपाल होगला सहित पुवाल का बिचाली पुरी तरह जल गयी। साथ ही धान, मुर्गी दान आदि जल ग्यी, जिससे लगभग दो ढ़ाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जिसके सबंध में कैरो थाना को लिखित आवेदन दी गयी, जिस पर कैरो थाना आवेदन पर आगे की करवाई में जुट गयी।

### गारू बीडीओ ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, मांगा स्पष्टीकरण



गारू (आजाद सिपाही)। गारू प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार के नेतृत्व में किये गये औचक निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय कुई, राजकीय मध्य विद्यालय गोइंदी और मध्य विद्यालय कबरी में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मिड-डे मील में गड़बड़ी पायी गयी। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरने के साथ-साथ अन्य अनियमिततायें भी देखी गयी। साथ ही अनुपस्थित शिक्षकों पर बीईईओ को करवाई का आदेश दिया। निरीक्षण दल में अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, बीईईओ घनश्याम चौबे गारू और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित आजाद शामिल थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विद्यालयों के सीआरपी और प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए, साथ ही, भविष्य में ऐसी लापरवाहियों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही गयी।



1955 तक बजट सिर्फ अंग्रेजी में ही छपता था। 1955 में डीसी देशमुख ने पहली बार हिंदी में बजट पेश किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, दूधिया जंगल से लैंडमाइन और देशी कट्टा बरामद

## बम निरोधक दस्ते की मदद से आइइडी को किया गया डिफ्यूज, जांच जारी

**पलामू पुलिस हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दूधिया जंगल मे चलाया सर्च अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू पुलिस ने प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए जिले के हुसैनाबाद व मोहम्मदगंज थाना के सीमा क्षेत्र स्थित दूधिया जंगल से 8 किलो का लैंडमाइन और हथियार बरामद किया है। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने या किसी हमले के इरादे से इसे दूधिया जंगल में छिपाकर रखा था। पुलिस लगातार कई दिनों से नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चला रही है। जानकारी के मुताबिक दूधिया जंगल मोहम्मदगंज से हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लोहबंधा जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे है। पुलिस को 15 लाख के इनामी माओवादी नितेश यादव और 10 लाख के इनामी नक्सली संजय यादव की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद यहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया। एसपी रीष्मा रमेशन के अनुसार, हुसैनाबाद-हैदरनगर, पांडू, मोहम्मदगंज और विश्रामपुर थाना पुलिस के साथ जगुआर, सैट और जैप की टीमें अभियान में शामिल थीं। सर्च अभियान के दौरान सड़क किनारे एक बरगद के पेड़ के नीचे नई खुदी हुई मिट्टी दिखी। जांच में वहां से आईईडी और एक देसी कट्टा बरामद हुआ। सुरक्षा कारणों से बम को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।



सर्च अभियान के दौरान जंगल से बरामद आइइडी।

### कुछ दिनों से क्षेत्र में सक्रिय हैं नक्सली

पुलिस व ग्रामीणों की मानें तो हाल ही में मोहम्मदगंज प्रखंड के कादल पंचायत के एक ईंट-भट्ठा के मजदूरों के साथ मारपीट की थी। ऊंटारी प्रखंड के मुरमा कला में एक पंचायत प्रतिनिधि द्वारा आयेजित जन्म दिन की पार्टी में भी माओवादी दस्ता किसी की तलाश में आया था। पार्टी में पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण व ऊंटारी प्रखंड के कई कर्मचारी मौजूद थे।

### हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में दिखायी बरामदगी

दूधिया जंगल में मिले विस्फोटकों को लेकर पुलिस काफी देर तक परेशान रही. तय नहीं हो पा रहा था कि जब्ती कहां से दिखायी जाये. मोहम्मदगंज, हुसैनाबाद या हैदरनगर! आखिरकार सामग्री की जब्ती सूची का स्थान हुसैनाबाद थाना सीमा क्षेत्र तय किया गया।

### नक्सलियों की तलाश में जंगल की खाक छान रही 3 थाने की पुलिस

हुसैनाबाद अनुमंडल के 3 थानों की पुलिस, पांडु, ऊंटारीरोड और जगुआर के जवान कई दिनों से माओवादियों की गतिविधियों पर अंकुश रखने के लिए जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रखा था। दूधिया जंगल मे जिस जगह लैंडमाइंस और हथियार बरामद हुए हैं, वहां वन विभाग ने काफी पहले पौधरोपण किया था।

### 4 दिन पहले रात भर माहूर गांव के स्कूल में पुलिस ने किया था कैंप

नक्सली दस्ता जन्मदिन की पार्टी में तो पहुंचा, लेकिन उसके सदस्यों ने वहां मौजूद किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। पुलिस को इसकी लगातार सूचना मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने भाकपा माओवादियों की तलाश में मोहम्मदगंज के माहूर गांव के स्कूल में रात भर कैंप किया था। यह 4 दिन पहले की बात है।

# अपमान का बदला लेने के लिए हैदरनगर में गोली मारकर की गयी किसान की हत्या

**पकड़े गये मुख्य आरोपित ने पुलिस के समक्ष कबूला अपराध**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हैदरनगर थाना अंतर्गत हैदरनगर बाजार में प्रमोद मेडिकल के समीप शुक्रवार को बरेवा टोला बहेरवाखाड निवासी मो इमामुद्दीन की गोली मारकर की गयी हत्या के मुख्य आरोपित मुम्ताज अहमद उर्फ लड्डू (36) को पुलिस ने शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने संवाददाता सम्मेलन कर इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हैदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद हत्याकांड के त्वरित उद्भेदन एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त सूचना के आधार पर कांड में संलिप्त मुख्य आरोपित लड्डू को जपला रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हमले में इस्तेमाल की गयी देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार मुम्ताज अहमद उर्फ लड्डू ने स्वीकार किया कि मृतक मो इमामुद्दीन की हत्या उसने आपत्तिजनक बातें कहने एवं धमकाने के कारण कर दी। घटना में प्रयुक्त 7.65 एमएम की एक देशी पिस्टल, दो मैगजीन एवं 7.65 एमएम की 08 जिंदा गोलियां, एक मोबाइल फोन के अलावा घटना के समय हमलावर द्वारा पहने गये मरून रंग के जैकेट, खून लगा पैंट और जूते भी बरामद कर लिये हैं। इसस दौरान छापामारी दल में हुसैनाबाद के एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, राजीव रंजन, सोनू कुमार चौधरी, थाना प्रभारी, अफजल अंसारी, थाना प्रभारी, हैदरनगर थाना, मुकेश कुमार सिंह थाना प्रभारी मोहम्मदगंज थाना, बबलू कुमार, ओपी प्रभारी देवरी ओपी, विवेक कुमार हैदरनगर थाना, रोहित चौहान, हैदरनगर थाना,अमर सिंह, हैदरनगर थाना, आदित्य प्रसाद, हैदरनगर थाना, रमन यादव हुसैनाबाद थाना, अनन्त कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# गढ़वा रोड जंक्शन पर फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर पलामू सांसद को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने शनिवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से मुलाकात कर उन्हें ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि गढ़वा रोड जंक्शन मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है। जिसके तहत स्टेशन के पश्चिमी पानी टंकी के पास से रेलवे ट्रैक पार करने के लिये पुराने रास्ते के समक्ष एक फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करना था। इसकी मांग भी स्थानीय लोग लंबे समय से कर रहे हैं, लेकिन पूर्व-मध्य रेलवे मंडल रेल प्रबंधक ने स्थल परिवर्तित करते हुए उसकी लंबाई घटा दी। अब यह फूट ओवर ब्रिज प्लेटफॉर्म एक से प्लेटफॉर्म दो तक ही जायेगा। ललन प्रसाद पांडेय ने बताया कि गढ़वा रोड जंक्शन रेहला शहर के बीचों-बीच से गुजरता है। जिससे रेहला शहर दो भागों में बंट चुका है। रेलवे ट्रैक के दोनों ओर काफी आबादी रहती है। ट्रैक के एक तरफ डाकखाना, स्कूल, बाजार सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालय है, जबकि दूसरी ओर बैंक, ग्रासिम कारखाना, स्कूल सहित कई सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं का कार्यालय है। स्थानीय लोग अपने कार्यों के लिये जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक को पार करते हैं। जिससे पूर्व में कई बार दुर्घटना भी घट चुकी है। कहा कि पूर्व में एक फुट ओवर ब्रिज बना है जिसका लाभ सिर्फ रेलवे कॉलोनी में रहने वाले रेल कर्मियों को ही मिलता हैं। अगर चिन्हित जगह पर फूट ओवर ब्रिज का निर्माण हो जाए तो 10 हजार से भी ज्यादा लोगों को इसका फायदा मिलेगा। इस पर सांसद विष्णु दयाल राम ने ललन प्रसाद पांडेय को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को लेकर डीआरएम से मिलेंगे। जरूरत पड़ी तो जनभावनाओं का आदर करते हुए रेल मंत्री से भी मिलेंगे। वहीं, ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, डॉ वीपी शुक्ला, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, सुशील पांडेय और रामनाथ कश्यप सहित लगभग 500 लोगों का नाम शामिल है।

## बजट में नौकरी वालों की बल्ले बल्ले: इंद्रजीत डिंपल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में अनेक सार्थक घोषणाएं की गई है। प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका प्रयास, सबका विश्वास और सबका विकास को मुख्य ध्यान रखते हुए यह जनता को समर्पित उत्तम कोटि का बजट प्रस्तुत हुआ है। युवाओं के लिए रोजगार में प्रोत्साहन नए स्टार्टअप्स के लिए कई घोषणाएं एमएसएमई के श्रेणी में परिवर्तन वित्तीय संस्थानों को स्पष्ट क्रेडिट निर्देश और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस लाकर अनेक प्रोत्साहन घोषित किए गए हैं। डिंपल ने बताया कि सरल शब्दों में बताया जाए कि आयकर की नई नीति की घोषणा 12 लाख तक टैक्स फ्री होना ही कई लोगों के पॉकेट में पैसे बचाने का काम करेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों के लिए यह बजट बल्ले बल्ले की श्रेणी का है। सरल शब्दों में यूं समझा जाए कि जिस व्यक्ति की एक लाख रुपए की टैक्स पैड तनख्वाह है,उसे इस नई नीति के अनुसार कोई टैक्स दे नहीं होगा। जिस व्यक्ति की घोषित तनख्वाह 16 लख रुपए तक है उसे वार्षिक 40000 का लाभ मिलेगा। 20 लाख वाले को वार्षिक 95 हजार का फायदा होगा। और जिस व्यक्ति की तनख्वाह लगभग 25 लाख है उसे 10,5000 रुपये तक का सालाना बचत इस नए टैक्स प्राणी में होगी। इसके अलावा बिहार को मखाना बोर्ड, बुद्ध सर्किट और अन्य योजनाओं को देना प्रधानमंत्री की उदारता दिखती है। कम शब्दों में कहा जाए तो यह बजट जनता का बजट है। जिसमें हर प्रकार के व्यक्ति, व्यापार, मरीज, नए एंटरप्रेन्योर्स, महिलाओं और नई उड़ान भरने के लिए पंख मिले हैं।

## मध्यम वर्ग, युवा, किसान व महिलाओं के लिए श्रेष्ठ है बजट : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बजट को मध्यम व्यवसायों, सर्विस क्लास, किसानों, युवा स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने और महिलाओं के चौमुखी विकास का बजट बताया है। आनंद शंकर ने कहा कि बजट में विशेष कर 12 लाख रुपये तक आय वाले को इनकम टैक्स से मुक्त किया जाना स्वागत योग है इससे सर्विस क्लास के साथ-साथ मध्य व्यवसाययों को काफी राहत मिलेगा। बजट में कई संभावनाएं भारत के इकोनामिक ग्रोथ की ओर दशार्ता है। आनंद शंकर ने बताया कि उद्योग एवं टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की ओर से कई पहल के संकेत बजट में मिल रहे हैं जो भारत की अर्थव्यवस्था को सुधारेगा।

## बजट सकारात्मक है : धनंजय सोनी



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिला स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सह सोना महल के प्रोपराइटर धनंजय सोनी ने इस बजट की सराहनी करते हुए मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी। कहा कि यह बजट व्यवसाय कर रहे पर हर व्यक्ति के लिए लाभदायक होगा। 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई भी टैक्स नहीं लेने से छोटे-बड़े व्यवसाईयों को लाभ मिलेगा।

## शांतिपूर्ण तरीके से सरस्वती पूजा मनाने का निर्णय

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ राकेश तिवारी व संचालन थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया। बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा तय रूट व निर्धारित समय पर विसर्जन जुलूस निकालने पर भी सहमति बनी। सीओ ने कहा कि आपसी भाईचारे के बीच पर्व मनाने से उसका महत्व और बढ़ जाता है। नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने कहा कि मां सरस्वती विद्यादायनी हैं। विद्या की देवी के पूजा में किसी भी प्रकार का गलत कार्य नहीं होना चाहिए। वहीं, थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पूजा व विसर्जन जुलूस के दौरान कोई भी कमेटी का सदस्य शराब का सेवन ना करें। पुलिस असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। बैठक में नावाडीह कला ओपी प्रभारी चंदन कुमार, एसआई शिवनाथ कुमार, जिला पार्षद विजय रविदास, पूर्व नप उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बड़कू सिंह, इदरीश हवारी आदि थे।

# विधायक संजय सिंह यादव ने शासी निकाय का अध्यक्ष पद संभाला, दिये कई महत्वपूर्ण निर्देश

## कॉलेज की हालत देख प्रिंसिपल की लगायी क्लास

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज मोती राज महिला कॉलेज की हालात काफी दयनीय हो चुकी है। शनिवार को कॉलेज निरीक्षण के बाद बैठक के दौरान हरिहरगंज-हुसैनाबाद के विधायक संजय सिंह यादव ने कॉलेज की स्थिति और छात्राओं का नामांकन पुस्तिका देख प्रिंसिपल वीना सिंह की जमकर क्लास लगाई। इस दौरान उन्होंने कॉलेज को प्रतिदिन खोलने और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए चार महिला प्रोफेसर बहाल कर कोचिंग क्लास चलाने का निर्देश दिया। कहा कि मेरे प्रतिनिधित्व में कॉलेज की स्थिति ऐसी नहीं थी जो आज है। यहां तक कि कॉलेज में छात्राओं के लिए लैब की भी व्यवस्था नहीं है। विधायक ने विकास समिति शासी निकाय के अध्यक्ष का पद ग्रहण किया और अगली बैठक में कॉलेज का विकास और छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर चर्चा करने की बात कही। इस दौरान प्रमुख कमला देवी, प्रोफेसर युगेश प्रसाद, अमरेंद्र सिंह, मकसूद आलम, इंद्रा कुमारी सिंह के अलावे राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष खुरसीद अहमद, जिला उपाध्यक्ष रंजित पासवान, जिला सचिव संजय कुमार यादव, राजद वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, राजकुमार पासवान, कमलेश यादव, लखन यादव, राजेंद्र यादव, विकास यादव, भोला यादव, सुदामा मेहता, सरजू यादव, अनिल पासवान, कुशवाहा संगीता, छात्र प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, आनंद यदुवंशी, उमा यादव, सतेंद्र यादव, आबिद हुसैन (मुन्ना) और सौरभ भुइंया आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने किया डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन

विधायक संजय सिंह यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोपाल प्रसाद भी मौजूद थे। जिनकी मौजूदगी में विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल एक्सरे मशीन की व्यवस्था हो जाने से क्षेत्र के मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मरीजों के लिए स्वास्थ्य केंद्र में सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा।

## नसीहत : विद्यार्थियों को बताया शिक्षा का महत्व

# हमें बच्चों पर बिना दबाव बनाये उनके दिमाग का विकास करना चाहिए: अरुणा शंकर

**गुरुकुल विधा निकेतन स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर गुरुकुल विद्या निकेतन आवासीय विद्यालय ने शनिवार को अपना 9वां वार्षिकोत्सव मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम महापौर अरुणा शंकर शामिल हुईं। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर, अध्यक्ष अविनाश वर्मा, संगठन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक सिकंदर अजाम और अब्दुल हकीम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अरुण शंकर ने कहा कि वर्तमान दौर में पढ़े लिखे युवा, बच्चों का भविष्य संवारने में अहम योगदान दे रहे है। बच्चों के माता पिता को भी ऐसे शिक्षक का सहयोग करने की जरूरत है जिससे उनके बच्चों का भविष्य संवर सके। हमें बच्चों पर बिना दबाव बनाए, उनके दिमाग का विकास करना है। बच्चे जो करना चाहते हैं उन्हें खुद करके सीखने दें। बच्चों में स्पर्धा की भावना पैदा करने से उनकी बेसिक मानसिक विकास रुक जाती है। बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। वहीं, अविनाश वर्मा ने कहा कि राज्य के शिक्षित युवा सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों का भविष्य संवारने में अहम योगदान दे रहे हैं। ऐसे शिक्षक का सहयोग जनप्रतिनिधियों को करने की जरूरत है जिससे कि प्राइवेट स्कूल के शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने में कोई कसर नहा छोड़ें। वहीं, प्रबंध निदेशक सिकंदर आजाम ने कहा कि प्राइवेट स्कूल के शिक्षक बच्चों का भविष्य संवारने में अहम योगदान दे रहे है। उनका सहयोग बच्चों के माता पिता को करने की जरूरत है ताकि उनका बच्चा राज्य व देश का नाम रोशन कर सके। इस मौके पर शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकगण मौजूद थे।




गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल अरुणा शंकर व अन्य।

## कांग्रेसी नेताओं ने की देवड़ी मंदिर में पूजा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर चंद्रवंशी ने कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ शनिवार को देवड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता राजेश कच्छप, सोशल मीडिया चेयरमैन गजेंद्र सिंह व मीडिया सेल के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी शामिल थे। वरीय कांग्रेसी नेता सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि पूजा कर मां से प्रदेश की खुशहाली व हरियाली की मन्नत मांगी गयी।**

## संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के दो कर्मी हुए सेवानिवृत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास इंटर कॉलेज के पुस्तकालय प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला व आदेशपाल मृत्युंजय पांडेय सेवानिवृत हो गये। कॉलेज परिवार की ओर से दोनों को समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। प्राचार्य अर्चना कुमारी ने दोनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि कॉलेज प्रबंधन दोनों लोगों की निःस्वार्थ सेवा को याद रखेगा। वितरहित शैक्षणिक संस्थान की उन्नति और बच्चों के भविष्य के लिये इनके योगदान को कभी भुलाया भी नहीं जा सकता। इन दोनों ने अपना पूरा जीवन इस कॉलेज को समर्पित कर दिया।**

## कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर एसडीओ ने की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एसडीओ की अध्यक्षता में कुष्ठ जागरूकता अभियान और कुष्ठ खोजी अभियान की सफलता को लेकर शनिवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि 31 जनवरी से 14 फरवरी तक प्रत्येक गांव में कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी स्वास्थ्य सहिया प्रत्येक गांव में कुष्ठ जागरूकता अभियान के साथ 153 गांव में कुष्ठ के नए मरीजों को खोजने के लिए सर्वे करेंगी।बैठक के दौरान एसडीओ ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्थानीय प्रतिनिधियों से, विद्यालय के शिक्षक गणों से आग्रह किया। बैठक में तीनों प्रखंड के बीडीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक और विमल हेमरोम आदि उपस्थित थे।

## नेत्र चिकित्सा सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अंगद किशोर, सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार और डॉ अखिलेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से आचार्य सिद्धेश्वर पाठक की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नेत्र चिकित्सा शिविर सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में फाऊंडेशन के अध्यक्ष सह साहित्यकार एवं इतिहासकार अंगद किशोर ने कहा कि आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन के जनक आचार्य सिद्धेश्वर पाठक हैं, जिन्होंने संस्था को एकमुश्त 51 लाख रुपए बतौर दान दिया है। जिसके ब्याज से इस प्रकार की सामाजिक सेवा की जाती है। डॉ अखिलेश गुप्ता ने कहा कि बाबा सिद्धेश्वर पाठक का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए समर्पित था। सचिव आलोक कुमार ने कहा कि संस्था की ओर से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन विगत 2012 से अनवरत जारी है। सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार ने कहा कि आज सिद्धेश्वर पाठक नहीं हैं, पर उनके द्वारा दिए गये अनुदान से विभिन्न सामाजिक कार्य अनवरत काल तक चलता रहेगा। नेत्र चिकित्सक डॉ धीरज प्रसाद ने 80 मरीजों का आपरेशन किया। संध्या में संस्था के सौजन्य से सभी मरीजों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अन्य उपस्थित लोगों में संस्था के व्यवस्थापक कमलेश कुमार विश्वकर्मा, रवि कुमार, कुलदीप कुमार, रवीन्द्र कुमार आदि उल्लेखनीय थे।

# आम बजट पर जनप्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रियाएं

## किसी ने कहा किसान हितैषी, तो किसी ने लोक लुभावन बजट बताया

आजाद सिपाही संवाददाता


विनय लाल


सत्यनारायण पटेल


रमेश कुमार


चैतू उरांव


कलीम अख्तर


फिरोज आलम


हसन खान लड्डन


संतोष गुप्ता गुड्डू


शकील खान


बुधराम नायक

**गुमला।** केंद्र सरकार के बजट प्रस्तुत करने के साथ ही बजट पर राय आने शुरू हो गये हैं । जहां एनडीए से संबंधित पार्टी के नेताओं ने इस बजट को लाभकारी किसानों का हितेषी और आम जनों को राहत पहुंचाने वाला बजट बतलाया है। वहीं इंडिया गठबंधन के लोगों ने लोक लुभावना बजट बतलाया है । भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विनय लाल ने इसे दूरदर्शी बजट बताते हुए कहा कि यह बजट आने वाले वित्तीय वर्ष में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं सत्यनारायण पटेल ने कहा कि इस बजट से किसानो को राहत मिलेगी। भाजपा के चैनपुर मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक ने कहा है कि यह बजट आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, मजदूरों, किसानों की अपेक्षा को पूरा करने वाला संतुलित बजट है। विशेष कर महिलाओं पर बजट पर पूरा ध्यान दिया गया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोहर बड़ाईक ने कहा की आम जनों को देखते हुए यह एक कल्याणकारी बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान दिया गया है, यह बजट देश को नयी ऊंचाई पहुंचने में मदद करेगी। काग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि बजट में कोई ऐसी चीज नहीं जो आम जनता को आकर्षित कर सके। वहीं प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने इस बजट को महज खानापूर्ति बताया। संतोष गुप्ता गुड्डू ने कहा कि बजट किसानों को धोखा देने वाला है।

राजनिल तिग्गा ने कहा कि बजट से देश की आम जनता का कोई सरोकार नहीं। जेएमएम के अल्पसंखयक जिला अध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन में कहा कि बजट में युवाओं और छात्रों के हितों का ख्याल नहीं रखा गया। कांग्रेस के जिला महाशिव फिरोज आलम के अनुसार बजट में नया कुछ भी नहीं। वही जे एम एम नेता शकील खान ने कहा कि इस बजट से झारखंड का कल्याण नहीं होने वाला है। जेएमएम के हसन खान लड्डन के मुताबिक इस एनडीए गठबंधन वाली मोदी सरकार महिलाओं को छलने का काम किया है बजट में हल्के-फुल्के प्रावधान करके ही महिलाओं को लुभाना चाहती है। यह बजट पूरी तरह कुर्सी बचाओं और कॉपी पेस्ट बजट है, यह बजट किसान विरोधी बजट है। इस बजट से आम आदमी का को लेना देना नहीं है। चैनपुर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बड़ा है भी इस बजट पर नहीं मिला है। केंद्रीय बजट झुनझुना है, इस बजट से आम लोगों को कोई फायदा नहीं होगा। इससे किसानों को कोई फायदा नहीं है।

# डायन बिसाही के शक में दो महिलाओं की ली गयी जान


मृतका सीता देवी उम्र 78 वर्ष पति स्व. सावना प्रधान


मृतका शांति देवी उम्र 45 वर्ष पिता स्व.सावना प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/रायडीह।** रायडीय थाना अन्तर्गत ग्राम जमगई डुरूटोली के की दो महिलाओं की हत्या कर दी गयी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण और मुखिया ने रायडीह पुलिस को इसकी सूचना दी। बताया जा रहा है कि डायन बिसाही के शक में दोनो महिलाओं की जान ले ली गयी। पुलिस को जमगई के पास पुराना पानी जंगल स्थित एक खेत में दोनो महिलाओं का शव पड़ा मिला। रायडीह पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दोनों शव को कब्जे में लिया गया। दोनों मृतकाओं की पहचान मां-बेटी सीता देवी, और शांति देवी के रूप में की गयी। दोनों ग्राम-जमगई, डुरू टोली, थाना-रायडीह, जिला-गुमला के निवासी हैं। पुलिस की जांच पड़ताल के बाद दो लोगों को हत्या के आरोपी कमलेश प्रधान, करीब 23 वर्ष, पिता-स्व हरि प्रधान, ग्राम-जमगई, डुरूटोली, थाना-रायडीह, जिला-गुमला को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि उक्त दोनों महिलाओं की हत्या दिनांक 30.01.2025 को ही शाम के समय इसके द्वारा जमगई के पास पुराना पानी जंगल/ खेत में टांगी से मार कर किया गया। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि इसकी पत्नी अक्सर बीमार रहती थी। घटना का मुख्य कारण प्रथम द्दष्टया आजडायन-विषाही का आरोप लगाकर विवाद होना पाया गया है।

# जिला उद्यान ने किया पांच दिवसीय बागवानी और उद्यानिकी प्रशिक्षण का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** जिला उद्यान गुमला के द्वारा किसानों के लिए किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन शशांका एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेडके द्वारा कराया गया। जिस में विभिन्न पंचायत के 70 किसान प्रशिक्षण में शामिल हुए, यह प्रशिक्षण बिशनपुर प्रखंड के सेरका पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम 27/1/ 2025 से 1/2/2025 तक चला, जिसमें शशांका एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के ट्रेनर सुशील उरांव और सिरका मुंडा के द्वारा किसानों को ट्रेनिंग दिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में किसानों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिस में खेती और बागवानी के उंनत किस्म से किस तरह से किया जा सकता है। और रासायनिक खादो का उपयोग कम करते हुए कैसे जैविक खाद का प्रयोग करते हुए खेती किया जा सकता है। अन्य चीजों पर विशेष रूप से किसानों को जानकारी दिया गया। जिला उद्यान पदाधिकारी तमंना परवीन और जिला तकनीकी पदाधिकारी दीपक कुमार सिंह के द्वारा ट्रेनिंग किए हुए सभी किसानों को सर्टिफिकेट के साथ कृषि संबंधित टूल्किट जिला उद्यान के द्वारा किसानों को वितरित किया गया।

# सिविल सर्जन ने जागृति हॉस्पिटल और रेफरल अस्पताल सिसई का किया निरीक्षण




**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आज डॉ नवल कुमार, असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और डॉ धनुर्जय सुंबराई, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जागृति हॉस्पिटल, बाजार टांड़, सिसई स्थित अल्ट्रासाउंड सुविधा एवं रेफरल अस्पताल, सिसई की चिकित्सा सेवाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण दल में सिविल सर्जन और अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के साथ प्रधान लिपिक अशोक कुमार लाल और शिवचरण साहू भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, स्वच्छता, मरीजों को दी जा रही सेवाओं और आवश्यक संसाधनों की स्थिति की जांच की गयी।

# गुमला के तीन पुलिस कर्मी सेवानिवृत्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना रोड गुमला स्थित पुलिस एसोसिएशन भवन के सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति पर तीन पुलिस कर्मियों को सम्मान के साथ विदाई दी गयी। सेवानिवृत होने वालों में पुअनि अर्जुन प्रसाद सिंह, सअनि गोविंद सोरेन और सअनि अनवर अंसारी शामिल है। वही मौके पर सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार, सीसीआर के इंस्पेक्टर मोहम्मद शमीम, क्षेत्रीय मंत्री वीरू प्रसाद नारायण देव, उपाध्यक्ष लिखन हेंब्रम, संयुक्त सचिव मोहम्मद इसहाक अंसारी, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी ने सेवानिवृत्त तीनों पुलिसकर्मियों को पुष्प गुच्छ देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार ने बताया तीनों पुलिसकर्मी अपने पूरे कार्यकाल में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। साथ ही वे ईमानदारी और अनुशासन के साथ अपना कार्यकाल पूर्ण किए। वही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारी ने तीनों पुलिसकर्मियों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया साथ ही उन्हें उपहार भी दिया। वहीं तीनों पुलिस कर्मियों ने बताया गुमला जिला में काम करके उन्हें बहुत अच्छा लगा। अन्य कर्मियों का उन्हें भरपूर सहयोग मिला। वे गुमला जिला को हमेशा अपने दिलों में याद रखेंगे। मौके पर पुलिस लाइन चंदाली और गुमला थाना के कई पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

# एसडीएम की जांच रिपोर्ट के बाद भी जिले के भ्रष्ट कर्मियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा ।** सीएचसी कामडारा मे जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर पैसों की उगाही किये जाने के मामले को लेकर विगत् 9 जनवरी को बसिया के एसडीएम के द्वारा जांच कर जिला मुख्यालय रिपोर्ट भेजी गयी थी। परंतु अब कुछ भी परिणाम सामने नहीं आने से अब जिले मे बैठे अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। जानकारी मुताबिक कामडारा के जिप सदस्य दीपक कंडूलना ने लगभग 22 दिन पूर्व जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को एक आवेदन सौंपकर सीएचसी कामडारा मे जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर संबंधित लिपिक के द्वारा पैसों की उगाही किये जाने का आरोप लगाया था। उसी के आधार पर गुमला के उपायुक्त ने एक जांच टीम गठित कर बसिया के एसडीएम जयवंती देवगम को जांच करने का निर्देश दिया था। वहीं बसिया एसडीएम ने उक्त पूरे मामले की जांच की। जिसमे कुछ लोगों ने अस्पताल परिसर मे ही एसडीएम के समक्ष जन्मप्रमाण पत्र बनाने के नाम पर हो रही मनमानी का पोल खोल दिया था। वहीं बसिया एसडीएम ने जन्म प्रमाण से संबंधित लिपिक अतुल राज अनुराग पौराणिक से पूछ-ताछ और जांच की। इसके बाद इसकी जांच रिपोर्ट जिला मुख्यालय भेज दी गयी, लेकिन इधर अब 20 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कुछ परिणाम सामने नहीं आने के कारण अब जिले मे बैठे अधिकारियों के कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# अपनी समस्याओं को मुखर होकर रखें ग्रामीण: अभिनव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** ग्रामीणों को अपने हक के लिए आवास बुलंद करना पड़ेगा। उन्हें मुखर होकर आगे आना होगा और अपनी समस्याओं को जनप्रतिनिधियों और सक्षम पदाधिकारी के समक्ष रखना होगा । तभी उनकी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। उक्त बातें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत ने अपने वार्ता के साथ दौरान कहीं। इस दौरा कार्यक्रम में संसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत रायडीह प्रखंड पहुंचे। जहां प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा स्वागत किया गया। सांसद प्रतिनिधि और युवा नेता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर प्रखंड की समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वारिस खान, युवा कांग्रेस जिला सचिव अशोक तिग्गा, अनिल साहु, कादिर अली, सलीम खान, अनिल एक्का, बशीर राय, सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत् **ई–अल्पकालीन् निविदा संख्या– 22/2024-25/RWD/CHATRA**, दिनांक– 05.10.2024, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 14.10.2024 थी, जिसका **P.R. No. 338207 Rural Work Department(24–24).D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **06.02.2025**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **13.02.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **15.02.2025 अपराह्न 03.30 बजे।**
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**PR 345619 Rural Work Department(24-25).D**

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WATER WAYS DIVISION NO.2, HAZARIBAG.

**Very Short e-Procurement Tender Notice No.- 12/2024-25- D.M.F.T.**

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Govt. Middle School Nagwan under Sadar Block | 43,67,600.00 | 3 Months |
| 2. | Strengthening of New Primary School, Kawatu under Ichak Block. | 53,33,200.00 | 3 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 07.02.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 14.02.2025 up to 4:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 14.02.2025 up to 4:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 15.02.2025 at 05:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division No.2 , Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-298163, 7903709450 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eewwdchak2-cer-jhr@nic.in |

**Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.**
**2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.**
**3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in**

Executive Engineer, Water Ways Division No.2, Hazaribag.

PR 345638 (Water Resource)24-25*D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– **RDSPL/SD/HZB/37/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /37/01//2024-25 | केरेडारी | केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बेलतु अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय ऊपरटोला बेलतु का चहारदिवारी, डीप बारिंग, शौचालय कक्ष एवं शेड का निर्माण कार्य। | 4085600.00 | 81800.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB /37/02/2024-25 | केरेडारी | केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बेंगबरी अन्तर्गत सरकारी मध्य विद्यालय बेंगबरी का चहारदिवारी, डीप बारिंग एवं शेड का निर्माण कार्य। | 4555400.00 | 91200.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB /37/03/2024-25 | केरेडारी | केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम सिरोईया अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिरोईया का चहारदिवारी निर्माण कार्य। | 2372100.00 | 47500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB /37/04/2024-25 | चौपारण | चौपारण प्रखण्ड के ग्राम बच्छई में प्राथमिक विद्यालय, मलिकाना का उन्नयन कार्य। | 1700600.00 | 34100.00 | 10000.00 | 3 माह |
| 5. | RDSPL/SD/HZB /37/05/2024-25 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम चेचकपी में उत्क्रमित मध्य, सिझुआ में चाहरदिवारी का निर्माण। | 2762300.00 | 55300.00 | 5000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.02.2025 से दिनांक 27.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.02.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

**PR 345649 Rural Development(24-25)#D**


# स्पोर्ट्स



संजू सैमसन के लिए इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज कुछ खास नहीं रही है। संजू जहां चौथे टी20 में सिर्फ 1 रन बना पाये। वहीं पूरी सीरीज में उनका एक भी पचासा अबतक नहीं आया है।

# आखिरी टी20 में चार खिलाड़ियों का दिखेगा जलवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुणे।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को चौथे टी20 मुकाबले में 15 रन से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बोर्ड पर 9 विकेट खोकर 181 रन लगाये। जवाब में इंग्लैंड की टीम 166 रन पर ऑलआउट हो गयी। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में पहले ही 3-1 की अजय बढ़त बना ली है। हालांकि भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी अभी भी इस सीरीज में अपना जलवा दिखा पाने में नाकामयाब रहे हैं। 5वें टी20 मुकाबले में मौका आने पर इंग्लैंड की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ा सकते हैं।



## सूर्यकुमार यादव से बच कर रहें अंग्रेज

भारत के मिस्टर 360 और मौजूदा समय में टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज माने जाने वाले सूर्यकुमार यादव का बल्ला इस पूरी सीरीज में खामोश रहा है। सूर्या जिस तरह के बल्लेबाज हैं अगर वो फॉर्म में आ गये तो इंग्लैंड के गेंदबाज पानी भरते हुए नजर आयेंगे।



## अच्छी नहीं रही अक्षर पटेल की फॉर्म

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल का भी वैसा खेल अभी तक इस सीरीज में नजर नहीं आया है जिस के लिए वो जाने जाते हैं। खासकर बल्ले से तो अक्षर पूरी तरह से अपनी छाप छोड़ने में नाकामयाब रहे हैं। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी से नचा दिया था।



## रिंकू सिह को रहेगा बारी का इंतजार

टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के लोअर मिडिल ऑर्डर की जान माने जाने वाले रिंकू सिंह को इस सीरीज के पहले तीन मैचों में मौका मिल ही नहीं पाया, लेकिन रिंकू को चौथे टी20 के लिए टीम में शामिल किया गया। 26 गेंदों पर 30 रन की पारी खेल टीम इंडिया को मुश्किल से बाहर निकाला। रिंकू 5वें टी20 में इंग्लैंड पर घातक हमला कर सकते हैं।



## मोहम्मद शमी को भी वापसी का इंतजार

मोहम्मद शमी को इस पूरी सीरीज में सिर्फ 1 मैच खेलने का मौका मिल पाया है। पहले दो टी20 में बाहर बैठने के बाद शमी को तीसरे टी20 में टीम में शामिल किया गया था। शमी को वापसी के बाद अभी भी अपनी पहली विकेट का इंतजार है। टी20 में खेलते हैं तो वो भी एक तगड़ा स्पेल फेंकने के लिए बेताब होंगे।



जसवंत सिंह ने 1999 में केंद्रीय बजट पेश करने का समय शाम पांच बजे से बदल कर सुबह 11 बजे कर दिया था।


आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in







# हेमंत सरकार व्यापारियों के सुख-दुख में साथ खड़ी है : विनोद पांडे

**धनबाद पहुंचे मंत्री विनोद पांडेय का व्यापारियों ने किया स्वागत**



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के मंत्री एवं झामुमो के महासचिव विनोद पांडे के धनबाद आगमन पर शनिवार को जिला थोक वस्त्र विक्रेता संघ के व्यापारियों ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस पर मंत्री जी ने व्यापारियों से कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार व्यापारियों के सुख दुख में हर समय साथ है। किसी भी समय कोई भी व्यापारी या जनता उससे संपर्क कर सकता है। इस मौके पर रमेश ननोर्ली, राजकुमार टाटिया, उमेश हेलीवाल, आजाद कृष्ण अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, मनोज गोयल, उदय तिवारी आदि थे।

# 'संवहनीय खनन और गवेषण हेतु तकनीकी प्रगतियां' पर आयोजित संगोष्ठी का समापन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एमजीएमआई धनबाद चैप्टर और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर की ओर से संयुक्त रूप से सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद में 'संवहनीय खनन और गवेषण हेतु तकनीकी प्रगतियां' (टीएएसएमइ-2025) पर शुक्रवार से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम में सतत खनन के भविष्य पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञ, उद्योग के नेता और शोधकर्ता शामिल हुए। टीएएसएमई-2025 के अध्यक्ष प्रो अरविंद कुमार मिश्रा और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में खनन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। बताया कि कैसे कोविड-19 महामारी के दौरान भी धनबाद जैसे क्षेत्रों में हवा साफ रही, जबकि खनन कार्य जारी रहा। उन्होंने हरितीकरण और शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के लिए खनन क्षेत्र की प्रतिबद्धता के महत्व पर जोर दिया। प्रो मिश्रा ने टिकाऊ खनन को प्राप्त करने के लिए तीन प्रमुख कारकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने खनन उद्योग के भविष्य में समर्पण, उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपनी बात समाप्त की। वहीं, एमजीएमआई इंडिया के मानद सचिव रणजीत तालापात्रा ने सेमिनार के दो समृद्ध दिनों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस तरह के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन में सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी और योगदान के लिए धन्यवाद दिया। जबकि सीएसआईआर-सीआईएमएफआर अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर डीडी मिश्रा ने टीएएसएमई-2025 की कुछ प्रमुख सिफारिशों पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से खनन प्रक्रिया में सुधार के लिए व्यापक जानकारी जुटाने के लिए एक उपकरण के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग की वकालत की। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के निदेशक (तकनीकी) पीएंडपी मनोज कुमार अग्रवाल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने खनन क्षेत्र की चुनौतियों और समाधानों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें विशेष रूप से सुरक्षा उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने बीसीसीएल की पहलों और खनन उद्योग में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। वहीं, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के प्रबंध निदेशक सह अध्यक्ष सतीश झा समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने खनन क्षेत्र में स्थिरता और न्यायपूर्ण बदलाव के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने स्थिरता पर अपने विचार साझा किए, स्थानीय समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और सकारात्मक सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ईसीएल को भविष्य की शोध परियोजनाओं पर सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्धता जताई जो सतत खनन प्रकटीसेस का समर्थन करती हैं। सत्र का समापन सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ एमपी रॉय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी का प्रशिक्षण शिविर संपन्न




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो अंतर्गत सदर अस्पताल में तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र में दी जाने वाली दवाओं से संबंधित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारियों का शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। यहां मनोरोग चिकित्सक सदर अस्पताल के डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी चिकित्सा पदाधिकारी को परामर्श के दौरान दी जाने वाली निकोटीन रिप्लेस्मेन्ट थेरपी के बारे में जानकारी दी। वहीं, तम्बाकू छोडने व लाभार्थी के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए परामर्श देने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान जिला परामर्शी मो असलम ने सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि जिले में कुल 10 तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र का संचालन हो रहा है। इसमें दो जिला स्तर पर एक सदर अस्पताल बोकारो के 13 नंबर ओपीडी में दूसरा बोकारो जनरल अस्पताल के 9 नंबर ओपीडी में संचालित है। वहीं, जिला के सभी आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एनसीडी क्लिनिक में संचालित है। सभी आमजन मानस से अनुरोध किया गया कि उक्त संस्थान में संपर्क कर तंबाकू के नशा को छोड़ने के लिए परामर्शी सेवा का लाभ लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी चिकित्सा पदाधिकारी को तम्बाकू छोड़ने के लिए परामर्शी प्रक्रिया व फेफड़े की स्थिति की जांच के लिए स्पाईरोमीटर का उपयोग एवं खून में कार्बन मोनोआक्साईड की मात्रा का पता लगाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर आरती कुमारी मिश्रा, छोटेलाल दास आदि उपस्थित थे।

# बजट गरीब किसान, मजदूर, युवा और मध्यम वर्ग को मजबूती देने वाला है : राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता







**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने शनिवार को पेश केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। कहा कि यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ ही गरीब किसान, मजदूर, युवा और मध्यम को मजबूती देने वाला है। वहीं, धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय राय ने कहा कि, यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। इस बजट से देश को नई गति मिलेगी। बजट प्रगतिशील एवं भविष्योन्मुखी है। इसके माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा देश के विकास को गति को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये गए है। बजट में देश में रक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बार रक्षा बजट को 36959 करोड़ रुपये बढ़ा दिया गया है। इस बजट में सभी वर्गो का ख्याल रखा गया है। इस संतुलित बजट के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई। वहीं, जिला महामंत्री मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, शेखर सिंह, महेश पासवान ने कहा कि बजट स्वागत योग्य है। इस बजट में विकसित भारत के लिए दूरदर्शिता स्पष्ट नजर आती है। आईटीआर एवं टीडीएस की समय सीमा बढ़ाकर मध्यमवर्गीय को विशेष राहत दी गई है। 12 लाख रुपये तक की आय के लिए कोई टैक्स नहीं देना होगा। अब एक लाख रुपये महीना कमाने वाले को कोई टैक्स नहीं देना है। झारखंड के 21 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट भी बढ़ा दी गई है। उधर, जिला मंत्री पंकज सिन्हा ने कहा कि बजट संतुलित एवं विकासोन्मुख है। कहा कि प्रस्तुत आम बजट संतुलित समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को तीव्र गति प्रदान करेगा। वहीं, बजट पर जिला मंत्री प्रियंका देवी, रीता यादव, नरेन्द्र त्रिवेदी, अभिमन्यु कुमार, निर्मल प्रधान और सत्येंद्र मिश्रा आदि ने भी खुशी जाहिर की है।

# मुख्यमंत्री चार को धनबाद में

## डीसी ने लिया कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेती डीसी माधवी मिश्रा।

**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चार फरवरी को धनबाद आ रहे हैं। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने शनिवार को शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजकों को मुख्यमंत्री का बरवाअड्डा हवाई अड्डे पर स्वागत करने, उनके साथ मंच पर उपस्थित रहने वाले, कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्यमंत्री को बरवाअड्डा हवाई अड्डे पर विदाई देने वाले व्यक्तियों की सूची प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही कार्यक्रम के दिन वाहनों की पार्किंग, वाहन पास, ट्राफिक प्लान आादि को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। डीसी ने भवन प्रमंडल को स्टेज, पंडाल आदि की जांच करने, अग्निशमन पदाधिकारी को अग्निशमन वाहन तैनात करने सहित संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# सरस्वती पूजा में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता




**तेतुलमारी।** तेतुलमारी थाना परिसर में शनिवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव और संचालन मदन ठाकुर ने किया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पूजा के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। मां सरस्वती की पूजा को शांति पूर्ण ढंग से मनाए। अफवाओं पर ध्यान ना दें। अश्लील गानों को ना बजाए। शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और इसमें जनता से सहयोग की आवश्यक है। वहीं, बैठक में उपस्थित स्थानीय नागरिकों और पूजा समितियों के लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान तेतुलमारी थाना से सेवानिवृत्त हुए पुअनि रविन्द्र सिंह को थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादब सहित अन्य अधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर और उपहार देकर स्वागत करते हुए विदाई दी गयी। मौके पर तेतुलमारी थाना के पुअनि दुर्गेश सिंह, सुरेश ठाकुर, हेमंत मिंज, रविन्द्र सिंह, बुधू उरांव, दिना नाथ ओझा, मो नासिर, पूर्व पार्षद बिरजू बाउरी, निबर्तमान पार्षद छोटू सिंह दिलीप निषाद, चंदन महतो, राजू मल्लाह, मनोज मल्लाह, प्रदीप वर्मा अजय साहनी, अशोक निषाद, वीरेंद्र सिंह, दीपेश चौहान, पंकज कुमार विक्रम कुमार, सूरज निषाद, सुनील सिंह पंकज कुमार, नरेश रवानी, रीता देवी, गीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राकोमयू के ढोरी क्षेत्रीय समिति का हुआ पुनर्गठन

# सतेंद्र अध्यक्ष, महारुद्र सचिव और सत्यप्रकाश बनाये गये कोषाध्यक्ष



**बेरमो (आजाद सिपाही)।** हिंद महासभा (एचएमएस) से संबद्ध श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (आरकेएमयू) ढोरी क्षेत्र के कमेटी का शनिवार को पुनर्गठन हुआ। इसमें अध्यक्ष सतेंद्र कुमार, सचिव महारुद्र कुमार सिंह और कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिन्हा को बनाया गया है। इसके पूर्व ढोरी क्षेत्र की कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कुंज बिहारी प्रसाद ने की। यहां सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया था। इसमें संरक्षक कुंज बिहारी प्रसाद, अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद, अभिषेक शर्मा एवं रविंद्र साहनी को बनाया गया। वहीं, सचिव महारुद्र कुमार सिंह, सह सचिव अभिजीत बाउरी, अनिल मोदी और रवि कुमार साहनी, संगठन मंत्री चन्दन कुमार चौहान, उपसंगठन मंत्री उमा शंकर, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिन्हा को बनाया गया। इसके अलावे करीब 19 लोग को कार्यकारणी समिति का सदस्य बनाने का कार्य किया गया है। संगठन के संरक्षक और सचिव महारुद्र ने कहा कि पुरानी समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर संगठन का पूनर्गठन किया गया है। जो नये पदाधिकारी बनाये गए हैं सबका मुख्य उद्देश्य मजदूरों की समस्याओं का निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि निकट दिनों में दर्जनों नये सदस्य को संगठन से जोड़ा जाएगा। कहा कि श्रमिक हित में किए जा रहे कार्य को लेकर बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग का रुझान संगठन की ओर हुआ है। कई नये बहाली वाले कामगार हमारे संगठन से जुड़े हैं। वहीं, कई दूसरे श्रमिक संगठन में पूर्व में सदस्य रहे लोग भी अपने पूर्व के संगठन को छोड़कर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन में शामिल हो रहे हैं। संगठन के महामंत्री राजेश कुमार सिंह ने नयी समिति के संदर्भ में क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर संगठन की नयी समिति के पदाधिकारियों से अवगत कराया है।

# स्व. सौखी प्रसाद यादव की मनायी गयी 29वीं पुण्यतिथि

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंदुआ चिल्ड्रेन पार्क मैदान में स्वर्गीय सौखी प्रसाद यादव की 29वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवनसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता लक्ष्मण प्रसाद यादव व संचालन सुरेन्द्र प्रसाद यादव नमे किया। इस अवसर पर जिला यादव महासभा के अध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दिवंगत को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए हुआ। वक्ताओं ने सौखी बाबू के जीवन एवं उनके द्वारा किये गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें धनबाद का गरीब-गुरवा, दलित-शोषित, पीड़ितों का सच्चा हितैसी बताया। कहा कि आज उनके सिद्धांतो को अपनाने कि आवश्यकता है। सर्वसम्मति से स्मारक के चारों ओर बॉउंड्री का निर्माण कराने और स्मारक के समीप एक सार्वजनिक भवन बनाने का सुझाव सबी के सहयोग से करने का निर्णय लिया गया। दूसरी ओर, आज से केंद्रीय बजट सत्र चालू होने के कारण सांसद ढुल्लू महतो कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने फोन पर कहा कि स्वर्गीय सौखी प्रसाद यादव के सम्मान में समिति द्वारा मुझसे जो भी अपेक्षायें होगी उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। वहीं, कार्यक्रम को आरएन सिंह यादव, तारकेश्वर प्रसाद यादव, राजेश्वर सिंह यादव, मुमताज कुरैसी, बिक्रमा प्रसाद यादव, रामाशीस यादव, लालमुनी यादव, वीरेंद्र यादव, जीतू पासवान, भोलू यादव, योगेंद्र यादव, मोहन राम, दिलीप यादव, प्रमोद साव, दिनानाथ ठाकुर, बिरजू साव आदि ने भी संबोधित किया।

# बैंक मोड़ में खुला झामुमो का कार्यालय

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बैंक मोड़ एसी मार्केट में झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह राज्य मंत्री विनोद पांडे ने किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए 4 फरवरी को झामुमो के स्थापना दिवस के लिए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। वही, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि कार्यालय खुलने से कार्यकर्ताओं- लोगों को सहूलियत होगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
**Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in**

-:निविदा शुद्धि पत्र:-

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–20/2024–25 जन सम्पर्क विभाग के **PR 345243 (Building) (24-25)D** से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–03.02.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–04.02.2025 था के क्रमांक संख्या– 01 का परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–04.02.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–05.02.2025 को है।

अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 345604 Building(24-25).D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

ई–अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

**ई–पुनर्निविदा संख्या– 09/RII/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 31.01.2025**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA /40/ 2024-25 | मयुरहण्ड प्रखण्ड के फुलांग पंचायत के ग्राम फुलांग पी॰एम॰जी॰एस॰वाई॰ रोड से तिलेटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–3.000 कि॰मी॰)। | 303.387 | तीन करोड़ तीन लाख अड़तीस हजार सात सौ मात्र | 15 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **10.02.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **17.02.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **19.02.2025 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 345613 Rural Work Department(24-25).D

**कार्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

आम नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित राज्यसात वाहनों (जहाँ एवं जिस स्थिति में है ) की बिक्री दिनांक 20.02.2025 को अपराह्न 12:30 बजे वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल, हजारीबाग के प्रमण्डलीय कार्यालय में आम नीलामी (खुला निविदा) द्वारा की जायेगी। यदि नीलामी की तिथि को किसी कारणवश कार्यालय अवकाश या बन्दी घोषित हो तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी । नीलामी फार्म आवश्यक दस्तावेज के साथ भरकर दिनांक 18.02.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं, इसके पश्चात फार्म जमा नहीं लिया जायेगा। नीलामी फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्त्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं ।

नीलामी हेतु अधिहरित (Confiscated) सूचीबद्ध वाहनों के मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि इस न्यायालय द्वारा पारित राज्यसात आदेश के विरूद्ध सुनवाई हेतु किसी न्यायालय/ अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन हो या वाहन के नीलामी से आपति हो तो सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर अपना दावा स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य के साथ कार्यालय अवधि में प्रस्तुत करेंगे । यदि सूचना प्रकाशन के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर अधिहरित (Confiscated) वाहनों पर कोई दावा इस कार्यालय में प्राप्त नहीं होगा तो यह समझा जाएगा कि किन्हीं को अधिहरित (Confiscated) वाहन की आम नीलामी द्वारा बिक्री करने पर कोई आपति नहीं है। नीलामी द्वारा वाहन बिक्री किये जाने के पश्चात किसी भी वाहन पर प्रस्तुत दावा मान्य अथवा स्वीकार्य नहीं होगा।

नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/इंजन संख्या/चेचिस संख्या | वन वाद सं0 | राज्यसात सं0 | वाहन जहाँ अवस्थित है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | आयसर ट्रैक्टर Sl.No. JJAHCJGP1726841 | 455/2020 | 21/2020 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 2 | पावर ट्रैक्टर– ईंजन सं0 E3069831 चेचिस सं0 B30644568 डाला सहित | 273/2018 | 40/2018 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 3 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर– ईंजन सं0 T77010010A29C03 डाला सहित | 26/2017 | 55/2017 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 4 | होण्डा साईन मोटरसाईकल निबंधन सं0 JH-02Z-7172 | 1841/2020 | 89/2020 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 5 | हिरो होण्डा मोटरसाईकल ईंजन सं0 MBL HA10EWBGC25610 | 442/2018 | 50/2018 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 6 | मोटरसाईकल निबंधन सं0 JH-02Z-2055 | 1257/2019 | 39/2019 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 7 | बजाज डिसकभर मोटरसाईकल निबंधन सं0 JH-11F-1057 | 1175/2021 | 60/2021 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 8 | हिरो होण्डा ड्रीम मोटरसाईकल निबंधन सं0 JH-02AF-8482 | 100/2018 | 35/2018 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 9 | टरबो निबंधन सं0 JH-01N-1718 | 646/2017 | 03/2018 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 10 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ईंजन सं0 M&M (TD) C05552888R1 चेचिस सं0 751046R5 डाला सहित | 18/2021 | 02/2021 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 11 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ईंजन सं0 RCNB02358 चेचिस सं0 BM13ROA5556238R डाला सहित | 45/2017 | 41/2017 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 12 | ट्रैक्टर सं0 JH-12C-9867 डाला सहित | 147/2012 | 10/2012 | बडकागांव थाना परिसर |
| 13 | सी0 डी0 डॉन मोटरसाईकल चेचिस सं0 02K26F09280 | 1744/2019 | 71/2020 | बरही प्रक्षेत्र |
| 14 | पिकअप भैन निबंधन सं0 JH-01T-3564 | 369/2018 | 48/2018 | बरही प्रक्षेत्र |
| 15 | ट्रक 407 बिना नम्बर का | 694/2018 | 03/2019 | बरही प्रक्षेत्र |
| 16 | सोनालिका ट्रैक्टर ईंजन सं0 JHL1618D14 चेचिस सं0 7840BD डाला सहित | 30/2014 | 07/2014 | बरही प्रक्षेत्र |
| 17 | ट्रक निबंधन सं0 JH-02AD-4477 | 1003/2021 | 51/2021 | बरही प्रक्षेत्र |
| 18 | बोलेरो पिकअप भैन निबंधन सं0 BR-45G-1075 | 173/2016 | 47/2016 | बरही प्रक्षेत्र |
| 19 | जे0 सी0 बी0 मशीन टाटा 315E ईंजन सं0 HZY845441 चेचिस सं0 315E0801 | 840/2020 | 37/2020 | चौपारण प्रक्षेत्र |
| 20 | महिन्द्रा ट्रैक्टर (SL No. RBT14367) संख्या JH-01V-4112 डाला सहित | 3255/2019 | 11/2020 | प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर |

PR 345608 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

## कालाहांडी में अंतरराज्यीय डकैत गिरोह के 8 आरोपी गिरफ्तार

# 3.51 करोड़ नकद और हथियार बरामद

- रांची जिले के रहनेवाले हैं गिरफ्तार आरोपी






आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कालाहांडी जिला पुलिस ने एक अंतरराज्यीय डकैती गिरोह को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। धर्मगढ़ थाना पुलिस ने बड़े पैमाने पर हुई डकैती में शामिल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 करोड़ 51 लाख रुपये नकद, बंदूकें, गोली, अपराध में इस्तेमाल वाहन और घातक हथियार जब्त किये हैं। बताया गया है कि गिरफ्तार किये गये सभी आरोपी झारखंड राज्य के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों में झारखंड के रांची जिले के ताहिर अंसारी, हुसेन खान, जसिम खान, सामीम अंसारी, वासुदेव गोपे, पिंटू उर्फ आलीम, अनुज कुमार और समीम अंसारी शामिल हैं। यह डकैती 30 तारीख को धर्मगढ में एक देशी शराब की भट्टी में हुई थी। देर रात लगभग 8 लुटेरे हथियारों लेकर लूटने के इरादे से भट्टे में घुस गये। वहां उन्होंने बंदूकों और घातक हथियारों से धमकाया और भारी मात्रा में रुपये लूट लिया। इस सिलसिले में धर्मगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया गया। कलाहांडी एसपी अभिलाष जी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और डकैत को पकड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी शुरू की गयी।

लूट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जेएच10एपी 4817 नंबर की बोलेरो गाड़ी से मौके से भाग गये। प्रारंभिक जांच के दौरान, स्थानीय पुलिस ने तुरंत दो अभियुक्तों, सिराज अंसारी और कामेश्वर यादव को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान, अपराध में प्रयुक्त वाहन की पहचान की गयी और उसे झारखंड में पाया गया। पुलिस को सूचना मिली कि अन्य आरोपी झारखंड लौट आये हैं। पुलिस ने अभी तक मामले में शामिल सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

अहम बात यह है कि लूट की घटना होते ही 11 जिलों की पुलिस तुरंत जुट गयी। इसमें कालाहांडी के अलावा बलांगीर, बरगढ़, संबलपुर, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, राउरकेला, गुमला, रांची ग्रामीण, लोहार दागा, वेस्ट सिंहभूम और सिमडेगा जिले की पुलिस शामिल थी। डीजीपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दोनों राज्यों की जिला पुलिस के बीच अच्छे समन्वय के कारण घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि आरोपी यसिम के खिलाफ रांची के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 6 से अधिक मामले लंबित हैं, जबकि अलीम अंसारी के खिलाफ 2 और ताहिर अंसारी के खिलाफ 3 मामले लंबित हैं। राज्य सुरक्षा महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया ने कालाहांडी एसपी अभिलाष से तत्काल कार्रवाई और पुलिस की सफलता की कामना की और बधाई दी।

## रांची में विकसित होगी अत्याधुनिक एकीकृत टाउनशिप

# एसोटेक हिल्स सेक्टर-2 का भव्य शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राजधानी रांची के टैगोर हिल रोड स्थित बैंक कॉलोनी के समीप एसोटेक हिल्स सेक्टर-2 का भव्य शुभारंभ शनिवार को किया गया। रांची की पहली एकीकृत टाउनशिप के रूप में विकसित हो रही इस परियोजना में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 2.5 बीएचके एवं 3 बीएचके के आवास उपलब्ध होंगे।

एसोटेक लिमिटेड के निदेशक अर्पण पटेल ने बताया कि टाइम्स ग्रुप द्वारा सर्वश्रेष्ठ नवोन्मेषी एकीकृत टाउनशिप का पुरस्कार प्राप्त कर चुकी यह परियोजना रेरा पंजीकृत है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-1 की सफलता के बाद इस नई परियोजना में आधुनिक जीवनशैली की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

परियोजना में स्विमिंग पूल युक्त क्लबहाउस, आधुनिक जिम, उद्यान, योग केंद्र, 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था, ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी तथा एसोटेक बुलेवार्ड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की सुविधा होगी।

आवासीय इकाइयों में 8 फीट ऊंचे प्रवेश द्वार एवं आधुनिक मॉड्यूलर किचन की व्यवस्था की गयी है। एसबीआइ, पंजाब नेशनल बैंक एवं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त इस परियोजना में 2.5 बीएचके के फ्लैट 975 वर्ग फुट तथा 3 बीएचके के फ्लैट 1,470 वर्ग फुट के होंगे।

गौरतलब है कि वर्ष 1987 में स्थापित एसोटेक समूह ने अब तक छह राज्यों में 45 से अधिक परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं। समूह ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली एनसीआर, ओडिशा, झारखंड, उत्तराखंड एवं मध्य प्रदेश में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं विकसित की हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में 8 से ज्यादा माओवादी ढेर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मलकानगिरी जिले की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के टोडका जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ों में 8 से अधिक माओवादी मारे गये हैं। एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को बड़ी सफलता मिली।

## बजट सभी को लाभ और राहत देनेवाला है: लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**धनवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने आम आदमी किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और प्रत्येक क्षेत्र को समाहित करता यूनियन बजट 2025 प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और वर्ष 2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ते भारतवर्ष के कदमों की एक रूपरेखा है। देश के लाखों मध्यम आय वर्ग के टैक्स पेयर्स को राहत प्रदान करने के क्रांतिकारी कदम और कृषि उत्पादकता, किसान ऋण की सीमा बढ़ाने, देश में यूरिया का उत्पादन बढ़ाने की योजना लाकर किसानों का लाभ पहुंचाने वाला, उद्योग और टैक्स अनुमतियों में छूट देने की व्यवस्था, स्टार्टअप्स को लाभ देकर लघु और मध्यम उद्योगों को लाभ और जीवन रक्षक दवाइयों से टैक्स हटा कर मरीजों और उनके आश्रितों को राहत प्रदान करने वाला यह बजट सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के संकल्प को साकार करता है। आम आदमी को समर्पित इस क्रांतिकारी और अभूतपूर्व बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार और अभिनंदन।

## सीएम मोहन माझी ने 12 लाख तक शून्य आयकर के लिए धन्यवाद दिया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 12 लाख रुपये तक शून्य आयकर की घोषणा के लिए धन्यवाद दिया। ओड़िशा के सीएम माझी ने ट्वीट कर वित्त मंत्री को धन्यवाद देते हुए लिखा - नयी कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये तक शून्य आयकर की इस परिवर्तनकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निरमाला सीतारमण को हार्दिक धन्यवाद। यह दूरदर्शी कदम नागरिकों को सशक्त बनाता है, अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है और सभी के लिए उज्जवल वित्तीय अवसरों का मार्ग प्रशस्त करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में अपना आठवां केंद्रीय बजट पेश किया। उन्होंने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं लगेगा। मध्यम वर्ग अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, हमने समय-समय पर करों का बोझ कम किया है। मुझे अब यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं लगेगा।

# पूर्व तट रेलवे ने विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) ने अपने कर्मचारियों की असाधारण सेवा और समर्पण को सम्मानित करते हुए आज भुवनेश्वर के रेलवे सभागार में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 का भव्य समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में 49 रेलवे कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, साथ ही पूरे क्षेत्र के विभिन्न प्रभागों और स्टेशनों में कई दक्षता शील्डों का वितरण किया गया।

**49 रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया गया :** उनके निरंतर समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए 49 रेलवे कर्मियों को प्रतिष्ठित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल द्वारा दिया गया यह विशेष पुरस्कार संगठन के लक्ष्यों और लक्ष्यों को पूरा करने में उनके अथक प्रयासों को स्वीकार करता है।

**संबलपुर डिवीजन को समग्र दक्षता शील्ड दी गयी :** एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, संबलपुर डिवीजन को संचालन और सेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने में अपने अनुकरणीय प्रदर्शन को मान्यता देते हुए, समग्र दक्षता शील्ड से सम्मानित किया गया।

**सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ स्टेशन शील्ड :** खुर्दा रोड डिवीजन के अंतर्गत पुरी और हरिदासपुर स्टेशनों को उनके उत्कृष्ट स्वच्छता प्रयासों के लिए मान्यता दी गयी। पुरी स्टेशन को बड़े स्टेशन स्वच्छता शील्ड से सम्मानित किया गया और हरिदासपुर स्टेशन ने छोटे स्टेशन स्वच्छता शील्ड जीता।

इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने रेलवे कर्मियों को उनकी असाधारण प्रतिबद्धता और अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में 24/7 प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने परिचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए टीम वर्क और निरंतर समर्पण के महत्व पर जोर दिया। पूर्व तट रेलवे के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष कविता फूंकवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक महेश कुमार बेहेरा, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक बीके मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया और पुरस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि उप महाप्रबंधक केके खाड़ंगा ने कार्यक्रम का समन्वय किया और धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सड़क हादसे में तीन लोगों की हुई मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भद्रक शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गयी। नेशनल हाईवे 16 के चरंपा के पास डंफर को पीछे से एंबुलेंस ने टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। पिता का शव लेकर लौटते समय भीषण हादसे में एंबुलेंस में सवार बेटे, दामाद ओर चालक का मौत हो गयी। बहू को बचा लिया गया और गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। माना जा रहा है कि सभी मृतक बालेश्वर वोगराई इलाके के रहने वाले हैं। वह भुवनेश्वर के एक मेडिकल से अपने पिता का शव लेकर घर लौट रहे थे।


POPKORN cinemas
SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing




Schedule For 31st Jan., 2025 onwards!

at Screen-1 (Sujata)
Deva : 11.00, 2.00, 5.00, 8.00

at Screen-2 (Miniplex)
Deva : 10.30, 4.00, 7.00
Sky Force : 1.15

at Popkorn Cinemas
Deva : 10.00, 11.00, 1.00, 2.15, 4.15, 5.30, 7.30, 8.30

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.


# ओड़िशा : झारसुगुड़ा-लखनऊ उड़ान सेवा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** स्टार एयर ने ओड़िशा के झारसुगुड़ा स्थित वीर सुरेंद्र साईं हवाई अड्डे से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के लिए उड़ान सेवा शुरू की है। शनिवार को दिन के 3:20 बजे हैदराबाद से उड़ान भरकर यह विमान 4:08 बजे झारसुगुड़ा पहुंचा। कुछ देर बाद यह विमान करीब 4:35 बजे लखनऊ के लिए उड़ा। एयरपोर्ट डायरेक्टर संदीप कुमार तिवारी ने बताया कि यह उड़ान सेवा सप्ताह में चार दिन उपलब्ध रहेगी।

ओड़िशा सरकार की नयी गंतव्य नीति के तहत, झारसुगुड़ा-रायपुर-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-लखनऊ-झारसुगुड़ा पर सीधी उड़ानें शनिवार से शुरू हो गयी हैं। विभाग के अनुसार झारसुगुड़ा-रायपुर-झारसुगुड़ा मार्ग पर उड़ानें सोमवार, बुधवार और रविवार को उपलब्ध होंगी। इसी तरह झारसुगुड़ा-लखनऊ-झारसुगुड़ा मार्ग पर उड़ानें मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को उपलब्ध होंगी। क्षेत्रीय एयरलाइन ऑपरेटर स्टार एयर दोनों मार्गों पर उड़ान सेवाएं प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 30 दिसंबर 2024 को घोषणा की थी कि जनवरी से झारसुगुड़ा हवाई अड्डे को देश के चार और शहरों- हैदराबाद, लखनऊ, रायपुर और मुंबई में भी शुरू किया जायेगा।


कार्यालय, फुसरो नगर परिषद, (बोकारो)
( शुभकामना संदेश )
76वां गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) 2025 पर फुसरो नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



राजीव रंजन
प्रशासक
फुसरो नगर परिषद्
बोकारो



FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture



LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788


# एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025: एनआइटी जमशेदपुर टीम के विजयी होने के साथ रांची क्षेत्रीय राउंड का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची/भुवनेश्वर।** एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025 का क्षेत्रीय दौर एक फरवरी को रांची में हुआ। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड के प्रमुख इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों से 80 टीमों की भागीदारी देखी गयी। प्रतियोगिता बहुत कड़ी थी। इसमें प्रतिभागियों ने प्रौद्योगिकी से लेकर ऊर्जा और समसामयिक मामलों तक विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण ज्ञान का प्रदर्शन किया। दिन के अंत में एनआइटी जमशेदपुर की टीम, जिसमें शाम्यक और अनुराग शामिल थे, ने क्षेत्रीय दौर में शीर्ष स्थान हासिल किया। एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के अनिकेत और चिराग दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आइआइटी आईएसएम धनबाद के रोहन और हर्ष तीसरे स्थान पर रहे।

विजेताओं को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 30,000 रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को क्रमशः 20,000 और 10,000 रुपये मिले। इसके अलावा चौथे से छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 4,000 रुपये के सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बोलते हुए एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) और आरइडी (कोल माइनिंग) के सीइओ अनिमेष जैन ने बौद्धिक विकास और नवाचार को बढ़ावा देने में प्रश्नोत्तरी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीतना और हारना खेल का हिस्सा है। इलेक्ट्रॉन क्विज आयोजित करके हमारा लक्ष्य ऊर्जा और बौद्धिक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र के विकास को बढ़ावा देना जारी रखना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शिक्षा और उससे परे उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### राष्ट्रीय सेमीफाइनल तक का रास्ता


इस जीत के साथ शीर्ष दो टीमें- एनआइटी जमशेदपुर और एक्सएलआरआइ जमशेदपुर-अब 27-28 फरवरी 2025 को नोएडा में आयोजित होने वाले एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2025 के राष्ट्रीय सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आगे बढ़ेंगी। बौद्धिक प्रतिभा को बढ़ावा देने और युवाओं को आलोचनात्मक सोच और नवाचार में संलग्न करने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता रांची में आयोजित इलेक्ट्रॉन क्विज के क्षेत्रीय दौर में स्पष्ट थी। प्रतिभागियों ने मेजबान एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड और प्रसिद्ध क्विज मास्टर श्री को धन्यवाद देते हुए इस आयोजन की सराहना की। रोमांचक और निर्बाध तरीके से क्विज आयोजित करने और प्रतिभागियों के कौशल और ज्ञान का परीक्षण करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करने के लिए एनटीपीसी के जीएम (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) के एम प्रशांत को धन्यवाद।


JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)



प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन




कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**